हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • गुरुवार • 03.04.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 249 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### लालू प्रसाद की तबीयत बिगड़ी, दिल्ली रवाना

**पटना :** लालू प्रसाद यादव की बुधवार को तबीयत ज्यादा बिगड़ने के बाद पटना के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिवार के लोग इलाज के लिए उन्हें दिल्ली ले जाना चाहते हैं। लेकिन, पहले डॉक्टरों ने फिलहाल इसकी सलाह नहीं दी थी। लेकिन अब जानकारी आ रहा है कि राजद प्रमुख दिल्ली रवाना हो गए हैं। डॉक्टरों की सलाह पर राजद प्रमुख इलाज के लिए दिल्ली रवाना हो गए हैं। फिलहाल वे पटना के पारस अस्पताल में भर्ती थे। पटना से लालू प्रसाद को सरकारी विमान से पटना से दिल्ली ले जाया गया है। दिल्ली एम्स में वे इलाज के लिए भर्ती हो सकते हैं। तेजस्वी यादव का कहना है कि लालू यादव का ब्लड प्रेशर लो हो गया है और शुगर बढ़ गया है। इसके कारण उनकी परेशानी बढ़ी है। उनकी पिछले दो दिनों से तबीयत बिगड़ी हुई है। घर पर ही डॉक्टर उनका इलाज कर रहे थे।

### बुलढ़ाणा सड़क हादसे में छह लोगों की मौत, 23 से अधिक घायल

**मुंबई :** बुलढाणा जिले में शेगांव-खामगांव राजमार्ग पर खामगांव के पास बुधवार को सुबह हुए सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। इस घटना में घायल 23 लोगों का इलाज आकोला और खामगांव के सरकारी अस्पताल में हो रहा है, इनमें छह घायलों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस के अनुसार आज सुबह करीब साढ़े पांच बजे शेगांव से कोल्हापुर जा रही तेज रफ्तार बोलेरो एक एसटी बस से टकरा गई। उसी समय पीछे से आ रही एक निजी बस ने इन दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को टक्कर मार दी। इस तरह हादसे में तीन वाहनों की टक्कर में मौके पर ही पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक घायल की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है। मृतकों की पहचान धनेश्वर मरावी, कृष्णकुमार मोहन सिंह सरोटे, शिवपाल, शिवाजी समाधान मुंडे, मेहरुनिसा शेख हबीब और रंजीत वानखेड़े के रूप में हुई है।

### पाकिस्तानी सेना ने पुंछ की नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का किया उल्लंघन

**जम्मू :** पाकिस्तानी सेना ने भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश करते हुए जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में एलओसी पर गोलीबारी करके संघर्ष विराम का उल्लंघन किया है। इसके जवाब में भारतीय सैनिकों ने नियंत्रित और संतुलित जवाबी कार्रवाई की। जम्मू स्थित रक्षा पीआरओ लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने बुधवार को एक बयान में बताया कि पाकिस्तान की ओर से संघर्ष विराम का यह उल्लंघन मंगलवार को दोपहर 1.10 बजे हुआ। हालांकि, उन्होंने भारत की जवाबी कार्यवाही में पाकिस्तान की ओर से किसी के हताहत होने का कोई उल्लेख नहीं किया, लेकिन आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि विस्फोट और उसके बाद दोनों पक्षों के बीच हुई गोलीबारी में दुश्मन के पांच सैनिक घायल हो गए। दरअसल, 01 अप्रैल को नियंत्रण रेखा के पार पाकिस्तानी सेना की घुसपैठ के कारण कृष्णा घाटी सेक्टर में एक माइन ब्लास्ट हुआ। इसके बाद पाकिस्तानी सेना ने बिना उकसावे के गोलीबारी और संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। उन्होंने कहा कि हमारे सैनिकों ने नियंत्रित और संतुलित तरीके से प्रभावी ढंग से जवाब दिया।

# वक्फ संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश





**राज्यसभा में आज पेश किया जाएगा वक्फ संशोधन विधेयक**

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने बुधवार को लोकसभा में वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक पेश कर दिया। राज्यसभा में यह गुरुवार को पेश किया जाएगा। इस विधेयक को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच तनाव बढ़ गया है। सरकार इसे पारित कराने के लिए तैयार है, वहीं विपक्ष इसे असंवैधानिक बता रहा है। चर्चा के दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्ष को ललकारा। वक्फ बिल पर चर्चा के दौरान जब तृणमूल कांग्रेस के सांसद ने कहा बंगाल में आकर यही बात कहिएगा। तब शाह ने ललकाते हुए कहा, बंगाल में आकर कहूंगा कि यह राजनीतिक हिसाब किताब का अखाड़ा नहीं है। छाती ठोक कर कहूंगा ज्यादा सीटें आएंगी। शाह के बयान के बाद चर्चा चल ही रही थी कि इसी बीच संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू खड़े हुए उन्होंने कहा कि संसद देर रात तक चलेगी। इसलिए सभी सांसदों के लिए डिनर का इंतजाम किया गया है। हम सबने मिलकर तय किया है कि रात तक इस पर चर्चा करेंगे। बीजेपी का इरादा देर रात इस बिल को पास कराने हैं। कांग्रेस और विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, वक्फ का मतलब होता है अल्लाह के नाम पर संपत्ति का दान। यह इस्लाम के दूसरे खलीफा श्रीउमर के समय अस्तित्व में आया। यह एक प्रकार का चैरिट्रेबल एंडोमेंट है। सरकारी संपत्ति का दान नहीं कर सकते, उसी का कर सकते हैं जो हमारा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, अनजाने में या राजनीतिक कारणों से, विपक्षी सांसदों द्वारा कई गलत सूचनाएं फैलाई जा रही हैं। वक्फ का मतलब है 'अल्लाह के नाम पर धार्मिक दान के लिए दान'। वक्फ एक प्रकार का धर्मार्थ बंदोबस्ती है जिसे वापस लेने का कोई इरादा नहीं है। वक्फ बोर्ड में किसी गैर-मुस्लिम सदस्य को नियुक्त करने का कोई प्रावधान नहीं है। हम ऐसा नहीं करना चाहते। मुसलमानों के धार्मिक मामलों में कोई हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा।

चर्चा के दौरान सपा सांसद मोहिबुल्लाह ने सरकार से तीखे सवाल पूछे। उन्होंने कहा, हमें अपने संविधान के अनुसार किसी भी धर्म का पालन करने की अनुमति दी गई है। वक्फ संशोधन बिल समानता और धर्म के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है और इसे देश का दूसरा सबसे बड़ा बहुमत कभी स्वीकार नहीं करेगा। हमारे देश में सूफी संतों की समृद्ध परंपरा है और आप हमारे प्रार्थना करने के अधिकार को खतरे में डाल रहे हैं। क्या आप हमसे प्रार्थना करने का अधिकार भी छीन लेंगे। इसके बाद बीजेपी नेताओं ने उन्हें जवाब दिया।

इससे पहले नीतीश कुमार के सांसद ललन सिंह ने कहा, वक्फ बिल पर भ्रम फैलाया। बिल में सभी के साथ न्याय होगा। बिल में ऐसा कुछ भी नहीं है जो मुस्लिम विरोध दिखाता हो। उन्होंने ये भी कहा कि अगर आपको मोदीजी का चेहरा देखना पसंद नहीं तो मत देखिए मोदी की ओर। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, वक्फ बिल मुसलमानों से बहुत कुछ छीन लेगा। आप सौगात-ए-मोदी मत दीजिए, मुसलमानों को रोजगार दे दीजिए, उनकी छाती पर गोली मारना बंद कीजिए।

इसी बीच डीएमके सांसद ए राजा ने सरकार से पूछा कि आपको मुस्लिमों से जुड़ा इतना महत्वपूर्ण बिल पेश करना था, लेकिन एक भी मुस्लिम सांसद नहीं मिला जो इस बिल को पेश कर सके। उन्होंने कहा, रिजिजू इतनी बेतुकी कहानी कहने की हिम्मत कहां से मिली? अगर उन्होंने जो कुछ कहा वह जेपीसी रिपोर्ट से मेल खाता है, तो मैं इस्तीफा दे दूंगा। जेपीसी ने तमिलनाडु का दौरा किया और वक्फ संपत्तियों पर आपकी कहानी को ध्वस्त कर दिया। उन्हें इस बिल को पेश करने के लिए एक भी मुस्लिम सांसद नहीं मिला। आज यह तय होगा कि देश इस देश के धर्मनिरपेक्ष मूल सिद्धांतों पर चलेगा या सांप्रदायिक ताकतों पर।

### गरीबों और महिलाओं को हक दिलाने का प्रयास : बाबूलाल मरांडी



**रांची :** प्रदेश भाजपा ने वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक का स्वागत करते हुए इसे गरीब मुसलमानों और महिलाओं को उनके हक और अधिकार दिलाने वाला बताया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस समेत इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि जो पार्टियां मुस्लिम समाज और महिलाओं की प्रगति नहीं देखना चाहतीं, वही इस विधेयक का विरोध कर रही हैं। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड को भू-माफियाओं और लुटेरों के चंगुल से मुक्त कराकर गरीब मुसलमानों के हित में इस्तेमाल करना बहुत जरूरी है, लेकिन कुछ लोग इसे गरीब मुसलमानों के हित में इस्तेमाल करने की बजाय भू-माफियाओं की कठपुतली बनकर काम कर रहे हैं। यह दुखद है, उन्हें गरीब मुसलमानों की चिंता करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विधेयक कहीं से भी असंवैधानिक नहीं है।

### भाजपा के विचारों का होगा विरोध : केशव महतो कमलेश



उन्होंने कहा कि कांग्रेस वक्फ संशोधन विधेयक के विभिन्न प्रावधानों के विरोध में है। वक्फ बोर्ड परिषद में दो गैर मुस्लिम को शामिल करना, वक्फ ट्रिब्यूनल के स्थान पर सरकारी अधिकारी को विवाद निपटारे का अधिकार देना, वक्फ न्यायाधिकरणों के आदेशों को उच्च न्यायालय में अपील करने की अनुमति देने से वक्फ से संबंधित विवाद लंबे समय तक चलेंगे और न्याय की आस में लोग भटकते रहेंगे। उन्होंने कहा कि देश में भाजपा अपने एजेंडे के तहत इस संशोधन विधेयक को लायी है। भाजपा के विचारों का विरोध संवैधानिक ढांचे के अनुसार कांग्रेस करती रहेगी।

## जमशेदपुर में एलआईसी की दो शाखाओं में लाखों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित हिंदुस्तान बिल्डिंग के एलआईसी भवन के सीएबी और ब्रांच-2 में करीब 60 से 70 लाख की चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया गया है। इस दौरान शातिर चोरों के द्वारा हिंदुस्तान बिल्डिंग के सेकंड फ्लोर पर स्थित करियर एजेंट ब्रांच (सीएबी) और ब्रांच-2 के कार्यालय दोनों को ही अपना निशाना बनाया गया है और कार्यालय के सीनियर अधिकारी के दफ्तर में रखे मेन लॉकर को खोलकर लाखों की चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया है। इस दौरान चोरों के द्वारा बिल्डिंग के थर्ड फ्लोर पर स्थित ब्रांच-2 के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक राकेश रंजन सिन्हा के दफ्तर में रखे लॉकर का ताला खोलकर लाखों की चोरी की गयी है। इसके साथ ही सेकंड फ्लोर पर स्थित रोहित कुमार सेनापति के दफ्तर में रखे लॉकर का ताला भी खोलकर चोरों ने बड़ी रकम पर हाथ साफ किया है। इस दौरान कार्यालय में लगे तमाम सीसीटीवी कैमरे के डीवीआर को भी चोर अपने साथ उठा कर ले गये है। साथ ही अधिकारियों के दफ्तर के खिड़की टूटे हुए मिले है। बताया जा रहा है कि मार्च का क्लोजिंग डेट होने के कारण उक्त एलआईसी बिल्डिंग के दोनों ही ब्रांच में भरी रकम मौजूद थी। जिसे चोर अपने साथ उड़ा ले गये है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को शाम 5 बजे तक उक्त दोनों ब्रांचों में प्रतिदिन की तरह कार्य हुआ। इसके बाद अधिकारी अपने दफ्तर को लॉक करके चले गये। जिसके बाद कार्यालय बंद हुआ। वहीं, जब बुधवार की सुबह कार्यालय खुला तो दोनों ब्रांच दफ्तर के लॉकर खुले पाये गये। वहीं लॉकर में रखे लाखों नगद भी गायब थे। फिर सभी ने सीसीटीवी देखा तो पाया कि डीवीआर सिस्टम ही गायब है। इसके बाद सभी के कान खड़े हुए और पूरे मामले की सूचना बिष्टुपुर थाना की पुलिस को दी गयी। इधर, सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस फिलहाल जांच में जुटी है और कार्यालय के सीनियर अधिकारियों और कर्मियों से पूछताछ की जा रही है।

## पिठोरिया में सरहुल जुलूस के दौरान विवाद केंद्रीय सरना समिति ने गिरफ्तारी की मांग की



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची के पिठोरिया थाना क्षेत्र के हेड़ाबालू में सरहुल जुलूस के दौरान झालर को लेकर हुए विवाद में बुधवार को केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने प्रशासन से आरोपितों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 24 घंटे के भीतर गिरफ्तारी नहीं होती, तो पिठोरिया चौक को बंद कराया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि रांची के पिठोरिया थाना क्षेत्र के हेड़ाबालू में सरहुल को लेकर झालर लगाया था। सरहुल जुलूस के दौरान यह झालर जुलूस के झंडे से टूट गया था। इसके बाद जिन लोगों ने झालर लगाया था, वो भड़क गये। इसके बाद लोगों ने सरहुल जुलूस में शामिल लोगों पर मंगलवार को हमला कर दिया था। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट भी हुई थी। हालांकि गांव के कुछ प्रबुद्ध लोगों ने आगे आकर मामले को संभाला और मारपीट कर रहे महिलाओं और पुरुषों को खदेड़ा। घटना के बाद इलाके में स्थिति तनावपूर्ण हो गयी थी। इसको देखते हुए पुलिस की टीम लगातार कैंप कर रही है। इस घटना में पाहन सहित कई लोग घायल हुए थे।

### उपद्रवियों पर सख्त कारवाई करे रांची पुलिस : बाबूलाल मरांडी

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि हेमन्त सोरेन के शासन में एक विशेष समुदाय का दुस्साहस इतना बढ़ गया है कि रांची के पिठोरिया में सरहुल पर्व के उत्सव में बाधा पहुंचाई गई और पवित्र झंडे का अपमान किया गया। मरांडी ने तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री को एक बार फिर नौटंकी करनी चाहिए, जैसे उन्होंने पहले सरना स्थल आंदोलनकारियों पर मुकदमा दर्ज कर वाहवाही लूटी थी और फिर कार्रवाई रोक दी थी। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि अब आदिवासियों पर प्राथमिकी दर्ज कराइए और बाद में उसे निरस्त कर फिर से वाहवाही बटोरिए।भाजपा नेता ने कहा कि इस तरह की कुटिल राजनीति के जरिए आदिवासियों को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि न तो सरकार सरना स्थलों की रक्षा कर पा रही है और न ही सरहुल उत्सव की सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है। मरांडी ने रांची पुलिस से मांग की कि सरहुल जुलूस में बाधा डालने वाले उपद्रवियों पर बिना किसी देरी के सख्त कार्रवाई की जाए।

## भारतीय और रूसी नौसेनाओं का द्विपक्षीय अभ्यास 'इंद्र' हुआ पूरा

**जटिल सामरिक युद्धाभ्यास, हवाई तथा सतही लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित किया गया**

एजेंसी



**नयी दिल्ली :** भारतीय और रूसी नौसेनाओं का द्विपक्षीय अभ्यास 'इंद्र' बुधवार को खत्म हो गया। दो चरणों में हुआ यह अभ्यास समुद्री सहयोग का प्रतीक बन गया है, जो दोनों देशों की नौसेना की अंतर-संचालन क्षमता और परिचालन तालमेल को बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। चेन्नई के तट और बंगाल की खाड़ी में दोनों नौसेनाएं जटिल सामरिक युद्धाभ्यास, हवाई तथा सतही लक्ष्यों पर संयुक्त अभ्यास में शामिल हुईं।

वर्ष 2003 में शुरू हुआ भारत और रूस के बीच स्थायी समुद्री साझेदारी का प्रतीक यह अभ्यास दोनों नौसेनाओं के बीच दीर्घकालिक रणनीतिक संबंधों का प्रतीक है। भारत-रूस द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास इंद्र का 14वां संस्करण 28 मार्च से चेन्नई के तट पर ?शुरू हुआ था। दोनों देशों के जहाजों ने बंदरगाह चरण की शुरूआत की और 30 मार्च तक अभ्यास किया। बंदरगाह चरण में विषय वस्तु विशेषज्ञ आदान-प्रदान, पारस्परिक दौरे, खेल कार्यक्रम और दोनों नौसेनाओं के कर्मियों के बीच प्री-सेल ब्रीफिंग हुई।

इसके बाद बंगाल की खाड़ी में समुद्री चरण 31 मार्च से 02 अप्रैल तक चला। समुद्री चरण में उन्नत नौसैनिक अभ्यास हुए, जिसमें सामरिक युद्धाभ्यास, लाइव हथियार फायरिंग, एंटी-एयर ऑपरेशन, अंडरवे रिप्लेनिशमेंट, हेलीकॉप्टर क्रॉस-डेक लैंडिंग और सी-राइडर्स का आदान-प्रदान शामिल रहा। इस अभ्यास में रूसी नौसेना के जहाज पेचंगा, रेज्की और अलदार त्सिडेंझापोव के साथ-साथ भारतीय नौसेना के जहाज राणा, कुथार और समुद्री गश्ती विमान पी8आई ने हिस्सा लिया।

दो चरणों में हुआ यह अभ्यास समुद्री सहयोग का प्रतीक बन गया है, जो दोनों देशों की नौसेना की अंतर-संचालन क्षमता और परिचालन तालमेल को बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इन अभ्यासों और बातचीत का उद्देश्य समुद्री सहयोग को बढ़ाना, मैत्री संबंधों को मजबूत करना, सर्वोत्तम परिचालन प्रथाओं का आदान-प्रदान करना तथा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों को मजबूत करना था।

### नौसेना ने पश्चिमी हिंद महासागर में 2500 किलोग्राम नशीले पदार्थ किए जब्त

**नयी दिल्ली :** पश्चिमी नौसेना कमान के फ्रंटलाइन फ्रिगेट आईएनएस तरकश ने पश्चिमी हिंद महासागर में एक संदिग्ध नाव पर 2500 किलोग्राम से अधिक नशीले पदार्थों को जब्त किया है। भारतीय नौसेना ने जनवरी से समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए पश्चिमी हिंद महासागर में आईएनएस तरकश तैनात किया है, जो संयुक्त टास्क फोर्स का सक्रिय रूप से समर्थन कर रहा है। बहरीन में चलाया जा रहा यह अभियान संयुक्त समुद्री बलों का हिस्सा है। भारतीय फ्रंटलाइन फ्रिगेट बहुराष्ट्रीय बलों के संयुक्त फोकस ऑपरेशन 'एन्जैक टाइगर' में भाग ले रहा है। इसी गश्त के दौरान 31 मार्च को भारतीय नौसेना के समुद्री टोही विमान पी-8आई से क्षेत्र में संचालित संदिग्ध जहाजों के बारे में कई इनपुट मिले। ये जहाज मादक पदार्थों की तस्करी सहित अवैध गतिविधियों में शामिल थे। जवाबी कार्यवाही करने के लिए आईएनएस तरकश ने संदिग्ध जहाजों को रोकने के लिए तत्काल अपना रास्ता बदल दिया। जहाज ने आस-पास के सभी संदिग्ध जहाजों से पूछताछ करने के बाद मुंबई में समुद्री संचालन केंद्र के साथ समन्वित प्रयासों के कारण एक संदिग्ध नाव को रोका। इसके बाद भारतीय युद्धपोत ने संदिग्ध जहाज की गतिविधियों पर नजर रखने और क्षेत्र में संचालित होने वाले अन्य जहाजों की पहचान करने के लिए अपने हेलीकॉप्टर को लॉन्च किया। मरीन कमांडो के साथ एक विशेषज्ञ बोर्डिंग टीम संदिग्ध जहाज पर चढ़ी और गहन तलाशी ली। इस दौरान कई सीलबंद पैकेट मिले। आगे की तलाशी में जहाज पर अलग-अलग कार्गो होल्ड और डिब्बों में 2,500 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ पाए गए, जिसमें 2386 किलोग्राम हशीश और 121 किलोग्राम हेरोइन थी। संदिग्ध नाव को आईएनएस तरकश के नियंत्रण में लेकर चालक दल के सदस्यों से विस्तृत पूछताछ की गई।

## जमशेदपुर के 78 निजी विद्यालयों को मनमाना फीस लेने के आरोप में नोटिस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** निजी विद्यालयों द्वारा मनमाने तरीके से लिए जा रहे शुल्क को लेकर पूर्वी सिंहभूम के जिला शिक्षा अधीक्षकक ने 78 प्राइवेट स्कूलों को नोटिस जारी किया है। इन स्कूलों को कतिपय बिंदुओं पर तीन दिनों के भीतर जवाब देने को कहा गया है। इधर सिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने फिर दुहराया है कि वह मनमाने ढंग से फीस लेने के मामले में कड़ी कार्रवाई करेंगे। साथ ही आरोप लगाया है कि निजी विद्यालयों पर अंकुश लगाने के लिए 2017 में तत्कालीन रघुवर दास की सरकार के समय कानून बनाया गया था। लेकिन उस कानून को डबल इंजन की सरकार ने ठंढे बस्ते में डाल दिया। हालांकि शिक्षा मंत्री को कौन बताए कि 2019 से झारखंड में उनकी कही सरकार है। इंडिया गठबंधन की सरकार है।

जिला शिक्षा अधीक्षक के पत्र में स्कूल भवन का उपयोग केवल शैक्षणिक कार्यों के लिए किए जाने की बात कही गयी है। बताया गया है कि झारखंड शिक्षा न्यायाधिकार अधिनियम 2017 के अनुसार स्कूल परिसर में किताब या अन्य स्कूली सामग्रियों को बेचना अनुचित है। स्कूल परिसर या किसी खास दुकान से शिक्षा सामग्री लेने के लिए स्कूल प्रबंधन छात्र या उनके अभिभावक को प्रेरित या बाध्य नहीं कर सकता है।

जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा निजी विद्यालयों को जारी पत्र में आय व्यय का आंकड़ा भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। बेहतर आय के बाद भी स्कूल फी में बढोत्तरी पर चिंता व्यक्त की गयी है। साथ ही स्कूल प्रबंधन को तथ्यों के साथ जवाब देने का निर्देश दिया गया है। तीन साल का ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

## एक नजर

### झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में 7वां स्थापना दिवस मनाया गया

**बड़कागांव :** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक बड़कागांव शाखा में 7वाँ स्थापना दिवस मनाया गया प्रबंधक राजेंद्र राय के द्वारा केक काटकर शुरूआत करते हुए ग्राहकों को मिठाई खिलाए। अपने शाखा के विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिए। साथ ही इन्होंने कहा कि ग्राहकों के लिए सभी तरह के सुविधा उपलब्ध है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्ण राम सांसद सह प्रतिनिधि, चेपकलां पंचायत के पंचायत समिति सदस्य ने कहा कि झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक मुख्य रूप से जुगरा में 1984 से शुरूआत हुई और आज बड़कागांव में स्थापित होकर बहुत विकसित हुआ और हमारे क्षेत्र के ग्रामीणों को सभी सुविधाएं मिला है। आगे इन्होंने कहा कि बैंक के सभी अधिकारी बहुत अच्छे और काम करनेवाले है। मौके पर विधानसभा सांसद सह प्रतिनिधि कृष्ण राम, प्रबंधक राजेंद्र राय, कैशियर अजित कुमार, आदेशपाल गणेश पासवान, निशा कुमारी बैंक सखी, फुलेश्वर महतो, बालेश्वर साव, योगेंद्र मिश्रा,मो अजाज, मो मैना, राज किशोर राणा,अरुण सिन्हा, खिरोधर राम, बिनोद साव, रिंकी देवी, शोभा देवी, सरिता देवी, उपस्थित थे।

### बिहिप ने मनाया रामोत्सव

**झुमरीतिलैया :** विश्व हिंदू परिषद के झुमरी तिलैया नगर इकाई द्वारा गाँधी स्कूल रोड स्थित गैस गोदाम गली के शिव मन्दिर मे धूम-धाम से रामोत्सव मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता मातृशक्ति नगर संजोजिका प्रभा देवी ने किया ।जबकि संचालन पूनम वर्णवाल ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विभाग गौ रक्षा प्रमुख अजय कुमार वर्मा ने रामोत्सव,हिंदू नववर्ष और नवरात्रा पर बिस्तृत जानकारी देते हुए सभी उपस्थित कार्यकर्ताओ को बधाई दी। श्री वर्मा ने अपने उद्बोधन मे कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम सिर्फ एक राजा और योध्दा ही नहीं थे वल्कि उन्होंने अपने राष्ट्र और विश्व के लिए ऐसा काम किये की वो हर व्यक्ति के लिए प्रेरणादायक है। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप मे नगर मंत्री बिनय सिन्हा ने धर्मान्तरण और लव जिहाद और चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदू समाज को इस पर जागरूक होने की आवश्यकता है।

### श्री श्याम सेवा मंडल का चतुर्थ संकीर्तन संपन्न

**झुमरीतिलैया :** श्री श्याम सेवा मंडल का चतुर्थ संकीर्तन गांधी स्कूल रोड निवासी रितेश सिन्हा के निवास स्थल पर सम्पन्न हुआ। जिसमें बाबा का भव्य दरबार सजाया गया। ज्योत के साथ मनोरम श्रृंगार, इत्र वर्षा, छप्पन भोग के साथ महाप्रसाद की व्यवस्था की गई थी ।वहीं कार्यक्रम में यजमान के रूप में रितेश सिन्हा व उनकी धर्मपत्नी शामिल हुई। जबकि पूजा-अर्चना गौतम पांडेय ने कराया। कार्यक्रम की शुरूआत रिद्धि सिद्धि के दाता शंकर... गणेश वंदना के साथ हुई। उसके बाद भजन गायक श सत्यम कुमार ने बजाए जा तू प्यारे हनुमान चुटकी...कर भरोसा श्याम पर... जैसे भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। तत्पश्चात कार्यक्रम के आमंत्रित गायक कलाकार गौतम राठौर ने लगातार अपने भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया ।कार्यक्रम का संचालन बड़ी सुंदर तरीके से गिरधारी सोमानी ने की। कार्यक्रम के बीच मे मंडल के 52 सेवादारों के बीच लक्की ड्रा का आयोजन किया गया जिसने सेवादार बिनय कुमार के नाम की पर्ची निकली और उन्हें श्री श्याम सेवा मंडल का नाम लिखा हुआ 10 ग्राम का चांदी का सिक्का उपहार स्वरूप दिया गया ।कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों को भी मंडल के द्वारा सम्मनित किया गया।

# नशामुक्त रामनवमी के लिए हजारीबाग के हर किसी को आगे आना चाहिए : प्रशांत कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग :** रामनवमी संरक्षण समिति, हजारीबाग के तत्वावधान में मंगलवार को बड़ा अखाड़ा परिसर में प्रेस एवं मीडिया कर्मियों के सम्मान सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष प्रशांत प्रधान ने की। सम्मान समारोह के दौरान मीडिया कर्मियों को तलवार, अंगवस्त्र और कलम देकर सम्मानित किया गया। समारोह में प्रशांत कुमार प्रधान ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होते हैं और वे जनता तक सही एवं सटीक जानकारी पहुंचाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि रामनवमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि शक्ति, समर्पण और आस्था का प्रतीक है, जिसे बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। समिति हर वर्ष इस तरह के आयोजनों के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश देने का कार्य करती है। प्रशांत कुमार प्रधान ने जानकारी दी कि अष्टमी के दिन अखाड़ा धारियों को बड़ा अखाड़ा परिसर में लाठी और तलवार भेंट की जाएगी। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जिसका उद्देश्य युवाओं में जोश और परंपराओं के प्रति सम्मान बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि रामनवमी जुलूस में शामिल होने वाले अखाड़ा धारी इस शस्त्र पूजन को एक महत्वपूर्ण अवसर मानते हैं और इसे गर्व के रूप में लेते हैं।

**5 और 6 अप्रैल को होगा कुश्ती और कराटे का प्रदर्शन**

रामनवमी संरक्षण समिति द्वारा आयोजित आगामी कार्यक्रमों की जानकारी साझा करते हुए प्रशांत प्रधान ने बताया कि 5 अप्रैल और 6 अप्रैल को विभिन्न राज्यों के एक दर्जन से अधिक पहलवान कुश्ती और दंगल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर के पहलवानों के बीच होगी, जिसमें हजारीबाग और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी कई प्रतिभाशाली पहलवान शामिल होंगे। इसके अलावा, स्थानीय लोगों द्वारा कराटे का भी विशेष प्रदर्शन किया जाएगा। कराटे प्रदर्शन में युवाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए जाएंगे, जिससे वे अपने आत्मविश्वास को बढ़ा सकें और किसी भी विपरीत परिस्थिति में खुद का बचाव कर सकें। कराटे प्रदर्शन में विशेष रूप से बच्चों और किशोरों को शामिल करने की योजना बनाई गई है, ताकि वे बचपन से ही आत्मरक्षा का महत्व समझ सकें।

**नशा मुक्ति का दिया संदेश**

कार्यक्रम के दौरान प्रशांत कुमार प्रधान ने युवाओं से नशा से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशा हमारे मन, मस्तिष्क और शरीर के लिए बेहद हानिकारक है। यह न केवल व्यक्ति की सेहत को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक जीवन पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि वे खेलकूद और शारीरिक गतिविधियों में भाग लें और अपने शरीर को मजबूत बनाएं। आगे उन्होंने रामनवमी अखाड़ा धारियों से अपील करते हुए कहा कि रामनवमी जुलूस देखने आए लोगों का हर संभव सहयोग करें खास कर महिलाओं का सम्मान करते हुए उनका सहयोग करें जो हमारी परम्परा रही है। आने वाले समय में रामनवमी को राजकीय महोत्सव का दर्जा मिलेगा जिसके लिए हर एक को अपनी जिम्मेवारी सुनिश्चित करनी है। रामनवमी संरक्षण समिति के संरक्षक राजकुमार गोप ने कहा कि हर वर्ष इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से समाज में जागरूकता लाने का कार्य करती है। समिति का उद्देश्य युवाओं को परंपराओं से जोड़ना, खेलकूद को बढ़ावा देना और सामाजिक बुराइयों से बचाव के प्रति जागरूक करना है। समिति के इस प्रयास की उपस्थित सभी लोगों ने सराहना की और आशा व्यक्त की कि आगे भी ऐसे कार्यक्रम होते रहेंगे।

## चौपारण के जंगलों में लगी आग, वन्य जीव-जंतुओं और पर्यावरण को भारी नुकसान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** प्रखंड क्षेत्र के जंगलों में लगातार आग लगने की घटनाएं सामने देखने को मिल रही हैं, जिससे पर्यावरण और वन्य जीव-जंतुओं को भारी नुकसान पहुंच रहा है। ताजा मामला केसठ जंगल का है, जहां बीती रात भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम सक्रिय हो गई और वनपाल पंकज कुमार के नेतृत्व में कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। वनपाल पंकज कुमार ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि महुआ एकत्र करने वाले कुछ लोग और असामाजिक तत्व जानबूझकर जंगलों में आग लगा रहे हैं। ऐसी घटनाओं से न सिर्फ वन्य जीव-जंतुओं और पेड़ों पर असर पड़ रहा है, बल्कि भीषण गर्मी और जल संकट का खतरा भी बढ़ गया है। वन विभाग ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और आग लगाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। साथ ही स्थानीय लोगों से भी वनों की सुरक्षा में सहयोग करने की अपील की है। अधिकारियों ने बताया कि अगर जंगलों में आग लगने की घटनाओं पर रोक नहीं लगी तो आने वाले दिनों में पर्यावरण असंतुलन और भीषण गर्मी की समस्या गंभीर हो सकती है। वन प्रशासन अब ऐसे मामलों पर सख्त कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है ताकि जंगलों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## ईद मिलन समारोह में दिखी सामाजिक एकता और पेश की भाईचारे की मिसाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जयनगर :** प्रखंड मुख्यालय स्थित मस्जिद मोहल्ला में ईद के मौके पर मुस्लिम समाज के द्वारा ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान समारोह में सामाजिक एकता की अनूठी मिसाल देखने को मिली कार्यक्रम में हिंदू और मुस्लिम समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजद नेता सुभाष यादव शामिल हुए ।इस दौरान लोगों ने एक दूसरे से गले मिल कर ईद की बधाई दी ।लोगो ने एक साथ मिल कर सेवाई के साथ विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का लुप्त उठाया। यह कार्यक्रम सांप्रदायिक सौहार्द का प्रतीक बना। इससे समाज में एकता और भाईचारे की भावना को बल मिलेगा। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में नई सोच को बढ़ावा मिलेगा। यह पहल सामाजिक एकता को मजबूत करने में मददगार साबित होगी। मौके पर पिंकू सहाय, अरशद खान, नौनित ओझा, श्यामदेव यादव, इस्लाम अंसारी, बिरेंद्र पांडे, डॉक्टर जावेद, नौशाद आलम, असरफ अली, सुरेंद्र भाई मोदी,पवन सिंह,राजनारायण सिंह, सुनील सिंह, खलील अंसारी, कुंदन गुप्ता, शाहनूर अलम, अरमान खान,तसौवर खान,कैलाश प्रसाद, खगेंद्र राम, शिवशंकर वर्णवाल, गालिब मंसूरी, सलीम खान, विनोद गुप्ता, फैजुला खान,इरफान अंसारी, देवनारायण यादव सहित सैकड़ों अतिथियों ईद की बधाई दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुखिया कौसर खान,अरमान खान, फिरोज हयात खान, रहमत खान, अफसर खान, बॉक्सर खान, महफूज खान, शाहनवाज खान, नौशाद खान, जहांगीर खान, जमाल खान, इबरार अहमद, नसीम खान, तस्मीर खान, मेराज खान, अब्दुल हफीज, मिनहाज खान सहित अन्य ने अहम भूमिका अदा की।

## 200 से अधिक मंदिरों में हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम जन्मोत्सव रामनवमी मनाने हेतु हजारीबाग के रामभक्तों में गजब का उमंग एवं उत्साह है। बुधवार को चैत्र शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को जिले भर दो सौ से अधिक मंदिरों में एक साथ मनोकामना सिद्धि अनुष्ठान हनुमान चालीसा सामुहिक पाठ का आयोजन किया गया। सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ में बड़ी संख्या में सनातन प्रेमियों ने अपने अपने क्षेत्र के मंदिरों में हनुमान चालीसा पाठ किया। आयोजन मंडली के संजय उपाध्याय ने कहा की सामुहिक हनुमान चालीसा के पाठ हर वर्ष की परंपरा को बरकरार रखकर पंचमी तिथि की विधिवत पूजा-अर्चना किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने पाठ में हिस्सा लिया तथा महावीरी पताखा का ध्वजारोहण भी किया गया। उन्होंने कहा की सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ के बाद आरती किया गया तथा श्रद्धालुओं के बीच फल फ्रूट्स और शरबत का वितरण किया गया। आयोजन मंडली के विकास लाल गुप्ता ने कहा की रामभक्तों ने प्रभु श्री राम एवं हनुमान का स्मरण कर स्वेच्छा व इच्छानुरूप संख्या में हनुमान चालीसा पाठ पढकर बल-बुद्धि एवं मनोकामना पूर्ण होने का आशिर्वाद मांगा। उन्होंने बताया की लगभग दो दशक से अधिक समय से इस तरह के आयोजन मनोकामना सिद्धि अनुष्ठान टीम के द्वारा किया जा रहा है। बुधवार को हजारीबाग के दो सौ से अधिक मंदिरों में एक साथ मनोकामना सिद्धि अनुष्ठान हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया जिसमें शहरी क्षेत्र के अलावा इचाक, कटकमसांडी, कटकमदाग, टाटी झरिया, दारु, पदमा, बरही के मंदिरों में पाठ किया गया। मनोकामना सिद्धि अनुष्ठान हनुमान चालीसा पाठ में बड़ा अखाड़ा महंत विजयानंद दास, विनय प्रसाद, संगीत सोनल, प्रभात सिन्हा, विवेक वारियर, मनोज भगत, बैलून साव, मुकेश गुप्ता, राजेश गुप्ता, रामजी गुप्ता भास्कर उपाध्याय, रिंकु कुमार सुबोध साधक आनंदी पाण्डे आदि का विशेष सहयोग रहा।

## चौपारण में निकला भव्य मंगला जुलूस, राममय हुआ चौपारण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** मंगलवार को चौपारण में ब्लॉक मोड़ स्थित दुर्गा मंडप के पास भव्य मंगला जुलूस निकाला गया। इस आयोजन में सैकड़ों राम भक्तों ने पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र के साथ भाग लिया और जय श्री राम के नारों से पूरा नगर भक्तिमय हो गया। जुलूस में भगवा ध्वज लहराते श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों की गूंज और भक्ति संगीत के बीच नाचते-गाते नजर आए। मंगला जुलूस ब्लॉक मोड़ से प्रारंभ होकर चैथि मोड़, चतरा मोड़ होते हुए पुनः ब्लॉक मोड़ पर आकर संपन्न हुआ। पूरे मार्ग में राम भक्तों का जोश देखते ही बनता था। श्रद्धालु तलवार, भाले और गदा जैसे प्रतीकात्मक अस्त्र-शस्त्रों के साथ शामिल हुए और "जय श्री राम" एवं "हर हर महादेव" के गगनभेदी नारों से माहौल भक्तिमय हो गया। इस भव्य जुलूस के दौरान प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस बल को प्रमुख स्थानों पर तैनात किया गया। जिससे कोई अप्रिय घटना न हो। यातायात प्रबंधन भी सख्ती से किया गया ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## ऑपरेशन सतर्क के तहत हुई कार्रवाई, शराब के साथ तीन गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** सहायक उप निरीक्षक/ओम प्रकाश सिंह साथ आरक्षी/ जितेन्द्र कुमार 1 तथा आरक्षी/ जितेन्द्र कुमार 2 सभी रेसुब, पोस्ट, कोडरमा के बल सदस्य कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म सं0 04/05 पर गस्त कर रहे थे। गस्ती के क्रम में जब उक्त प्लेटफॉर्म पर स्थित रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट कोडरमा के बगल वाले यात्री शेड के पास पहूँचे तो तीन व्यक्तियों को पिठ्ठु बैग के साथ संदिग्ध अवस्था में देखा गया। संदेह होने पर उसके पास जाकर पूछताछ किया गया। तो उसने अपना नाम व पता क्रमशः (1) अभिषेक कुमार, उम्र करीब 19 वर्ष, पिता- राजीव शर्मा, पता-नदौल, थाना- मसौढ़ी, जिला- पटना (बिहार), (2) हिमांशु कुमार, उम्र करीब 20 वर्ष, पिता- प्रेम प्रकाश सिंह, जिला- पटना (बिहार) तथा (3) किशन कुमार, उम्र करीब 22 वर्ष,पिता- संजय प्रसाद, पता-किंजर, थाना- किंज, जिला- अरवल (बिहार) बताया। जब अभिषेक कुमार के कब्जे वाले ब्लू रंग के पिठ्ठु बैग को खोलकर चेक किया गया। तो उसमें रखा हुआ (1) 04 अदद मैजिक मोमेंट्स रीमिक्स ऑरेंज फ्लेवर्ड वोदका जिसमें प्रत्येक की क्षमता 750 मिली0 व कीमत 740/- रुपए अंकित पाया गया। हिमांशु कुमार के कब्जे वाले ग्रे रंग के पिठ्ठु बैग को खोलकर चेक किया गया तो (2) 04 अदद मैजिक मोमेंट्स रीमिक्स ऑरेंज फ्लेवर्ड वोदका जिसमें प्रत्येक की क्षमता 750 मिली0 व कीमत 740/- रुपए अंकित पाया गया तथा जब किशन कुमार के कब्जे वाले काला रंग के पिठ्ठु बैग को खोलकर चेक किया गया तो उसमें रखा हुआ (3) 04 अददमैजिक मोमेंट्स रीमिक्स ऑरेंज फ्लेवर्ड वोदका जिसमें प्रत्येक की क्षमता 750 मिली0 व कीमत 740/- रुपए अंकित पाया गया। उक्त तीनों व्यक्तियों से शराब की बोतलों के बाबत पूछताछ किया गया तो उसके द्वारा बताया गया कि हमलोग बेरोजगार हैं इसलिए इसे बिहार ले जाकर अधिक दामों में बेच कर इससे लाभ कमाता हूँ। शराब की बोतलों के बाबत न तो कोई कागजात दिखाया और ना ही संतोषप्रद जबाब दिया। जिसके बाद मौके पर उपस्थित गवाहों के समक्ष सहायक उप निरीक्षक/ओम प्रकाश सिंह, रेसुब पोस्ट कोडरमा के द्वारा उपर्युक्त शराब की बोतलों को जप्ती सूची बनाते हुए जप्त किया गया तथा पकड़े गये तीनों व्यक्तियों का गिरफ्तारी ज्ञापन बनाते हुए गिरफ्तार किया गया तथा अग्रिम कार्यवाही वास्ते रेसुब पोस्ट कोडरमा पर लाया गया। जब्त सभी अंग्रेजी शराब की कुल क्षमता 9000 मिली0 व कुल कीमत 8880/- रुपए आंका गया। गिरफ्तार अभियुक्त एवं जब्त शराब को अग्रिम कानूनी कार्यवाही वास्ते उत्पाद विभाग कोडरमा को सुपुर्द कर दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### हेमन्त सोरेन के विकास कार्यो से प्रेरित होकर सैकड़ों युवाओं ने झामुमो का थामा दामन



**हजारीबाग :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के प्रति समर्थन का एक बड़ा संकेत देते हुए हजारीबाग के सैकड़ों लोगों ने रांची में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विकास कार्य और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन की त्याग तपस्या से प्रेरित होकर ये लोग जेएमएम से जुड़े। सदस्यता ग्रहण समारोह में जेएमएम के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे ने पट्टा ओढ़ाकर सभी नवागत सदस्यों को पार्टी में शामिल किया। इस मौके पर रामचंद्र कुमार ने कहा, अभी सैकड़ों लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल होकर अपनी निष्ठा दिखाई है। आने वाले समय में यह संख्या हजारों तक पहुंचेगी। हेमंत है तो हिम्मत है, और यह अब धरातल पर भी स्पष्ट रूप से दिख रहा है। देवेंद्र कुमार ने भी अपनी भावनाएं साझा करते हुए कहा, श्यह झारखंड की क्षेत्रीय पार्टी है, और हेमंत सोरेन की कार्यशैली तथा उनकी युवा सोच से प्रभावित होकर मैंने यह निर्णय लिया है। मेरा उद्देश्य कार्यकर्ता बनकर पार्टी की सेवा करना है, पद की कोई लालसा नहीं है।

### झामुमो का 46वां स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर अध्यक्ष संजय सिंह ने किया दौरा

**बड़कागांव :** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की 4 अप्रैल को हजारीबाग जिला स्कूल प्रांगण में 46 वें स्थापना दिवस मनाने को लेकर बड़कागांव का दौरा किया। कई पंचायत में जाकर झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकताओं से मुलाकात कर स्थापना दिवस में आने की निमंत्रण दिया गया। संजय सिंह ने बड़कागांव प्रखंड के अलावा केरेडारी एवं कटकमदाग का भी दौरा किया। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस को लेकर तैयारी लगभग पूरी हो गई है। इस कार्यक्रम में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन, कैबिनेट मंत्री योगेंद्र प्रसाद विधायक मथुरा प्रसाद,झामुमो केंद्रीय महासचिव सह मंत्री दर्जा प्राप्त विनोद कुमार पांडे, झामुमो केंद्रीय महासचिव सह दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा एवं झामुमो हजारीबाग जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया उपस्थित होंगे। दौरा में मुख्य रूप से झामुमो मीडिया प्रभारी सह जिला सोशल मीडिया प्रभारी संजय भुईयां,कटकमदाग प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र बांडो, सचिव राजकुमार, पंकज करमाली, सूरज वर्मा, दीपक साव, इंद्रदेव राम, राजेंद्र भुईयां, शंकर साव, चूरामन गंझु, काली महतो, संदीप नायक, बसंत ठाकुर के अलावा अन्य उपस्थित थे।

### श्री रामराज्य महोत्सव झंडा शोभा यात्रा का हुआ भव्य आयोजन



**हजारीबाग :** बुधवार को सनराइज ग्रुप, हजारीबाग के तत्वावधान में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ श्री रामराज्य महोत्सव झंडा शोभा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। इस भव्य यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिससे पूरा नगर राममय हो उठा। शोभायात्रा का उद्देश्य श्रीराम के आदर्शों, सनातन संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रचार-प्रसार करना था। यात्रा का शुभारंभ काली बाड़ी, दुर्गा मंडप और भगत सिंह चौक से हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से भगवान श्रीराम का स्मरण कर जयकारे लगाए। शोभायात्रा में शामिल भक्तों ने रामनाम संकीर्तन करते हुए पूरे हजारीबाग को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। इस आयोजन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह इस शोभायात्रा में शामिल हुए। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित किया करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्श हमें एक न्यायपूर्ण और समरस समाज की ओर ले जाते हैं। उन्होंने इस आयोजन को सामाजिक एकता और संस्कृति का प्रतीक बताते हुए सनातन मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया। जबकि उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ पदयात्रा कर भक्ति और आस्था का परिचय दिया। उनके नेतृत्व में यात्रा ने धार्मिक समरसता और एकता का अनूठा संदेश दिया। श्रद्धालुओं ने मुन्ना सिंह के साथ मिलकर भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए, जिससे नगर भक्तिमय वातावरण में रम गया। उन्होंने कहा कि रामराज्य की परिकल्पना को साकार करने के लिए धार्मिक मूल्यों, नैतिकता और सामाजिक समरसता को अपनाना आवश्यक है। उन्होंने इस आयोजन को धार्मिक मूल्यों और संस्कृति को मजबूत करने वाला बताते हुए सनराइज ग्रुप को भव्य आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के समापन पर मुन्ना सिंह के नेतृत्व में श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के गगनभेदी उद्घोष के साथ शोभायात्रा का समापन किया।

### सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ वार्षिक परिणाम पत्र वितरण कार्यक्रम



**हजारीबाग :** शहर के मालवीय मार्ग स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिक परिणाम पत्र वितरण कार्यक्रम बुधवार को आयोजन हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि ओम आरोहणम् संस्थान की संस्थापिका सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता शामिल हुई। विद्यालय प्रबंधन द्वारा शॉल एवं बुकें भेंटकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। अतिथि वंदन एवं अभिवादन कर काफी अभिभूत हुई। भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने बच्चों को परिणाम पत्र वितरण कर शुभकामनाएं दी एवं उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान रामनवमी पर्व के अवसर पर विद्यालय समिति एवं शिक्षकों को भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने तलवार भेंट की। रामनवमी पर्व की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर ओम आरोहम संस्थान के संस्थापिका सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य है। अच्छे संस्कार के साथ बेहतर शिक्षा प्रदान करना विद्या विकास समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की सभी विद्यालयों की हमेशा परंपरा रही है। विद्यालय में अध्ययनरत बच्चे अपनी संस्कृति, संस्कार एवं शिक्षा दिक्षा प्राप्त कर देश के प्रमुख पदों में अपना योगदान दे रहें हैं। मौके पर विद्यालय प्रबंधकीय समिति के सचिव एवं पूर्व जिला संघ चालक ज्ञानचंद प्रसाद मेहता, सेवा भारती के जिला संयोजिका सत्यभामा, प्रकाश जनसेवा संस्थान के संयोजिका रानी शुक्ला, विद्यालय समिति के कोषाध्यक्ष बादल गोयल, आमंत्रित सदस्य अशोक मल्लिक, सह सचिव सौरभ अग्रवाल, सदस्य दीपक खण्डेलवाल, ऋचा प्रिया सिन्हा एवं प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा सहित कई शिक्षक एवं प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### अल्पसंख्यकों को कमजोर करने की साजिश : राजद

रांची : प्रदेश राजद ने वक्फ संशोधन बिल को असंवैधानिक बताया है। इस संबंध में बुधवार को पार्टी के प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने कहा कि यह बिल सीधे तौर पर मुस्लिम समाज को कमजोर करने और भय का माहौल बनाने वाला है। उन्होंने कहा कि बिल के माध्यम से केंद्र सरकार की ओर से ईश्वर के नाम से दान की हुई वक्फ संपत्ति को लूटने और बेदखल करने की कोशिश है, जबकि वक्फ कानून में किसी की दान की हुई संपत्ति संबंधित धर्म और समुदाय का होता है जिसे पूर्वजों ने दे दिया था। यादव ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद जब से केंद्र में सरकार बनी है निरंतर अल्पसंख्यकों को कमजोर करने की साजिश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है, जहां हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई और जैन धर्म के लोग आपसी सौहार्द और अनेकता में एकता को कायम रखने तथा गंगा जमुनी संस्कृति को आदर्श मान कर चलते हैं।

### दो आईपीएस अधिकारी हैदराबाद में मिड टर्म ट्रेनिंग के लिए होंगे रवाना

रांची : झारखंड कैडर के दो आईपीएस अधिकारी मिड टर्म ट्रेनिंग के लिए हैदराबाद जाएंगे। यह प्रशिक्षण नेशनल पुलिस अकादमी में 21 अप्रैल से 16 मई तक आयोजित होगा। पुलिस मुख्यालय से बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार, ट्रेनिंग में 2014 बैच के आईपीएस अमन कुमार और विजय आशीष कुजूर शामिल होंगे। अमन कुमार वर्तमान में खूंटी के एसपी हैं, जबकि विजय आशीष कुजूर एसपी सीटीसी, मुसाबनी के पद पर कार्यरत हैं।

### रानी बागान इलाके में आज चार घंटे नहीं रहेगी बिजली

रांची : राजधानी रांची के रानी बागान, बैंक कॉलोनी और इंद्रप्रस्थ कॉलोनी सहित आस-पास के कई इलाकों में गुरुवार को चार घंटे बिजली नहीं रहेगी। बिजली विभाग की ओर से 11 केवी आरके मिशन फीडर में एबी बंच केबल लगाया जाएगा। साथ ही पेड़ की डालियों की छंटाई तथा तारों की मरम्मरति का कार्य भी किया जाएगा। इसकी वजह से इन इलाकों में सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर तीन बजे तक बिजली सेवा बाधित रहेगी। यह जानकारी बुधवार को बिजली विभाग ने दी।

### पिस्का मोड़ के पास खड़ा है हादसे को बुलावा देता सूखा पेड़

रांची : रांची के पिस्का मोड़ के पास मुख्य सड़क के किनारे एक सूखा और जर्जर पेड़ हादसे को न्योता दे रहा है। यह पेड़ वर्षों से इसी स्थिति में खड़ा है और कभी भी टूटकर गिर सकता है। यह स्थान भीड़भाड़ वाला है और यहां 24 घंटे वाहनों की आवाजाही लगी रहती है, ऐसे में यह पेड़ किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। इस पेड़ के आसपास सड़क किनारे सब्जी विक्रेता और अन्य दुकानदार अपनी दुकानें लगाते हैं। उनका कहना है कि वे मजबूरी में यहां कारोबार कर रहे हैं, लेकिन इस बात का डर हमेशा बना रहता है कि कब यह पेड़ गिर जाये। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस पेड़ के पास कई बिजली के तार भी हैं, और अगर यह गिरता है तो तार भी टूट सकते हैं, जिससे बड़ा खतरा पैदा हो सकता है। हैरानी की बात यह है कि इस गंभीर खतरे के बावजूद वन विभाग और नगर निगम ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। इस इलाके में कुल तीन पेड़ हैं, जिनमें से दो डळठ ग्राउंड में हैं। इस ग्राउंड में दिनभर लोग आते-जाते रहते हैं और बच्चे खेलते हैं। यदि इन पेड़ों को जल्द नहीं हटाया गया, तो किसी भी दिन गंभीर दुर्घटना हो सकती है।

# कई आदिवासियों के अपनी जमीन से बेदखल होने की आशंका : कांग्रेस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि वर्ष 2006 में कांग्रेस ने आदिवासियों को जल, जंगल और जमीन पर अधिकार सुनिश्चित करने के लिए वन अधिकार अधिनियम लागू किया था, लेकिन केंद्र सरकार की निष्क्रियता के चलते इस कानून के तहत किये गये लाखों वास्तविक दावे बिना किसी समीक्षा के मानमाने ढंग से खारिज कर दिये गये। इससे कई आदिवासियों के अपनी जमीन से बेदखल होने की आशंका है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे सभी लोगों को उनकी जमीन से बेदखल करने का आदेश दिया, जिनके दावे खारिज हो चुके थे, लेकिन भारी विरोध के बाद कोर्ट ने रोक लगाई और दावों की गहन समीक्षा का आदेश दिया था। अब गुरुवार को पुनः इस मामले की सुनवाई उच्चतम न्यायालय में है। प्रदेश अध्यक्ष ने यह बातें बुधवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार 2019 में भी इस कानून की बचाव नहीं कर सकी थी और अब भी आदिवासी अधिकारों के पक्ष में खड़ी नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा कि चिंताजनक बात यह है कि दावों की समीक्षा का गंभीर प्रयास अब तक नहीं हुआ, जिससे उच्चतम न्यायालय में फैसला इस कानून के खिलाफ आ सकता है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस वक्फ संशोधन विधेयक के विभिन्न प्रावधानों के विरोध में है। वक्फ बोर्ड परिषद में दो गैर मुस्लिम को शामिल करना, वक्फ ट्रिब्यूनल के स्थान पर सरकारी अधिकारी को विवाद निपटारे का अधिकार देना, वक्फ न्यायाधिकरणों के आदेशों को उच्च न्यायालय में अपील करने की अनुमति देने से वक्फ से संबंधित विवाद लंबे समय तक चलेंगे और न्याय की आस में लोग भटकते रहेंगे। उन्होंने कहा कि देश में भाजपा अपने एजेंडे के तहत इस संशोधन विधेयक को लायी है। भाजपा के विचारों का विरोध संवैधानिक ढांचे के अनुसार कांग्रेस करती रहेगी।

वहीं पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि नीति चाहे जो भी बनाई जाए, लेकिन उसकी नीयत साफ होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार इस बिल के जरिए समाज में झगड़ा पैदा करना चाहती है। साथ ही बेरोजगारी और महंगाई जैसे गंभीर मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि यह बिल भाजपा के 2014 के बाद से चल रहे एजेंडे का हिस्सा है, जो समाज को विभाजित करने की मंशा से प्रेरित है। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शाहजादा अनवर ने कहा कि यह बिल केवल एक समुदाय को निशाना बनाने और समाज में ध्रुवीकरण पैदा करने के लिए लाया गया है।

मौके पर पार्टी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजिनी, सोनाल शांति, प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस चेयरमैन मंजूर अंसारी, आदिवासी कांग्रेस चेयरमैन जोसाई मार्डी सहित अन्य उपस्थित थे।

## संगठन की मजबूती के लिए आजसू की कार्यशाला आज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : आजसू पार्टी की दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को रांची के रिंग रोड स्थित ट्रेडीशनल बैंक्वेट हॉल में किया जाएगा। कार्यशाला में पार्टी के अध्ययक्ष सुदेश महतो मुख्य अतिथि होंगे। इसके अलावा कार्यशाला को पार्टी के विधायक निर्मल महतो, मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर, उपाध्यक्ष राजेंद्र मेहता, हसन अंसारी सहित कई केंद्रीय नेता संबोधित करेंगे।

यह कार्यशाला पार्टी के संगठन को प्रभावी और सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। कार्यशाला में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के सभी केंद्रीय पदाधिकारी, जिला एवं प्रखंड प्रभारी, पार्टी जिलाध्यक्ष, महिला जिलाध्यक्ष, युवा जिलाध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख सहित पार्टी के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। यह कार्यशाला प्रखंड एवं जिला प्रभारियों को उनके जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। उक्त कार्यशाला में पार्टी की संगठनात्मक मजबूती को ध्यान में रखते हुए चर्चा होगी और जरूरी दिशा निर्देश दिए जाएंगे।

## रांची सहित कई जिलों में छाये बादल बारिश और ओलावृष्टि की संभावना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : राजधानी रांची सहित कई जिलों में बुधवार को बादल छाए रहे। इससे रांची समेत, दक्षिणी-पूर्वी, मध्यवर्ती, दक्षिणी, उत्तर-पश्चिमी जिलों के कुछ हिस्सों में गर्जन के हल्की बारिश होने, ओलावृष्टि और वज्रपात होने की आशंका है। बारिश होने से तापमान में कमी आएगी।

मौसम विज्ञान केंद्र रांची के निर्देशक अभिषेक आनंद ने बुधवार को संपर्क करने पर बताया कि बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से नमी आ रही है। दो जगह से नमी आ रही है तो बीच में कन्वर्जन हो रहा है। तापमान हाई है ऐसे में बारिश की संभावना होती है। बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से नमी आने की वजह से ही झारखंड में मौसम बदला है। बारिश के साथ कुछ जगह पर ओलावृष्टि भी हो सकती है।

उल्लेखनीय है कि राज्य के कई जिलों में तापमान 40 डिग्री को पार कर गया है। लेकिन मौसम में फिर से हुई तब्दीली से फिर से तापमान में कमी होगी। बुधवार को रांची में अधिकतम तापमान 34.4, जमशेदपुर 38.2, डालटेनगंज में 38.2 और बोकारो में अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## स्वयं सेवी संस्था की ओर से आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 223 महिला और बच्चों की हुई जांच

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





रांची : राष्ट्रीय लघु उद्योग लिमिटेड, भारत सरकार के सामाजिक उत्तरदायित्व जन स्वास्थ्य अभियान के अंतर्गत स्वयं सेवी संस्था अभियान की ओर से बुधवार को रांची के सीठियो रोड, एचईसी धुर्वा में महिला और बच्चों के लिये निःशुल्क स्वास्थ्य की जांच शिविर लगाया गया। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विजेता सिंह ने उपस्थित महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। संस्था की ओर से शिविर में सीठियो बस्ती की जरूरतमंद महिलाओं की स्वास्थ्य की जांच के बाद दवा और सेनेटरी पैड दिया गया। इसके पूर्व शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय लघु उद्योग लिमिटेड की रांची शाखा प्रमुख किरण तिरु का स्वागत डॉक्टर विजेता सिंह ने किया। वहीं शिविर में समय देने के लिये किरण तिरु ने डॉक्टर विजेता सिंह का आभार प्रकट किया और उनका स्वागत अंगवस्त्र देकर किया। शिविर में लगभग 213 महिला और बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस अवसर पर संस्था के सचिव मनोज कुमार राय, काउंसलर अम्बिका रानी, कंपाउंडर शिवलाल प्रसाद, सहायक रमेश कुमार, गुनगुन, मौली और अन्वेषा सहित अन्य उपस्थित थे।

## बाल कैदियों के फरार होने की घटना सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर चूक : बाबूलाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने चाईबासा के बाल सुधार गृह से बड़ी संख्या में बाल कैदियों के फरार होने की घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने इस घटना को सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर चूक करार देते हुए कहा कि यह घटना राज्य सरकार की नाकामी को उजागर करती है।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बाल सुधार गृह का मुख्य उद्देश्य भटके हुए किशोरों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना होता है, लेकिन चाईबासा की घटना यह दर्शाती है कि सरकार बाल सुधार गृह के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर रही है और वहां की सुरक्षा व्यवस्था को नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मांग की कि जल्द से जल्द सभी फरार किशोरों को वापस लाकर उनके लिए उचित काउंसलिंग की व्यवस्था की जानी चाहिए, अन्यथा ये किशोर समाज के लिए खतरा बन सकते हैं।

इसके साथ ही, बाबूलाल मरांडी ने यह भी कहा कि यह जांच का विषय है कि ये बच्चे क्यों भागे और किसकी लापरवाही के कारण यह घटना हुई। उन्होंने इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अपील की। इस घटना के बाद से चाईबासा बाल सुधार गृह में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं, और राज्य सरकार पर दबाव बढ़ रहा है कि वह इस गंभीर मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई करे।

# चैती दुर्गा मंदिर के 100वें स्थापना दिवस पर भव्य कार्यक्रम और शोभायात्रा की तैयारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




रांची : श्री चैती दुर्गा मंदिर के 100वें स्थापना दिवस को भव्य और यादगार बनाने की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति ने बुधवार को मीडिया के सामने यह जानकारी दी। समिति ने बताया कि मंदिर के 100वें स्थापना दिवस पर पांच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस ऐतिहासिक आयोजन में विशेष आकर्षणों के साथ एक विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जायेगा। इस शोभायात्रा में कोलकाता से तासा पार्टी शामिल होगी। झारखंड के भजन गायक विक्की छावड़ा के साथ पारंपरिक नृत्य और कला प्रदर्शनी का प्रदर्शन होगा। समिति नो बताया कि 1000 महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में शोभायात्रा की शोभा बढ़ायेंगी। शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई मंदिर पहुंचेगी। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने की अपील की है। मौके पर मुख्य संरक्षक किशोर साहु, शंकर दुबे, रमेश सिंह, पूर्व अध्यक्ष रवि कुमार पिंकु, महामंत्री गोपाल पारिक, कोषाध्यक्ष संजय सिंह समेत अन्य शामिल थे।

शोभायात्रा मां चैती दुर्गा मंदिर से शुरू होगी, जो महावीर चौक, मैकी रोड, नागाबाबा खटाल से गौशाला चौक, प्यादा टोली होते हुए महावीर चौक, गांधी चौक, फिरायायाल चौक होते हुए चडरी तालाब पहुंचेगी।

### शोभा यात्रा में विशेष आकर्षण

- कोलकाता से तासा पार्टी विशेष रूप से शामिल होगी जिससे शोभायात्रा का रंग और बढ़ेगा।
- सात रथों पर देवी देवताओं का मन मोहक प्रदर्शन।
- झारखंड के भजन गायक विक्की छावड़ा और बंगाल के छऊ नृत्य।
- झारखंड की लोक संस्कृति की झलकियां प्रस्तुत की जायेंगी, जिसमें पारंपरिक नृत्य व कला प्रदर्शनी शामिल होंगी।
- अन्य राज्यों से भजन-कीर्तन मंडलियां भी इस शोभायात्रा में भक्तिमय वातावरण तैयार करेंगी।
- 51 महावीरी झंडों का मिलान किया जायेगा, जिससे शोभायात्रा का धार्मिक महत्व और बढ़ेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### एचईसी के सीएमडी का चैंबर रांची सिविल कोर्ट के आदेश के बाद किया गया अटैच



रांची : रांची सिविल कोर्ट के आदेश के बाद एचईसी के सीएमडी के चैंबर को अटैच कर दिया गया है। यह आदेश दयाचंद इंजीनियरिंग इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड की याचिका पर दिया गया है। दयाचंद इंजीनियरिंग इंडस्ट्री, मुजफ्फरनगर ने 2015/16 में एक करोड़ रुपये से अधिक की वेल्डिंग रॉड की आपूर्ति की थी। कोर्ट के आदेश के बाद सिविल कोर्ट के नजीर जिशान इकबाल, सत्य देव कुमार, धर्मेंद्र सिंह और अधिवक्ता विवेक कुमार सिंह, ओम प्रकाश रवि ने एचईसी का दौरा किया। यह कदम बिल का भुगतान न होने के कारण उठाया गया था। सिविल कोर्ट के अधिकारी और वकील सीएमडी के चैंबर के पास पहुंचकर अटैच की प्रक्रिया को पूरा कर रहे हैं। बता दें कि, दयाचंद इंजीनियरिंग इंडस्ट्री मुजफ्फरनगर कंपनी को लगभग 22 लाख 83 हजार रुपया रुपया का भुगतान नहीं हुआ। चंद्र भानु कुमार की कॉमर्शियल कोर्ट के आदेश के बाद सीएमडी का चैंबर अटैच किया गया।

### चैती छठ को लेकर घाटों की साफ-सफाई में जुटा रांची नगर निगम



रांची: चैती छठ महापर्व को लेकर रांची नगर निगम ने शहर के विभिन्न छठ घाटों पर विशेष सफाई अभियान शुरू कर दिया है। ताकि व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और वे स्वच्छ एवं सुरक्षित माहौल में पूजा-अर्चना कर सकें। नगर निगम की टीम सुबह से ही विभिन्न छठ घाटों पर सफाई कार्य में जुट गयी है। गंदगी और जलभराव की समस्या से निपटने के लिए विशेष मशीनों और कर्मचारियों को लगाया गया है। घाटों पर फैले कचरे को हटाने के साथ-साथ जलस्तर की जांच की जा रही है। रांची नगर निगम ने छठ घाटों पर रोशनी की समुचित व्यवस्था की है, ताकि श्रद्धालुओं को रात के समय किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके अलावा, घाटों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जा रहे हैं। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बलों की तैनाती भी की जा रही है। निगम प्रशासन का कहना है कि स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय बनाकर सभी छठ घाटों पर गश्त की जायेगी।

### अन्नपूर्णा सेवा में लगी ठंडा पेयजल की मशीन



रांची : रांची के पहाड़ी रोड स्थित रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से संचालित श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा में बुधवार को ठंडा शीतल पेयजल मशीन लगाई गई। मशीन को समाजसेवी राजकुमार मित्तल और संगीता मित्तल ने चंद्रकला देवी मित्तल की स्मृति में लगाई गई है। ठंडा पेयजल मशीन का शुभारंभ तिरुपति बालाजी मंदिर के पुजारी सत्यनारायण गौतम ने विधि विधान से किया। इसके बाद राजकुमार मित्तल ने पूजा अर्चना कर मशीन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री विनोद कुमार जैन और संयुक्त महामंत्री संजय सर्राफ ने मित्तल परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस अन्नपूर्णा सेवा में लोगों को शुद्ध भोजन के साथ-साथ ठंडा पेयजल भी हमेशा मिल पाएगा। उन्होंने कहा कि यहां भोजन करनेवाले लोगों को गर्मी में ठंडा पानी से काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है और मानव सेवा से बढ़कर कोई काम नहीं है। इस अवसर पर सुनील कुमार केडिया, विजया केडिया, राजकुमार मित्तल, संगीता मित्तल, विनोद कुमार जैन, संजय सर्राफ सहित अन्य उपस्थित थे। श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा और पुरुलिया रोड स्थित स्वर्णभूमि अन्नपूर्णा सेवा केंद्र में बुधवार को कुल 425 लोगों ने भोजन किया। बुधवार की इस अन्नपूर्णा सेवा को चंद्रकला देवी मित्तल की चौथी पुण्यतिथि पर उनके पुत्र राजकुमार मित्तल और उनके परिवार ने आयोजित कराया था। वहीं सम्मेलन की ओर से संचालित पुरुलिया रोड स्थित स्वर्णभूमि अन्नपूर्णा सेवा केंद्र में 210 लोगों ने भोजन किया। इस अवसर पर अन्नपूर्णा सेवा के संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा की माता अन्नपूर्णा लोगों को इसी प्रकार सेवा करने की प्रेरणा प्रदान करें और प्रभु की कृपा सदैव सबों के परिवार पर बनी रहे। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए अन्नपूर्णा सेवा निरंतर चलती रहेगी। दोनों अन्नपूर्णा सेवा पिछले तीन वर्षों से प्रतिदिन निरंतर सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है। इस अवसर पर मारवाड़ी सम्मेलन के जिलाध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन, प्रमोद अग्रवाल, पुरुषोत्तम विजयवर्गीय, प्रदीप नारसरिया,मनोज रुइया, द्वारका प्रसाद अग्रवाल, निर्भय शंकर हरित, सांवरमल बुधिया, रमेश बंका, संजय सर्राफ, राजकुमार मित्तल, सुनील केडिया सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

### रांची विश्वविद्यालय में पीजी और यूजी परीक्षाओं की तिथि घोषित

रांची : रांची विश्वविद्यालय में पीजी कला, विज्ञान और वाणिज्य थर्ड सेमेस्टर (सेशन 2023-25) की रेगुलर कोर्स परीक्षा आठ अप्रैल से शुरू होगी। विश्वविद्यालय से मिली जानकारी के अनुसार परीक्षा दोपहर एक से चार बजे तक आयोजित की जाएगी। इसी के साथ पीजी थर्ड सेमेस्टर वोकेशनल कोर्स (सेशन 2023-25) की परीक्षा भी आठ अप्रैल से आयोजित की जाएगी। वही, यूजी कला, विज्ञान और वाणिज्य (सेशन 2022-26) के रेगुलर और वोकेशनल कोर्स की परीक्षा सात अप्रैल से सात मई तक आयोजित की जाएंगी। झारखंड में बीएड, एमएड और बीपीएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा परिषद (जेसीईसीईबी) ने सत्र 2025-27 के लिए इन पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए अयोजित होने वाली संयुक्त प्रवेश प्रतियोगित परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 15 मार्च 2025 निर्धारित थी, जिसे अब बढ़ाकर 20 अप्रैल कर दिया गया है।

# सल्फेट प्लांट के मजदूरों ने भरा हुंकार 17, 18 अप्रैल को चक्का जाम : बिके चौधरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आज कोक ओवेन एन्ड कोक केमिकल बिभाग के अन्तर्गत सल्फेट प्लांट मे कार्यरत 98% मजदूरों के बेतन मे से 30% से 50% तक का वहां के महाप्रबंधक के दवाव मे ठेकाकमीर्यों से पैसा वापस लेने एवं अन्य मांगो को लेकर मंगलवार के विभाग के मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष सेकडों की संख्या मे कोक ओवेन के ठेकाकमीर्यों ने सल्फेट प्लांट मे 17अप्रेल के प्रथम पाली प्रातः 6:00 बजे से 18 अप्रैल के रात्री पाली यानि 19 अप्रैल के प्रातः 6:00 बजे तक के लिए पूरा चक्का जाम करने के लिए जोरदार आक्रोश प्रर्दशन कर हुंकार भरा ।प्रर्दशन के बाद हुए सभा का अध्यक्षता बिभागीय नेता और युनियन के संयुक्त महामंत्री अनिल कुमार ने किया। नेतृत्व कर रहे जय झारखण्ड मजदूर समाज के महामंत्री सह झारखंड मुक्ति मोर्चा केन्द्रीय सदस्य बि के चौधरी ने अपने सम्बोधन मे बोकारो स्टील प्रबंधन को चेताबनी देते हुए कहा कि अभी भी समय है कि अपने आँख और कान खोलकर देखले और सुन ले कि मजदूरो का यह आक्रोश और हुंकार बता रहा है कि सल्फेट प्लांट के मजदूरों अब घुट घुट कर मरने के जगह इस मंहगाई मे खुन पसीना से उपार्जित बेतन मे से एक पैसा भी नही लोटाने बाला है इसके लिए कुछ भी करने को तैयार है। बिके चौधरी ने आगे कहा कि शर्म की बात है कि जितना पैसा लौटाने के लिये ठेकेदार दवाव नही बनाता है उससे कहीं ज्यादा सल्फेट प्लांट के महाप्रबंधक द्वारा दवाव बनाया जाना यह काफी शर्म की बात है । बिभागाध्यक्ष के साथ साथ अधिशासी निदेशक संकार्य, अधिशासी निदेशक एच आर के साथ साथ डायरेक्टर इन्चार्य के लिए भी होना चाहिए क्योंकि सभी को पता है कि इस तरह का धिनोना काम बोकारो स्टील के सभी बिभागों मे हो रहा है खासकर सल्फेट प्लांट मे और इसलिए मुख्य महाप्रबंधक एच आर के द्वारा सार्वजनिक रूप से अपील निकालकर मजदूरो से पैसा नही लोटाने का चर्चा किया गया जिसे जय झारखण्ड मजदूर समाज तथा प्रभावित मजदूर इसे घड़ियालू आँसू से इस अपील से तुलना कर रहा है। बगल के सेन्टरींग प्लांट मे तो एस डब्लू हो या यू एस डब्लू सभी के भाग्य मे 50% यानि 11000 से 6000 लौटाया जा रहा है। प्रबंधन को खुली चूनौती दे रहा हूँ कि इसकी सत्यता की जांच स्वतंत्र एजेन्सी से करबा ले गल्त निकला तो युनियन कार्यालय मे ताला लगाकर युनियन से संन्यास ले लूँगा। फाईनल मे ई एल और बोनस मिलना जैसे भगवान का मिलने जैसा है। सल्फेट प्लांट मे नही लौटाने बालों का अगूआई करने बाले जो जो मजदूर 12,15 बर्षों से एस डब्लू मे काम करता रहा है उसे एस एस डब्लू मे पास बनाया जा रहा है यानि एस डब्लू मे जहां 22000 के आस पास बेतन मिलता था अब उसे 16000 के आस पास बेतन मिलेगा। समय रहते प्रबंधन हड़ताल सह मांग पत्र के अनुसार सभी मांगो जैसे डी ग्रेड करने के जगह समयबद्ध प्रमोशन देकर अप ग्रेड करें ।

## एक नजर

### खनन विभाग ने की कार्रवाई, सड़क पर ट्रेंच काटा

**बोकारो** : उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार जिला खनन पदाधिकारी के मार्ग दर्शन में अवैध बालू खनन पर अंकुश लगाने को लेकर टीम ने कार्रवाई की। टीम ने बुधवार सुबह पेटरवार प्रखंड के आसनापानी गांव पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। जिस सड़क के माध्यम से असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध बालू का परिवहन किया जा रहा था, उसमें टीम द्वारा जेसीबी से ट्रेंच काटा गया, ताकि बालू के अवैध खनन पर रोक लगाई जा सके। जानकारी हो कि, मंगलवार को ग्रामीणों ने अवैध बालू खनन/ट्रैक्टरों द्वारा परिवहन को लेकर विरोध किया था। जिसके बाद मामला प्रकाश में आने के बाद आज प्रशासन ने यह कार्रवाई की है। उक्त कार्य में खान निरीक्षक सीताराम टुडू, एवं स्थानीय पुलिस बल मौजूद थे। इसकी जानकारी जिला खनन पदाधिकारी श्री रवि कुमार सिंह ने दी।

### अमन, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है ईद : देवाशीष

**बोकारो** : चास प्रखण्ड के एम जे एम इन्टर कालेज उसरडीह बिजुलिया के प्रागंण में बाईसी मुस्लिम वेलफेयर समिति बोकारो तथा हिन्दु- मुश्लिम एकता मंच के त्वाधान में बाईसी मुश्लिम वेलफेयर बोकारो अध्यक्ष सह चेयरमेन एमजेएम ग्रुप के अईनुल अंसारी की अध्यक्षता में ईद मिलन समारोह का आयोग किया गया। समारोह का मुख्य अतिथि जिला बीससुत्री उपाध्यक्ष देवाशीष मंडल मुख्य रूप से उपस्थित थे। श्री मंडल ने कहा यह त्योहार अमन भाईचारे सामाजिक सोहार्द और खुशियों का प्रतीक है। त्योहार को हम सभी मिलजुल कर मनाने की जरूरत है। श्री मंडल ने कहा हम सभी को कोई भी पर्व त्योहार हो सौहार्द वातावरण के साथ मिलकर मनाने की है। भट्ठी भर लोग समाज को बांटने का काम करते। बाईसी अध्यक्ष अईनुल अंसारी ने कहा कि हम हिन्दुस्तानीहै। समाज को बांटने से विकास नहीं होती है। सब मिल जुलकर ही समाज देश की तरक्की होगी। इस मौके पर, हिन्दु मुस्लिम एकता मंच के पदाधिकारी सदस्य व बाईसी समाज के हक बाबु सचिव,, महासचिव अब्दुल गफ्फार, हाजी सलीम साहेब, सदर खुश मोहम्मद अंसारी, इस्लाम अंसारी, गुलाम अंसारी, भाजपा नेता संटु राय, शेखर चौबे, अकुंश चौबे, हुसेन राजवार,बीड़ी चोबे, हाजी समसुद्दीन अंसारी,खोदा नवाज अंसारी,डा० अलाउद्दीन अंसारी, प्रोफेसर दिनेश महतो, मंटू महतो,सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर सत्यवान उपाध्याय व धन्यवाद एमजेएम इंटर कालेज प्राचार्य डा० मोईन अंसारी ने किया।

### दिल्ली में झारखंड प्रदेश कांग्रेस की बैठक कल

**बोकारो**: आगामी 4 अप्रैल 2025 को इंदिरा भवन नई दिल्ली में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सभी जिला अध्यक्षों को सशक्त बनाने और राज्य में पार्टी संगठन को और मजबूत करने के उद्देश्य से अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी ) द्वारा संगठनात्मक एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित किया गया है। इस बैठक को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे संबोधित करेंगे। मौके पर उक्त बैठक में आदरणीय राहुल गांधी भी उपस्थित रहेंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेने के लिए बोकारो जिला अध्यक्ष उमेश प्रसाद प्रसाद गुप्ता, धनबाद जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, धनबाद कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची से दिल्ली के लिए रवाना हुए।

## हवन कार्यक्रम के साथ स्कूल में शुरू हुआ नया शैक्षणिक सत्र



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** हवन कार्यक्रम के साथ मंगलवार को डॉ राजेन्द्र प्रसाद पब्लिक स्कूल सेक्टर 9 रानीपोखर व रॉयल पब्लिक स्कूल सेक्टर 4 में नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत हुई । इस सत्र के शुरूआत का श्री गणेश विद्यालय में मां गायत्री की पूजा व हवन करा कर सभी बच्चों के बौद्धिक शारीरिक, मानसिक ,विकास के लिए प्रार्थना की गई । इस अवसर पर शिक्षिकाओं ने सभी बच्चों के माथे पर तिलक लगाया। मौके पर बच्चों ने स्वागत गान व गणेश वंदना पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मुकेश कुमार ने कहा बच्चों को अनुशासन के साथ पठन-पाठन कार्य मन लगाकर करना चाहिए। नए सत्र में छात्रों को और कड़ी मेहनत कर पढ़ने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। मौके पर उप प्राचार्य आलोक चतुवेर्दी, सरिता सिन्हा, गीता सिंह, माधुरी कुमारी, साक्षी कुमारी, अनु सिंह, बीणा कुमारी, राखी कुमारी, निवेदिता कुमारी, विश्वजीत कुमार, विभा रानी, संगीता कुमारी, ज्योति कुमारी,शकुंतला देवी, गीता देवी , आरती कुमारी आदि शामिल रहे।

## धर्मपूर्वक राजनिति होगी, तब ही राष्ट्र का होगा कल्याण : राजन महाराज


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** बिना धर्म की राजनिति की कल्पना भी करना व्यर्थ होगा। धर्मपूर्वक राजनिति होगी, तब ही राष्ट्र का कल्याण होगा। इसलिए धर्म को छोड़कर यदि राजनिति होगी तो विनाश होगा। उक्त बातें बुधवार को सेक्टर पांच स्थित एनआईपी समागम भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में श्री रामकथा वाचनकर्ता राजन महाराज ने कही। एक प्रश्न के उत्तर में राजन ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के आने बाद भारत में धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ी है और अपने धरोहर का जो रक्षण प्रारंभ हुआ है वो आने वाले भविष्य के लिए बहुत बड़ा सुखद योगदान होगा। इसके लिए मोदी की जितनी प्रशंसा की जाए वो कम है। अथवा उनके साथ जितने भी लोग लगें है वो साधूवाद के पात्र हैं। राजन ने कहा परिवार और संस्कार ही आपके जीवन की दिशा को तय करता है। नियति आपको कहां ले जाएगी यह आपको भी पता नहीं होता। परिस्थितियॉ और समय आपके भविष्य को गढ़ने में महत्वपूर्ण रोल निभाता है। राजन ने कहा कि वो कथावाचक बनेगें इसका इल्म उनको कभी नहीं था। उनका जन्म कलकत्ता के ब्राहमण परिवार में हुआ और वो धार्मिक परिवेश में पले बढे.। उनकी इच्छा डॉक्टर बनने की थी। इसलिए बॉयोलाजी में स्नातक की। कोलकत्ता में परिवारिक लोहा व्यवसाय को भी संभाला। उनके गुरू ने उनमें छीपे प्रतिभा को पहचाना और उनके कथावाचन करने को कहा। राजन ने बताया कि उनको कथावाचक बनना है यह निणर्य लेने में उन्हें डेढ़ वर्ष लगे। उनका पहला श्री रामकथा वाचन श्री कृष्णा सेंटर में कोलकत्ता में हुआ। तक से वो पीछे मुड़ के नहीं देखे और राजन तिवारी से राजन महाराज बन गए। प्रेस वार्ता में शिव कुमार अग्रवाल, प्रेमचंद सहित अन्य राजन के शिष्य उपस्थित रहे।

## जेईई मेन-2 : बोकारो में शांतिपूर्वक शुरू हुई परीक्षाएं, पहले दिन 715 अभ्यर्थी रहे उपस्थित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से इंजीनियरिंग संस्थानों में नामांकन के लिए आयोजित की जाने वाली देश की सबसे प्रतिष्ठित संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य (जेईई मेन) का दूसरा सत्र बुधवार को बोकारो में शांतिपूर्ण माहौल में शुरू हुआ। 2 से 9 अप्रैल की अवधि में हो रही इस परीक्षा के पहले दिन बोकारो के दो केन्द्रों पर कुल 715 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 37 अनुपस्थित रहे। एनटीए के सिटी कोऑर्डिनेटर एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने बताया कि नवाडीह मूर्तिटांड़ स्थित आरआर टेक्नोलॉजी में बनाए गए सेंटर पर पहली पाली में कुल 137 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 7 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं, दूसरी पाली में 134 उपस्थित तथा 10 अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार, चिकिसिया (चास) में डॉ. एस. राधाकृष्णन बीएड कॉलेज के समीप बोकारो एजुकेशन ट्रस्ट कैंपस स्थित अल्फा आईसीटी सेंटर में बने केंद्र में प्रथम पाली में 221 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 11 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 223 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 9 अनुपस्थित रहे। डॉ. गंगवार ने कहा कि परीक्षा पूरी तरह से कदाचार-मुक्त शुरू हुई है। कहीं से भी किसी गड़बड़ी की कोई सूचना नहीं है। उन्होंने परीक्षा की सुचारू एवं शांतिपूर्ण शुरूआत को लेकर केंद्राधीक्षकों, पर्यवेक्षकों एवं जिला प्रशासन के सहयोग के प्रति विशेष रूप से आभार व्यक्त किया है।

## थामी मंडल, जगदीश एवं कादीर मियां का 52वां शहादत दिवस मनाया गया



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के बैनर तले ईस्ट बसुरिया में बुधवार को शहीद थामी मंडल, जगदीश मंडल एवं कादीर मियां की 52 वां शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विधायक सह मुख्य सचेतक मथुरा प्रसाद महतो सहित लोगों ने शहीद बेदी पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शहीद बेदी स्थल पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में विधायक मथुरा ने कहा कि ईस्ट बसुरिया की धरती को माफियाओं से मुक्त कराते हुए तीन वीरों ने अपनी शहादत दी। सभा के दौरान शहीद जगदीश की पत्नी को सम्मानित किया गया। मौके पर भाकपा माले के पोलित ब्यूरो सदस्य हलधर महतो, राज्य कमेटी के सदस्य हरी प्रसाद पप्पू, भाकपा माले के पवन महतो, झामुमो के मो आजाद , बसंत महतो, मनोज महतो, बी सी के यु के टेकलाल महतो, दुलाल चंद्र बाउरी, भोला चौहान, फागु भुइयां, आर के ठाकुर, मनोज रवानी, भवानी दास, सुजल दत्ता, प्रकाश भुइयां, दीपक चौधरी, सरबजीत कौर, ईस्ट बसुरिया कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी बी के झा, प्रबंधक रंजीत सिंह आदि उपस्थित थे।

# धनबाद सिविल कोर्ट में ई-सेवा केंद्र का जिला जज ने किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** अगर आपके कोई परिचित या रिश्तेदार जेल में बंद है तो अब उनसे मुलाकात करने के लिए आपको जेल गेट आने की जरूरत नहीं ऑनलाइन बंदियों से उनके परिजन मित्र मुलाकात कर सकते हैं। बातचीत कर सकते है,आपके मुकदमे के अद्यतन स्थिति के विषय में भी पूरी जानकारी आप ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं। बुधवार को धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी ने सिविल कोर्ट धनबाद में ई सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। जो मिलेगी सुविधाएं इस मौके पर उन्होंने बताया कि व्यवहार न्यायालय, धनबाद मे बने ई-सेवा केंद्र (ई-एसके) के माध्यम से आमजन मामले की स्थिति, सुनवाई की अगली तारीख और अन्य विवरण के बारे में जानकारी, प्रमाण-पत्र की प्रतियां और अन्य फाइलिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा,याचिकाओं की हार्डकॉपी स्कैन करने से लेकर ई-फाइलिंग की सुविधा,ई-हस्ताक्षर जोड़ना,उन्हें सीआईएस में अपलोड करना और फाइलिंग नंबर तैयार करना। ई-स्टाम्प पेपर/ई-भुगतान की ऑनलाइन खरीद में सहायता करना, आधार आधारित डिजिटल हस्ताक्षर के लिए आवेदन करने और प्राप्त करने में सहायता करना, एंड्रॉइड और आई.ओ.एस के लिए ई-कोर्ट्स के मोबाइल ऐप को डाउनलोड करने में प्रचार और सहायता करना, जेल में बंद रिश्तेदारों से मुलाकात के लिए ई-मुलाकात अपॉइंटमेंट की बुकिंग में सुविधा प्रदान करना, छुट्टी पर गए न्यायाधीशों के बारे में प्रश्नों की जानकारी ,विशेष न्यायालय के स्थान, उसकी वाद-सूची तथा मामला सुनवाई के लिए लिया गया है या नहीं, इन सब के बारे में प्रश्नों की जानकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति और सर्वोच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति से निःशुल्क कानूनी सेवाएं प्राप्त करने के बारे में लोगों को मार्गदर्शन , वर्चुअल न्यायालयों में ट्रैफिक चालान के निपटान की सुविधा प्रदान तथा ट्रैफिक चालान और अन्य छोटे अपराधों के ऑनलाइन निपटारे की सुविधा प्रदान, ई-कोर्ट परियोजना के अंतर्गत डिजिटल रूप से उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में अन्य सभी प्रश्न और सहायता, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कोर्ट सुनवाई की व्यवस्था और संचालन की विधि की जानकारी , न्यायिक आदेशों/निर्णयों की सॉफ्ट कॉपी ईमेल, व्हाट्सएप या किसी अन्य उपलब्ध माध्यमों से उपलब्ध कराई जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### पहला कदम में मनाया गया विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस



**धनबाद**: नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों के विशेष स्कूल पहला कदम में बुधवार को वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस डे मनाया गया। यह कार्यक्रम ऑटिज्म से प्रभावित बच्चों और उनके परिवारों के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने और उन्हें समर्थन देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। सचिव अनीता अग्रवाल द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रमुख अतिथियों के रूप में राम अवतार ग्रुप के सीएमडी अमरेश सिंह, दशरथ प्रसाद अग्रवाल, महेंद्र शर्मा, दीपक तोड़ी, राष्ट्रीय सचिव चंद्र भूषण पाठक, सोमनाथ पूर्ति, पीके सराफ और मनोज खेमका उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर विशेष रूप से प्रभावित बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक नृत्य कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल इन बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था, बल्कि समाज में उनके प्रति संवेदनशीलता और समर्थन को बढ़ावा देना भी है। अतिथियों को सम्मानित किया गया और अतिथियों द्वारा बच्चों को उपहार भेंट कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

### राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की हुई बैठक



**धनबाद** : बीसीसीएल राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन कतरास क्षेत्र संख्या 4 की प्रतिनिधि सभा की बैठक सिजुआ स्टेडियम स्थित कतरास क्लब में आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में यूनियन के सदस्यों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यह बैठक ऐसे समय पर आयोजित की गई जब कोयला खदानों में कार्यरत मजदूर भाइयों और उनके परिवारों के समक्ष कई गंभीर चुनौतियां और ज्वलंत समस्याएं मौजूद हैं। बैठक के दौरान इन मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें श्रमिकों के अधिकार, सुरक्षा व्यवस्था, कार्य परिस्थितियां, वेतन संबंधित मुद्दे और अन्य प्रमुख विषय शामिल थे। प्रतिनिधियों ने मजदूरों के हक और कल्याण के लिए प्रभावी उपाय अपनाने पर बल दिया और समस्याओं के समाधान के लिए रणनीति तैयार की। यूनियन ने यह भी आश्वासन दिया कि वे श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए लगातार प्रयासरत रहेंगे। यह बैठक कतरास क्षेत्र के मजदूरों के बेहतर भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। मौके पर महामंत्री एके झा, गोपाल सिंह, बिमलेश चौबे, रणधीर ठाकुर, रामचंद्र पासवान, सुरेश लाल, बिनोद सिंह, सुरेंद्र यादव, शकील अहमद, रामप्रीत यादव, नवनीत निरंजन, भोला प्रसाद, सुरेश बाबू, सत्यनारायण, कृष्णा लाला, गोवर्धन महतो सहित अन्य लोगों मौजूद थे।

### कल होगा कृष्णा मातृ सदन में रक्तदान शिविर का आयोजन




**धनबाद**: आर्य व्यामशाला के तत्वाधान में 4 अप्रैल को कतरास रानी बाजार के कृष्णा मातृ सदन में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चो के लिये रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी पूर्व बियाडा अध्यक्ष सह समाजसेवी बिजय कुमार झा ने प्रेस को संबोधित करते हुये कहा, झा ने कहा कि क्षेत्र के ज्ञानोलॉजिस्ट डॉक्टर शिवानी झा के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान दिवस का आयोजन 4 अप्रैल को कृष्णा मातृ सदन में 10 बजे से 4 बजे तक आयोजित की गई है। चंडीगढ़ की तरह धनबाद झारखंड में रक्तदान की व्यवस्था हो, इसके लिये रक्तदान के लिये आज के युवाओं को जागरूक करें। रक्तदान शिविर में आर्य व्यामशाला व एक संस्था के सदस्य भी रक्तदान करेंगे। डॉक्टर शिवानी झा ने कहा कि रक्तदान से कई बीमारियों से राहत मिलती है। डॉ मनीषा मीनू ने कहा कि रक्तदान से मृत्यु दर में कमी आती है और शरीर स्वस्थ होता है। मौके पर डॉक्टर शिवानी झा, डॉ वी एन चौधरी, डॉक्टर मनीषा मीनू, दीपेश कुमार उपस्थित थे।

### एएसबीएनसी का पीपी ने किया दौरा, जताया संतोष

**धनबाद**: बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र के एकीकृत सेन्द्रा बांसजोड़ा निचितपुर कोलियरी का मंगलवार को निर्देशक तकनीकी (पी&पी) मनोज कुमार अग्रवाल ने दौरा किया। और वर्ष 2024- 2025 में लक्ष्य से ज्यादा कोयला उत्पादन व ओ बी निकाला। जिसके लिये एएसबीएनसी के सभी कर्मियों, यूनियन प्रतिनिधि व अधिकारियों को भी बधाई देते हुये, वर्ष 2025-2026 में बितीय वर्ष से ज्यादा उत्पादन लक्ष्य होने की बात कही। अग्रवाल के साथ जीएम सिजुआ सुधाकर प्रसाद, एजीएम केके सिंह, एजेंट एम कुंडू, मैनेजर कमलेश कुमार, ज्ञानेश्वर कुमार, लोकेश कुमार,एस के मित्रा, संजीत मांझी व अन्य लोग मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि सेबी में सूचीबद्ध कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी होने के नाते बीसीसीएल ने अभी किसी भी प्रकार के वित्तीय आंकड़े घोषित नहीं किये हैं। वित्तीय आंकड़े कोल इंडिया बोर्ड द्वारा अनुमोदित लेखा परीक्षित रिपोर्ट और कंपनी की वार्षिक एजीएम के बाद जारी होंगे।

### राकेश कुमार बने एससी-एसटी फेडरेशन के कार्यकारी अध्यक्ष

**बोकारो** : बुधवार को सेल एससी -एसटी इम्प्लाईज फेडरेशन, बोकारो यूनिट का वर्ष 2025 -2028 के लिए कायकरिणी समिति का पुनर्गठन सेक्टर 4/डी स्थित अंबेडकर मैदान में किया गया। शम्भु कुमार बोकारो यूनिट अध्यक्ष ने कहा कि चूँकि उन्हे फेडरेशन के केन्द्रीय कमिटी में कार्यकारिणी सदस्य और करतार सामंत महासचिव बोकारो यूनिट को उपाध्यक्ष के रूप में शामिल किया गया है जिसके कारण उन्हे बोकारो यूनिट के साथ नई दिल्ली, केन्द्रीय कमिटी में भी समय देना पड़ता है। साथ ही समय समय पर सेल प्रबंधन, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति संसदीय समिति के साथ बैठक के लिए जाना होता है इसलिए फेडरेशन के बोकारो यूनिट में अध्यक्ष के कार्य हेतू उन्हे एक सहयोगी की आवश्यकता है। साथ ही करतार सामंत महासचिव की सेवनिवृति 2 वर्ष के बाद है इसलिए बोकारो यूनिट के सदस्यों ने राकेश कुमार को कार्यकारी अध्यक्ष और देवेश टुडू को महासचिव के लिए निर्विरोध चयन किया।

एक नजर

## ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**गोमिया :** बेरमों अनुमंडल के गोमिया स्टेशन के पिपरा डीह शिव मंदिर के समीप बुधवार को रेलवे ट्रैक में ट्रेन की टक्कर से 50 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोती लाल यादव 50 वर्षीय स्वांग डीएवी में पीउन के पद पर कार्यरत था । दस दिन पूर्व अपनी आंखों का ऑपरेशन करवाया था। घर से कुछ ही दूरी पर रेलवे लाइन पार करने के क्रम में गुजरते हुए ट्रेन से उसकी टक्कर पॉल संख्या 47/27 के समीप हो गई। जिससे सर में गहरी चोट आई और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना रेलवे पुलिस को दी। रेलवे पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर कागजी कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए तेनुघाट अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। मृतक का एक बेटा एवं पत्नी है इस घटना से उसके परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## हाथियों ने दो मवेशी को मार डाला

**चतरा :** सिमरिया और पत्थलगडा के कई गांवों में दो हाथियों का आतंक जारी है। हाथियों की चपेट में आने से दो मवेशियों की मौत हो गई है। बुधवार को वन विभाग ने जायजा लिया। कई किसानों के खेतों में लगे फसलों को हाथियों ने रौंद दिया। नावाडीह पंचायत के चौथा गांव में पवन भुईंया और हुरनाली पंचायत के सिलहट्टी के अजय दांगी के घर के आगे बंधे दो मवेशियों को हाथियों ने पटक कर मार डाला। रात्रि में हाथी चौथा, बेलहर को पार करते हुए दुंबी गांव आ पहुंचे। यहां चेतन पांडेय, ब्रह्मदेव पांडेय, दशरथ दांगी सहित अन्य के खेतों में लगे गेहूं, प्याज, मिर्च और अन्य फसलों को रौंद कर बर्बाद कर दिया। देर रात्रि सैकड़ो की संख्या में लोगों ने मशाल लेकर और ढोल बजाते हुए हाथियों को इन गांव से खदेड़ते हुए सिमरिया के सीमांत गांव सिलहट्टी, मुड़मुड़ की ओर भगा दिया। सिलहट्टी में एक मवेशी को पटकने के बाद हाथी फसल को रौंदते हुए जंगल में प्रवेश कर गए। पिछले एक पखवाड़े से हाथियों का दल सिमरिया, पत्थलगडा और गिद्धौर प्रखंड के सीमांत गांव में जमकर उत्पाद मचाया है। वे कई घरों और मवेशियों को अपनी चपेट में लिया है। दिनभर हाथी जंगल में शरण लिए रहते हैं। शाम ढलते हैं हाथी खेतों में पहुंचकर उत्पात मचाने लगते हैं। हाथियों के आतंक से ग्रामीण भयभीत हैं। 15 दिन पहले दोनों हाथी पत्थलगड़ा गांव के सघन आबादी के करीब से गुजरे थे। जिससे यहां खलबली मच गई थी। जानकारी मिलने के बाद बुधवार को रेंजर कुलभूषण यादव ने चौथा, बेलहर, दुंबी, सिलहटी सहित अन्य गांवों का दौरा कर हाथियों की ओर से किए गए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जंगली हाथियों से हुए नुकसान का मुआवजा वन विभाग देगी।

## खरना के साथ 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू

**पलामू :** सूर्योपासना के चार दिवसीय अनुष्ठान चैती छठ महापर्व के दूसरे दिन बुधवार को पूरे दिन निर्जला उपवास रहकर शाम में व्रतियों ने खरना किया। आम की लकड़ी जलाकर दूध और ओरी के चावल से बनी खीर एवं पुड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही छठ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला महा उपवास शुरू हो गया है। वैसे तो उपवास नहाय-खाय की रात से ही शुरू है। शुक्रवार सुबह अपना उपवास खत्म करेंगी। वहीं कई लोग छठव्रतियों के जाकर खरना का प्रसाद ग्रहण किया। खरना का प्रसाद ग्रहण करने वाले स्वयं को सौभाग्यशाली मानते हैं। छठव्रती गुरूवार को अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को प्रथम अर्घ्य देंगी। शुक्रवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ लोक आस्था का महापर्व संपन्न हो जाएगा। महापर्व छठ को लेकर पूरा पलामू जिला मंगलवार से ही भक्तिमय हो गया है। छठगीतों की गूंज से शहर और ग्रामीण क्षेत्र गुंजायमान है। बुधवार शाम छठव्रतियों ने संबंधित छठ घाटों पर पहुंचकर घाट सजाया।

# साईबर अपराधियों ने की ऑनलाइन काम दिलाने के नाम पर 12.77 लाख की ठगी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**दुमका :** साईबर अपराध के मामलें लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन इसके बावजूद लोग साईबर अपराधियों के झांसे में फसते जा रहे हैं। साईबर अपराधी भी अब पैसे की ठगी के लिए अलग अलग तरीके अपना रहे हैं। कुछ ऐसा ही एक मामला सरैयाहाट में आया है। जहां एक व्यक्ति से टेलीग्राम एप के माध्यम से एक कथित कंपनी ने वर्क फ्रॉम होम्स के जरिए लाखों के सपने दिखाकर करीब 12.77 लाख रुपये ठग लिए। मामले को लेकर ठगी के शिकार सरैयाहाट थाना क्षेत्र के महुरा गांव निवासी उदेश पूजहर ने प्राथमिकी दर्ज कराते हुए बताया है कि टेलीग्राम एप के माध्यम से किसी समीक्षा सिंह ने उससे संपर्क कर फोनिक्स मिल्स लिमिटेड कंपनी मुंबई के लिए ऑनलाइन वर्क करने का ऑफर दिया । समीक्षा के जरिये उसे बताया गया था कि उसे घर में रहकर ही कंपनी के लिए ऑनलाइन काम करना होगा। इसके बाद उसने 900 रुपये देकर अपनी आईडी जेनरेट की। फिर उसे बताया गया कि कंपनी की तरफ से उसे मेंबल्स साईट्स पर फ्री ट्रायल वर्क कराया जाएगा। इसके बाद उसने कंपनी के कहने पर आठ हजार रुपये डिपॉजिट किया, अगले दिन उसे कंपनी के जरिये 23,800 रुपये वापस किए गए। जब उसे महज आठ सौ के बदले 23 हजार वापस मिले तो वह कंपनी के झांसे में आ गया। और यहीं से उसकी बबार्दी को दौर शुरू हो गया। फिर उससे तीस हजार जमा करने को कहा गया, जब उसने यह रकम जमा की तो उसका आईडी 66, 717 रुपये माइनस में चला गया। फिर उसने विभिन्न बैंक अकाउंट के माध्यम से कंपनी को जमा किया। लेकिन उसके बाद आईडी में 1.76 लाख रुपये माइनस दिखने लगी। फिर उसने साईबर अपराधी के झांसे में आकर उक्त रकम को जमा कराया। लेकिन उसकी आईडी अलग अलग वजहों से लगातार माइनस में जाती रही और वह रकम जमा करता गया। इस प्रकार उसने करीब 10.93 लाख रुपए जमा कर दिए। इसके बाद साईबर अपराधी उससे कंपनी के सीनियर अधिकारी बनकर उससे बात की और उसे झांसे में लेकर अकाउंट अनहोल्ड कराने के नाम पर पुनः 1.99 लाख रुपए ऐंठ लिए।

## राम भरोसे चल रही रेल थाना की चौकी, इंचार्ज रहते हैं नदारद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददात




**सिल्ली :** मुरी रेल थाना राम भरोसे चल रही है चौकी इंचार्ज रहते हैं नदारद । मुरी रेल थाना का हाल कुछ इस तरह है कि वहां आपको ना ही समय पर सिपाही मिलेंगे ना ही चौकी इंचार्ज। जरूरी दस्तावेजों का हाल कुछ इस तरह है कि उन्हें बिना किसी चिंता के खुले में टेबलों पर रखा गया है। ऐसे में अब सवाल ये उठता है कि अगर किसी को कोई परेशानी है तो वो आखिर जाए कहां। थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह अक्सर थाना से नदारत रहते हैं।उसके जगह हमेशा थाना में पदस्थापित एसआई डी राम तथा अन्य पुलिस कर्मी किसी भी मामले पर को उलझाने के बाद लीपापोती करने के लिए लोगों को परेशान करते हैं।परेशान रेल यात्री थाना प्रभारी को बुलाने की मांग करने पर यह आनाकानी करते हैं ना ही उनसे बात करने के लिए उनका नंबर देते हैं। इस संबंध में जब थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह से उनके मोबाइल नंबर 7004714661 पर बात करना चाह पर उन्होंने मोबाइल रिसीव नहीं किया।

## शिक्षक संघ की बैठक संपन्न, महिला शिक्षकों को किया गया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** बोकारो शिक्षक संघ, जिला बोकारो की बैठक सिटी पार्क, बोकारो में जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित काव्य रचना प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार पाने वालों में पीएम श्री एसएस +2 उच्च विद्यालय, कसमार की शिक्षिका सुमन कुमारी, राजकीय कृत +2 उच्च विद्यालय, लकड़ाखंडा की शिक्षिका प्रियंका कुमारी, +2 उच्च विद्यालय, दुग्दा की शिक्षिका श्वेता कुमारी उपाध्याय, एवं श्रमिक +2 उच्च विद्यालय, तुपकाडीह की शिक्षिका राखी बरनवाल शामिल थीं। कार्यक्रम का संचालन सचिव डॉ. अवनीश कुमार झा ने किया। उन्होंने महिला शिक्षिकाओं की सहभागिता के प्रति आभार प्रकट किया और नारी शक्ति के शिक्षा एवं समाज में महत्त्व पर प्रकाश डाला। सम्मानित शिक्षिकाओं ने जिला कार्यकारिणी समिति के प्रति आभार व्यक्त किया और शिक्षा के प्रचार-प्रसार का संकल्प लिया। बैठक में जिला कार्यकारिणी समिति के नए सदस्य के रूप में उपाध्यक्ष लालचंद रजक का औपचारिक स्वागत किया गया। श्री रजक ने संगठन को सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का भरोसा दिलाया। अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने उम्मीद जताई कि लालचंद रजक के अनुभव से संगठन को लाभ मिलेगा। संयुक्त सचिव डॉ. शक्ति पद महतो ने सभी सदस्यों से संगठित होकर कार्य करने और संगठन को मजबूत बनाने की अपील की। बैठक में कोषाध्यक्ष राजदेव साहू, संगठन मंत्री ब्रजेश कुमार, संयुक्त सचिव राजेश कुमार विश्वकर्मा, उप संगठन मंत्री मुकेश कुमार यादव, वरीय सदस्य कपिल देव ठाकुर एवं अशोक कुमार महतो ने भी अपने विचार व्यक्त किए।


## चास के बेलुंजा में 1862 से हो रही है चैती दुर्गा पुजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** चास प्रखंड के बेलूंजा गांव में चैती दुर्गा पूजा धूमधाम से होती है. यहां दूर-दूर से श्रद्धातु पूजा करने आते हैं। वर्षों से यह मंदिर आस्था का केंद्र बना हुआ है। पांच दिवसीय पूजा 3 अप्रैल से विधि-विधान के साथ बेलवृक्ष मे मां की आराधना कर बाजागाजा के साथ शुरू होगी। पुजा शुरू होते ही बेलुंजा व आसपास के गाँव भक्ति मय वातावरण में बदल जाती है। 7 अप्रैल को दुबे बांध मे विसर्जन के साथ पूजा संपन्न होगी। 163 बर्षो से पुजा हो रही है। पूजा में बैलुंजा, पैलाडीह, बेलूट, डाबका, बिजुलिया, पाठकडीह, सिंदूरपेटी, डुमरदा, व आसपास के जिलों से बहुत लोग पहुंचते हैं। पुजा अर्चना करते हैं।मन्नत पुरी होती है।मन्नत पुरी होने पर श्रदालुओं चढावा चढाते है। सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता है। यहां अयोध्या नाथ दुबे व मणिलाल दुबे ने पूजा की शुरूआत की थी। दोनों के परिजन बताते हैं कि गांव में आश्विन माह शारदीय दुर्गा पूजा के दौरान गुरुदास दुबे के पुत्र मनिलाल दुबे गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। मरणासन्न स्थिति मे थे। मंदिर में पूजा चल रही थी। लोगों ने पूजा-अर्चना की। उसी समय मनिलाल दुवे ने माँ- माँ का आवाज दिया।इसके बाद मनिलाल दुबे ठीक हो गये। उसी समय से यहां चैती दुर्गा पूजा शुरू हुई। यहां 1862 से मां की आराधना की जा रही है। वर्ष 1972 में भैरव चंद दुबे ने भव्य मंदिर का निर्माण कराया, । पूजा व मेला को लेकर पुरोहित पंडित प्रकाश भट्टाचार्य, आचार्य गौरीशंकर तिवारी, पंडित तारक नाथ तिवारी, अयोध्या नाथ दुबे के वंशज अध्यक्ष चक्रधर दुबे, डॉ मधुसूदन दुबे, निताई दुबे, खगेंद्र नाथ दुबे, जनार्दन दुबे, सच्चिदानंद दुबे, प्रखंड बीस सूत्री पूर्व सदस्य आशुतोष दुबे, अजय दुबे, राजीव रंजन दुबे ,अजित दुवे, निर्भय कुमार दुबे, गौउर दुबे आदि ग्रामीण सक्रिय रूप से जुटे हैं। मां की कृपा से सभी परिवार सुखी संपन्न है। आज भी पूजा विधि-विधान से ही करते हैं।

## पंचर बनाने के दौरान बाइक की डिक्की से एक लाख की चोरी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** डालटनगंज शहर थाना क्षेत्र के रेडमा चौक पर बाइक के टायर में हुए पंचर की संख्या पूछना एक बुजुर्ग को काफी महंगा पड़ गया। दुकान के अंदर जाते ही दिनदहाड़े उनकी बाइक की डिक्की खोलकर एक लाख रुपए नगद की चोरी कर ली गयी। घटना बुधवार दोपहर की है। बाईपास रोड एकता पथ में रहने वाले महेन्द्र पांडेय ने इस सिलसिले में शहर थाना में एफआइआर दर्ज करायी है। पुलिस जांच में जुटी है। सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जा रहा है। महेन्द्र पांडेय ने शहर थाना में आवेदन देते हुए सीसीटीवी कैमरे के वीडियो फूटेज देखकर कार्रवाई करने का आग्रह किया है। शहर थाना में महेन्द्र पांडेय ने जानकारी दी कि पंजाब नेशनल बैंक की बाजार शाखा से एक लाख रूपए निकालकर बाइपास रोड घर जा रहे थे कि अचानक रेडमा चौक पर उनकी बाइक का अगला टायर पंचर हो गया। पास की टायर दुकान पर बाइक लगाकर पंचर बनवा रहे थे। दुकान के अंदर टायर में कितना पंचर हुआ है पूछने गए थे। उतने देर में ही उनकी डिक्की से रुपए गायब कर दिए गए। मकान बनाने के लिए बैंक से रूपए निकाले थे। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# अवैध वसूली रोकने और थाना प्रभारी के दुर्व्यवहार के खिलाफ दुकानें बंद कर प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू :** विश्रामपुर नगर पर्षद में सैरात हाट की अवैध वसूली रोकने और थाना प्रभारी के दुर्व्यवहार के खिलाफ व्यवसायी सड़क पर उतर गए हैं। 800 दुकानें बंद हैं। विश्रामपुर बाजार में सारे व्यवसायी धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। व्यवसायियों की ओर से सैरात की अवैध वसूली रोकने और थाना प्रभारी सौरभ चौबे को निलंबित करने की मांग की जा रही है। बाजार सुरक्षा समिति विश्रामुपर व्यापार संघ के बैनर तले विश्रामपुर नगर पर्षद में सैरात हाट की अवैध वसूली रोकने की शिकायत लेकर बाजार क्षेत्र के व्यवसायी बुधवार सुबह थाना में गए थे। आरोप है कि थाना परिसर में बड़ी संख्या में व्यवसायियों के आ जाने पर थाना प्रभारी सौरभ चौबे भड़क गए और संघ के अध्यक्ष पंकज लाल के साथ ना सिर्फ दुर्व्यवहार किया, बल्कि अपमानजनक बात भी कही। थाना प्रभारी से मदद की जगह अपमान होने पर सारे व्यवसायी आक्रोशित हो गए और उसी समय आन्दोलन करने के लिए सड़क पर उतर गए। करीब 800 व्यवसायियों ने अपनी दुकानें नहीं खोली। सारे लोग एकत्रित होकर मुख्य बाजार क्षेत्र में धरना पर बैठ गए। इसके बाद पूरा बाजार बंद हो गया। मौके पर अध्यक्ष पंकज लाल ने कहा कि तमाम व्यवसायियों ने निर्णय लिया है कि जबतक थाना प्रभारी को निलंबित नहीं कर दिया जाता, तबतक आन्दोलन किया जायेगा। उन्होंने विश्रामपुर नगर पर्षद के कार्यपालक पदाधिकारी से सैरात की अवैध वसूली रोकने का आग्रह किया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने पर थाना प्रभारी से मदद के लिए गए थे, लेकिन उल्टा अपमान सहना पड़ा। इस मामले में थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने कहा कि उन्होंने किसी व्यवसायी के साथ दुर्व्यवहार या अपमानजनक बातें नहीं कही है। मनगढंत आरोप लगाया जा रहा है। मामला उनके क्षेत्र से जुड़ा हुआ नहीं था, इसलिए संबंधित पदाधिकारी के पास व्यवसायियों को कार्रवाई के लिए जाने की सलाह दी थी। इस मामले में विश्रामपुर नगर पर्षद के कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि अगर सैरात हाट में अवैध वसूली का मामला है तो इसकी जांच कराकर कार्रवाई की जायेगी। वहीं रामनवमी जैसे पर्व के दौरान अचानक विश्रामपुर क्षेत्र की सभी 800 दुकानें बंद हो जाने से व्यापक असर पड़ा है। ग्रामीण क्षेत्र से खरीद-बिक्री के लिए आने वाले ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है।

संक्षिप्त खबरें

## रामनवमी को लेकर सरिया में निकला मंगला जुलूस, जय श्री राम के नारे से गूंजा क्षेत्र



**सरिया(गिरिडीह) :** श्री राम नवमी पूजा को लेकर नगर पंचायत क्षेत्र बड़की सरिया में उत्साह का माहौल है। विभिन्न अखाड़ों में पारंपरिक ढोल के साथ प्रतिदिन लाठी डंडे का खेल चल रहा है। खिलाड़ी कई प्रकार के मनोरंजन करतब भी दिखा रहे हैं। वहीं मंगलवार की शाम श्री राम मंडली अखाड़ा समिति द्वारा मंगला जुलूस निकाला गया। रथ पर भगवान श्री राम की मूर्ति को सजाया गया था। बजरंगबली के मंदिर में विधिवत पूजन आरती के पश्चात हनुमान जी के झंडे के साथ मंगलवार की संध्या 8:00 बजे गाजे-बाजे के साथ जुलूस पूरे चंद्रमारणी मोहल्ले में भ्रमण किया। इस बीच जय श्री राम जय हनुमान वंदे मातरम आदि नारे लगाए गए लोगों ने जमकर अखाड़े में लाठियां भांजी तथा धार्मिक भजनों के साथ जमकर झूमे-नाचे। इस संबंध में अखाड़ा समिति के अध्यक्ष सुजीत कुमार मंडल ने बताया कि सरिया प्रखंड क्षेत्र में श्री राम मंडली अखाड़ा समिति द्वारा रामनवमी के पूर्व मंगलवार या शनिवार को मंगला जुलूस निकालने की परंपरा रही है। कहा कि मंगला जुलूस के दौरान पूरे पोषक क्षेत्र में भगवान का रथ घुमाया जाता है लोगों का मानना है कि रथ घूमने से क्षेत्र में सुख शांति अमन जैन मिलता है। मंगला जुलूस को लेकर एसडीएम के निदेर्शानुसार दंडाधिकारी तथा थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह सदल बल गस्ती करते रहे। मुक्त जुलूस में श्री राम मंडली के अध्यक्ष सुजीत कुमार मंडल, सचिव राजकिशोर मंडल, कोषाध्यक्ष डॉ उमेश कुमार, केदार मंडल, बबलू मंडल, रिशु रूपांशु, विकास कुमार, रंजीत कुमार, रामावतार पांडेय, राजेंद्र प्रसाद, दुलार मंडल, विक्रम मालाकार, काली मंडल, राजन मंडल, उमेश कुमार, कंठेकाल, निर्मल कुमार, राजू साव, जीतू प्रसाद, अरविंद पांडेय, दामोदर पांडेय, सब्यसाची पांडेय, वासुदेव प्रसाद, काली पांडेय सहित काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

## माले का मंदरामो पुर्वी लोकल कमेटी का हुआ गठन, विजय सिंह बने सचिव



**सरिया(गिरिडीह) :** भाकपा माले पार्टी कार्यालय सरिया में बुधवार को मंदरामो पुर्वी लोकल कमिटी सम्मेलन सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में 17 सदस्यीय लोकल कमिटी का गठन किया गया। सभी सदस्यों की सहमति से विजय सिंह को लोकल सचिव चुना गया। सम्मेलन में प्रखंड कमिटी सदस्य बसन्त स्वर्णकार पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहे। मुख्य अतिथि राज्य कमिटी सदस्य व किसान महासभा के नेता पूरन महतो रहे। पूरन महतो ने सम्मेलन की सफलता पर कमिटी सदस्यों और उपस्थित कार्यकताओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, देश में एनडीए सरकार तानाशाही रवैये से धर्म, जाति, वेशभूषा और खानपान के नाम पर लोगों को बांटने की साजिश कर रही है। महंगाई, गरीबी, भुखमरी, अशिक्षा और बेरोजगारी चरम पर है। केंद्र सरकार विभाजनकारी नीतियों से नागरिकों के अधिकार छीन रही है। गंगा-जमुनी तहजीब को खत्म किया जा रहा है। ऐसे समय में एकजुट होकर भाईचारा और सद्भाव बनाए रखना जरूरी है। सड़कों पर आंदोलन कर सरकार को जवाब देना होगा। सम्मेलन में आरवाईए जिलाध्यक्ष सोनु पांडेय के नेतृत्व में 14 युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ली। सभी ने पार्टी के सिद्धांतों पर चलने की शपथ ली। मौके पर रामलाल दास, श्यामसुंदर यादव, अक्षय यादव, नकुल मंडल, सुबित मंडल, साजिद अंसारी, शम्भू मंडल, राजेन्द्र रविदास, प्रयाग दास, सुखदेव मंडल, सिराज अंसारी और मनोज यादव सहित दर्जनों सदस्य मौजूद रहे।

## एलकेजी से कक्षा दो तक के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सिल्ली :** डीएवी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल, सिल्ली में एलकेजी से कक्षा दो तक के विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, जिसमें अभिभावकों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत सौहार्दपूर्ण स्वागत गीत से हुई, जिससे पूरे माहौल में उत्साह भर गया। अभिभावकों को विद्यालय की शैक्षणिक प्रणाली, परीक्षा पैटर्न और सुविधाओं की जानकारी प्रदान करने के लिए एक जानकारीपूर्ण पीपीटी प्रस्तुति दी गई। इस प्रस्तुति के माध्यम से उन्हें विद्यालय की शिक्षा पद्धति व बच्चों की शैक्षिक यात्रा की संपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम को और अधिक रोचक बनाने के लिए संगीत म्यूजिकल चेयर खेल आयोजित किया गया, जिसमें अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और इसे आनंदमय बनाया। यह इंडक्शन कार्यक्रम विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा बच्चों की शिक्षा को प्रभावी बनाने में सहायक रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षक - शंभू नाथ मुखर्जी तथा विजय मंडल शिक्षिकाएं नैना कांदू , खुशबू शर्मा, मोनालिसा सेनगुप्ता, अंकिता शर्मा, ज्योति कुमारी, और श्वेता शाह का योगदान सराहनीय रहा । अंत में, विद्यालय की प्राचार्या सुश्री बी . शरण ने प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया , जिससे कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण तरीके से हुआ।

## लावा गांव में हरिनाम संकीर्तन धुलत के साथ संपन्न



**पटमदा :** पटमदा के लावा गांव में हरि पारायण संघ की ओर से आयोजित 72 घंटे का हरिनाम संकीर्तन में श्रद्धालुओं ने मंदिर में मत्था टेका व क्षेत्र की खुशहाली हेतु प्रार्थना की। मौके पर जिला पार्षद प्रदीप बेसरा, ग्राम प्रधान बृंदावन दास, पूर्व सैनिक वीरेंद्र प्रताप सिंह, उज्ज्वल कांति दास, उत्तम कुमार मल्लिक, रंजन मल्लिक, श्यामल गोराई, तपन गोराई, विनय प्रमाणिक व दीपक गोराई ,परमेश्वर गोप, सुमित गोराई आदि मौजूद थे। जागरण रात्रि के मौके पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। वही धुलत में युवाओं ने उल्लास के साथ रंग गुलाल खेलकर हरिनाम संकीर्तन दल के साथ नगर भ्रमण किया।

# पेड़ काटना मानव हत्या के समान

अब यह समझ लेना जरूरी है कि कोई कानून और पेड़ों को हल्के में न ले। देश में लगातार जारी पेड़ों की अवैध कटाई के खिलाफ सख्त रवैया अख्तियार करते हुए देश की शीर्ष अदालत ने कहा है कि एक पेड़ का कटना इंसान की हत्या से भी बदतर है। कोर्ट ने आरोपी व्यक्ति को नये पौधे लगाने की अनुमति तो दी, लेकिन काटे गए 454 पेड़ों के बदले प्रति पेड़ एक लाख रुपये के हिसाब से लगाया जुमार्ना कम करने से इनकार कर दिया। ऐसा कोर्ट ने अभियुक्त के गलती स्वीकारने और माफी मांगने के बावजूद किया।

इसके जरिये कोर्ट ने साफ संदेश दिया कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों को कोई रियायत नहीं दी जाएगी। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने स्पष्ट संदेश दिया कि संबंधित प्राधिकारी की आज्ञा के बिना पेड़ काटने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

उल्लेखनीय है कि ताजमहल व अन्य पुरातात्विक इमारतों के संरक्षण के लिये बनाये गए ताज ट्रेपोजियम क्षेत्र में 454 पेड़ कटवा दिए गए थे। दरअसल, कोर्ट ने इस मामले में एमिकस क्यूरी के रूप में सहयोग कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता एडीएन राव के इस सुझाव पर सहमति जतायी कि कोई कानून और पेड़ों को हल्के में न ले। वहीं, जुमार्ना लगाने के बाबत भी कोर्ट ने मानक तय किया कि इसमें किसी तरह रियायत नहीं दी जाएगी। कोर्ट ने इस बात को लेकर भी चिंता जतायी कि जो पेड़ काटे गए हैं, उसकी जगह नये पेड़ लगाने के बावजूद इसकी क्षतिपूर्ति में सौ साल लग जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील संरक्षित ताज ट्रेपोजियम क्षेत्र में अदालत ने पेड़ काटने पर वर्ष 2015 से ही प्रतिबंध लगा रखा था। इसके बावजूद अदालत की अनुमति के बिना सैकड़ों पेड़ काट डाले गए। जिसके बाद न्यायालय ने केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति यानी सीईसी की वह रिपोर्ट स्वीकार कर ली कि बीते वर्ष 454 पेड़ काटने वाले व्यक्ति पर प्रति पेड़ के हिसाब से एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाया जाए।

कोर्ट ने अभियुक्त की तरफ से पेश वकील वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी की वह दलील ठुकरा दी कि अभियुक्त ने गलती मानते हुए माफी मांग ली है, तो उसे जुमार्ना कम करके राहत दी जाए। हालांकि कोर्ट ने पास के किसी स्थान पर पौधरोपण करने की अनुमति जरूर प्रदान कर दी है। ऐसे वक्त में जब पूरी दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग के चलते तापमान में निरंतर वृद्धि जारी है, वृक्षों का होना प्राणवायु का जरिया ही है। जो हमें शहरों के कंक्रीट के जंगल से उत्पन्न खतरों से बचाते हैं। खासकर पुरातात्विक दृष्टि से महत्वपूर्ण इलाकों में उनकी दोहरी भूमिका है। ऐसे में नीति-नियंताओं को सोचना होगा कि कैसे किसी व्यक्ति को संवेदनशील इलाके में पेड़ काटने की अनुमति दी गई। निरंतर बढ़ते तापमान के दौर में वृक्षों के प्रति संवेदनशीलता शासन-प्रशासन के साथ समाज में भी होनी चाहिए। उत्तराखंड में चिपको आंदोलन और राजस्थान में खेजड़ी वृक्षों को बचाने के लिये लोगों के त्याग व संघर्ष को हमें याद रखना चाहिए। जनता का कड़ा प्रतिरोध भी वृक्षों की रक्षा करने में निर्णायक भूमिका निभा सकता है।

# हरिभाऊ वाकणकर : भीमबैठका और वैदिककालीन मानव सभ्यता के प्रमाण खोजे थे

**रमेश शर्मा**



डॉक्टर हरिभाऊ वाकणकर की गणना संसार के प्रमुख पुरातत्वविदों में होती है। उन्होंने भारत के विभिन्न वनक्षेत्र के पुरातन जीवन और भोपाल के आसपास लाखों वर्ष पुराने मानव सभ्यता के प्रमाण खोजे। भीमबैठका उन्हीं की खोज है। उनके शोध के बाद विश्व भर के पुरातत्वविद् भारत आये और डाक्टर वाकणकर से मार्गदर्शन लिया। उनका पूरा नाम श्रीविष्णु श्रीधर वाकणकर था लेकिन वे हरिभाऊ वाकणकर के नाम से प्रसिद्ध थे।

उनका जन्म 4 मई 1919 को मध्यप्रदेश के नीमच नगर में हुआ। पिता श्रीधरजी वाकणकर वैदिक विद्वान थे और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े थे। बड़े भाई लक्ष्मण वाकणकर बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से केमिकल इंजीनियर थे। उन्हें सिरेमिक कला में विशेषज्ञता प्राप्त थी। लिपियों के विकास विशेकर देवनागरी के डिजिटलीकरण में विशेषज्ञ के रूप में उनकी ख्याति थी। हरिभाऊ जी की प्रारंभिक शिक्षा नीमच में ही हुई और उच्च शिक्षा केलिये बनारस गये। पारिवारिक पृष्ठभूमि ने उनके भीतर भारतीय संस्कृति के प्रति अटूट स्वाभिमान जागृत किया और राष्ट्रीय स्वयं सेवकसंघ से जुड़ने के लिये प्रेरित किया। वे बालवय में ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ गये थे। हरिभाऊ जी बहुत अध्ययन एवं कल्पनाशील थे, स्मरण शक्ति और स्वत्व वोध विलक्षण था। छात्र जीवन में अपनी कक्षा के साथियों और अन्य मित्रों से परस्पर चर्चा में तर्क सहित वे उन धारणाओं का खंडन करते थे जो विदेशी लेखकों ने भारतीय वाड्मय की गरिमा कम करने के लिये स्थापित की थीं। शिक्षा पूरी कर उन्होंने इसी दिशा में कदम बढ़ाये। उन्होंने भारतीय पुरातन साहित्य का विस्तृत अध्ययन किया और पुराणों कथाओं से संबंधित विवरणों के सजीव प्रमाण खोजे।अनेक उन तथ्यों को प्रमाणित किया जिन्हें मिथक कहकर नकारा जाता रहा था। इसमें वेद वर्णित सरस्वती नदी का अस्तित्व भी है।

वाकणकर जी ने सरस्वती नदी की खोज के लिये विश्व इतिहास के इस तथ्य को आधार बनाया कि संस्कृतियों के विकास और इतिहास के प्रमाणीकरण में नदियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। वाकणकर जी ने वैदिक साहित्य में वर्णित सरस्वती नदी की खोज आरंभ की। उन्होंने उपग्रह छवि से प्रमाणित किया कि सरस्वती नदी का प्रवाह हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात से होकर गुजरता है। आगे चलकर इस मार्ग के लिये एक परियोजना का गठन हुआ जिसके सलाहकार मंडल के संयोजक वाकणकर जी बनाये गये। उन्होंने सिंधु घाटी सभ्यता को भी सरस्वती नदी से जुड़े होने के प्रमाण दिये। पुरातात्विक खोज के लिये उन्होने उन्होंने पूरे देश की यात्रा की। गंगा और नर्मदा के किनारे, विन्धय एवं सतपुड़ा पर्वत क्षणियों के मैदानों में लाखों वर्ष पुराने मानव सभ्यता के चिन्ह खोजे। पर उन्हें मालवा से बहुत लगाव था। इसलिये उन्होंने नीमच, रतलाम, उज्जैन, इंदौर, कायथा, शाजापुर के साथ भोपाल, रायसेन, विदिशा आदि क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया और वनक्षेत्र में पदयात्राएँ कीं। उनके जीवनवृत के अध्ययन से लगता है कि प्रकृति से उन्हें कोई अतिरिक्त ऊर्जा प्राप्त थी। वे पुरातात्विक और खंडित प्रतिमाओं को इतने ध्यान से देखते थे कि लगता था उनसे बातें कर रहे हो। कई बार तो बैठे-बैठे उठकर किसी विशिष्ठ स्थान की ओर चल देते थे अथवा चलती ट्रेन में अपनी यात्रा अधूरी छोड़कर जंगल में उतर जाते थे और उन्हें वहाँ कुछ न कुछ पुरातात्विक खजाना मिल ही जाता था।

मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल से लगभग चालीस किलोमीटर दूर भीमबेटका के प्राचीन शिलाचित्रों की खोज वाकणकरजी ने की थी। भीमबैठका और भोजपुर के आसपास के कुछ चित्र तो लगभग पौने दो लाख वर्ष पुराने प्रमाणित हुये। इन सभी चित्रों का कार्बन-डेटिंग पद्धति से परीक्षण किया गया। इसका सत्यापन अंतरराष्ट्रीय शोधकताओं ने किया । इसी शोध के चलते उन्हें 1975 में पद्मश्री अलंकरण मिला।

वाकणकर जी उज्जैन के सिंधिया ओरियंटल इंस्टीट्यूट से जुड़े थे और भारतीय कला मंदिर उनकी साधना स्थली था। वे न केवल पुरातत्वविद् थे अपितु अच्छे चित्रकार भी थे। उन्हें जितनी विशिष्टता पुरातात्विक अनुसंधान में प्राप्त थी वे उतने ही श्रेष्ठ संगठक थे। उनका पूरा जीवन ऋषि परंपपरानुरूप था। उन्होंने अपने शिष्यों की एक विशाल मंडली तैयार की। उनमें श्याम सुंदर सक्सेना, गोमती संकुशल, सचिदा नागदेव , मुजफ्फर कुरैशी, रहीम गुट्टीवाला आदि प्रमुख रहे। अपने शिष्यों की टोली के साथ उन्होंने चंबल और नर्मदा के बीहड़ों की खोज की और इंग्लैड तक यात्रा की। उनका शिष्य मंडल मानों परिवार था, उनके व्यक्तित्व का अंग था। वे सुनते अधिक थे बोलते कम थे। जो बोलते मानों ब्रह्म वाक्य होता। उन्होंने जीवन में कभी विश्राम नहीं किया। उन्होंने निरंतर यात्राएँ कीं, भारत के सभी महत्वपूर्ण पुरातात्विक स्थानों के साथ विश्व के अनेक स्थानों की यात्रा इसमें शामिल है। वे कभी भी एक झोला कंधे पर टाँग कर निकल पड़ते थे। जिस प्रकार उनके जीवन का आरंभ भारतीय परंपरा, संस्कृति और श्रेष्ठता को प्रतिष्ठित करने के अभियान के साथ हुआ था, जीवन का समापन भी कर्मपथ पर हुआ। उन्होंने 4 मई 1988 को सिंगापुर में जीवन की अंतिम श्वाँस ली।

यह उनके व्यक्तित्व और कार्य क्षमता और ऊर्जा की विलक्षण विशेषता थी कि पुरातात्विक अन्वेषण में अपने अतुलीय और अथक कार्य के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रकल्पों में भी उनकी सक्रियता निरन्तर रही। वे 1981 में स्थापित संस्कार भारती के संस्थापक महामंत्री रहे। वनक्षेत्र में अपने शोध कार्य के साथ उन्होने संघ की योजनानुसार सामाजिक और शैक्षणिक उत्थान कार्य भी किये।

पुरातात्विक अनुसंधान और सामाजिक कार्यों के साथ वाकणकरजी ने सिक्कों और शिलालेखों का संग्रह भी किया। उन्होंने ईसा पूर्व 5वीं शताब्दी से लेकर अब तक के लगभग 5500 सिक्कों और संस्कृत, प्राकृत, ब्राह्मी आदि भाषाओं के लगभग 250 शिलालेखों का संग्रह किया। उनके योगदान की स्मृति को सजीव रखने के लिये संस्कार भारती ने 4 मई 2019 से 3 मई 2020 के बीच उनकी जन्म शताब्दी वर्ष का आयोजन किया था। उनका शरीर भले आज संसार में नहीं है पर उनके अनुसंधान सजीव हैं। वे पुरातात्विक अनुसंधान के मील के पत्थर थे। उनके द्वारा स्थापित मानदंड आज भी अनुसंधानकताओं का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

## सूडोकू नवताल 7389

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल 7388 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

# भाजपा के लिए अब भी अहम है संघ प्रमुख की राय



**कृष्णमोहन झा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विगत दिनों राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नागपुर स्थित मुख्यालय केशव कुंज में अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर संघ के संस्थापक डा केशव बलीराम हेडगेवार और भारतीय संविधान की रचना में महत्वपूर्ण योगदान करने वाले डा भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमाओं पर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री ने माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर का शिलान्यास भी किया। संघ के शताब्दी वर्ष में प्रधानमंत्री का यह नागपुर प्रवास अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है और इसके कई निहितार्थ भी निकाले जा रहे हैं क्योंकि प्रधानमंत्री के रूप में विगत ग्यारह वर्षों में उन्होंने पहली बार संघ मुख्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रधानमंत्री के इस प्रवास को निकट भविष्य में होने जा रहे भारतीय जनता पार्टी के नये अध्यक्ष के चुनाव से भी जोड़ कर देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के इस नागपुर प्रवास को लेकर भले ही तरह तरह के कयास लगाए जा रहे हों परंतु दर असल आवश्यकता तो इस बात की है कि उन सभी राजनीतिक कयासों को परे रखकर प्रधानमंत्री के उस उद्बोधन पर गौर किया जाए जिसमें उन्होंने राष्ट्र निर्माण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की महत्वपूर्ण भूमिका को विशेष रूप से रेखांकित किया। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके पूर्व जुलाई 2013 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में नागपुर आए थे। उल्लेखनीय है कि बतौर प्रधानमंत्री नागपुर आने वाले मोदी दूसरे प्रधानमंत्री हैं। उनके पूर्व सन 2000 में तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई ने नागपुर स्थित संघ मुख्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी।

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने हिंदू नववर्ष के शुभारंभ के पुनीत अवसर पर माधव नेत्रालय के प्रीमियर सेंटर के शिलान्यास हेतु हुए प्रधानमंत्री के आगमन को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आज डाक्टर साहब (डा हेडगेवार) का जन्म दिवस है और आज संघ के द्वितीय सरसंघचालक माधव सदाशिवराव गोलवलकर' गुरूजी ' के नाम पर कार्यरत सेवा प्रकल्प के विस्तार कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री यहां उपस्थित हुए हैं। सारे शुभ योग हैं जब सारे शुभ योग एकत्रित होते हैं तो उसके लिए तपस्या करनी पड़ती है। संघ प्रमुख ने कहा कि स्वयंसेवक समाज के लिए काम करते हैं। यही प्रेरणा है जिससे उन्हें कष्ट सहने की प्रेरणा मिलती है। स्वयं सेवक इसके बदले में कुछ नहीं चाहते।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि इसी साल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गौरवशाली यात्रा के 100 साल पूरे हो रहे हैं और इस अवसर पर मुझे स्मृति मंदिर जाकर पूज्य डाक्टर साहब और पूज्य गुरु जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने का सौभाग्य मिला है। मेरे जैसे जैसे अनगिनत लोग परमपूज्य डाक्टर साहब और पूज्य गुरुजी के विचारों से प्रेरणा और शक्ति प्राप्त करते हैं। इन दो महान लोगों को श्रद्धांजलि देना मेरे लिए सम्मान की बात है जिन्होंने एक मजबूत, समृद्ध और सांस्कृतिक रूप से गौरवशाली भारत की कल्पना की थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि अतीत में भारत पर अनेक आक्रमणों के बावजूद हमारी चेतना समाप्त नहीं हुई। उसकी लौ हमेशा जलती रही । उसे जागृत रखने के लिए निरंतर सामाजिक आंदोलन होते रहे। हमारे संतों ने अपने मौलिक विचारों से समाज में प्राण फूंके। स्वामी विवेकानंद से लेकर डाक्टर साहब तक , किसी ने भी उस चेतना को बुझने नहीं दिया। राष्ट्रीय चेतना का जो बीज डाक्टर साहब ने 100 वर्ष पहले बोया था वह आज विशाल वट वृक्ष का रूप ले चुका है। स्वयंसेवक इसकी टहनी के रूप में कार्य कर रहे हैं। संघ के सिद्धांत और आदर्श ने इस वटवृक्ष को ऊंचाई प्रदान की है। संघ भारत की अमर संस्कृति का आधुनिक अक्षय वट है जो सामाजिक चेतना और भारतीय संस्कृति को ऊर्जा प्रदान कर रहा है। प्रधानमंत्री ने प्रयागराज में संपन्न महाकुंभ के कुशल प्रबंधन में संघ के स्वयंसेवकों के सेवाभावी योगदान की सराहना करते हुए कहा कि जो सेवा संस्कार का रूप लेकर साधना बन जाती है वही साधना संघ के स्वयंसेवकों की प्राणवायु है। संघ के स्वयंसेवक हमेशा अपना कर्तव्य निभाते हैं। कार्य छोटा हो या बड़ा, कार्यक्षेत्र नगर हो या वन पहाड़ी क्षेत्र, वे हमेशा निस्वार्थ भाव से सेवा में समर्पित रहते हैं। प्रधानमंत्री ने राष्ट्र के विकास में युवा शक्ति की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि भारत का युवा ही 2047 के विकसित भारत की ध्वजा थामे हुए हैं। भारत का युवा अपनी गौरवशाली विरासत और संस्कृति पर गर्व करते हुए आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात को रेखांकित किया कि आज भारत विश्व के दूसरे देशों की मदद करने में समर्थ है। वसुधैव कुटुंबकम् का मंत्र दुनिया के कोने कोने तक गूंज रहा । दुनिया के किसी भी देश जब कोई संकट आता है तो भारत उसकी सहायता के तत्पर रहा है । अभी हाल में ही म्यांमार में आए भयानक भूकंप की त्रासदी से निपटने के लिए उसे भारत ने तत्काल ही आपरेशन ब्रह्मा के माध्यम से मदद उपलब्ध कराई। नेपाल में भी जब भूकंप ने तबाही मचाई तब भी उसे मदद करने वाले देशों में भारत अग्रणी था। सेवा और बंधुत्व की यह भावना हमारे संस्कारों का विस्तार ही है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में उनकी सरकार द्वारा जनहित में प्रारंभ की गई स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि आम जनता तथा बुजुर्गों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास रत है। स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में माधव नेत्रालय को उत्कृष्ट संस्थान बताते हुए उन्होंने कहा कि यह संस्थान मानव सेवा का मंदिर है और कण कण में देवालय का प्रतीक है। संघ मुख्यालय में नरेन्द्र मोदी का यह प्रवास संक्षिप्त भले ही रहा हो परन्तु इस प्रवास को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। संघ प्रमुख मोहन भागवत और प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में विचारों का जो आदान प्रदान किया उसने संघ और सरकार के संबंधों में एक नये अध्याय की शुरूआत के रूप में देखा जा जा रहा है और अब यह भी तय माना जा सकता है कि निकट भविष्य में होने जा रहे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में संघ की राय अहम साबित होगी।

**(लेखक राजनैतिक विश्लेषक है)**

# मथुरा-काशी से जुड़ी नई मुहीम का आह्वान

**ललित गर्ग**

हिंदू समूहों का दावा है कि मुस्लिम आक्रमणकारियों ने मथुरा में श्रीकृष्ण मंदिर और वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर को नष्ट करके उनके ऊपर मस्जिदें बना दीं। इसीलिये विश्व हिंदू परिषद और साधु-संतों ने 1984 में तीन मंदिरों की बात की थी, जिनमें में अयोध्या में श्रीराम मन्दिर बन चुका है। इसके बाद कई लोगों को लगने लगा था कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व उसके अन्य सहयोगी संगठन इससे संतुष्ट हो चुके हैं और काशी व मथुरा के विषय को जैसे उन्होंने त्याग दिया है या भूला दिया है। लेकिन ऐसा नहीं है, लोकसभा में वक्फ विधेयक के पेश किए जाने से कुछ ही घंटे पहले संघ के सरकार्यवाह एवं महामंत्री दत्तात्रेय होसबाले ने काशी ज्ञानवापी और मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि से जुड़े आंदोलनों-कार्यक्रमों में संघ के स्वयंसेवकों को न रोकने की बात कह कर एक नई मुहीम के आह्वान का अप्रत्यक्ष रूप से संकेत दे दिया है, जिसके गहरे राजनीतिक निहितार्थ हैं। पिछले कुछ समय से इनको लेकर एक ऊहापोह की स्थिति थी, लेकिन संघ के इस मुद्दे पर छाये धुंधलको को हटाते हुए अपने नये बयान से ऊर्जा का संचार किया है। भले ही इससे राजनीति गमार्ये, लेकिन हिन्दू आस्था को इससे खुशी मिली है।


संघ की कन्नड़ साप्ताहिक पत्रिका विक्रमा को दिए इंटरव्यू में होसबाले ने साफ कर दिया कि उस समय यानी 1984 में विश्व हिंदू परिषद और साधु-संतों ने तीन मंदिरों की बात की थी। इसलिए अगर संघ के स्वयंसेवक इन मंदिरों के लिए काम करना चाहते हैं, तो हम उनको रोकेंगे नहीं। साफ है, इस बयान के बाद इन मथुरा-काशी दोनों स्थलों से जुड़े विवाद और इनके आंदोलनों को एक नई ऊर्जा, इन मन्दिरों के जीर्णोद्धार, स्वतंत्र अस्तित्व हासिल करने में सफलता मिलेगी। इससे एक बार फिर भाजपा की ताकत बढेगी एवं हिन्दुओं को एकजुट करने का वातावरण बनेगा। बिहार में कुछ ही माह बाद विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और साल 2027 की शुरूआत में ही उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव होंगे। बिहार एवं उत्तर प्रदेश दोनों ही प्रदेशों में जातिगत गणना और आरक्षण को बड़ा चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिशें हो रही हैं। इन दोनों चुनावों में काशी और मथुरा बड़ा मुद्दा बने, तो कोई आश्चर्य नहीं है। दोनों मन्दिर बिहार से सटे उत्तर प्रदेश के दो छोरों पर स्थित हिंदुओं के दो बड़े पवित्र एवं पावन धर्मस्थल हैं। मथुरा में श्रीकृष्ण मंदिर भगवान कृष्ण के जन्मस्थान के रूप में और वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग के रूप में हिंदू धर्म में अत्यधिक महत्वपूर्ण आस्था-स्थल हैं, जहाँ लोग मोक्ष प्राप्ति के लिए आते हैं। दोनों मंदिर हिंदू धर्म में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं और करोड़ो भक्तों को आकर्षित करते हैं, दोनों मंदिर भारतीय संस्कृति और इतिहास का अहम हिस्सा हैं और उनकी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को दशार्ते हैं।

काशी में विश्वनाथ और मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर का पुनरुद्धार केवल भौतिक संरचनाओं को पुनर्स्थापित करने का प्रयास नहीं है-यह भारत के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक सार को पुनर्जीवित करने एवं आहत हिन्दू आस्था पर मरहम लगाने का आह्वान है। सनातन धर्म की शाश्वत विरासत के प्रतीक ये मंदिर आक्रमणकारियों के सदियों के हमलों के बावजूद हिंदुओं की दृढ़ता और भक्ति के प्रमाण हैं। इन पवित्र स्थलों को पुनः प्राप्त करना हमारे पूर्वजों के बलिदान का सम्मान करने, हमारी विरासत को संरक्षित करने और हमारी समृद्ध परंपराओं को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने का कार्य है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हिंदू मंदिरों के बारे में सच्चाई सबके सामने है, लेकिन ये मामले अनसुलझे हैं। ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के ये स्थल लंबी अदालती लड़ाई के बावजूद अभी भी न्याय का इंतजार कर रहे हैं।

दत्तात्रेय होसबले का यह साक्षात्कार महत्वपूर्ण होने के साथ दूरगामी सोच से जुड़ा है। हालांकि, होसबले ने अपने इसी इंटरव्यू में देश की सभी मस्जिदों को मुद्दा बनाने की प्रवृत्ति को सामाजिक ताने-बाने के लिए नुकसानदेह बताकर संतुलन साधने की कोशिश की है। इससे पहले संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि हर मस्जिद के नीचे शिवलिंग तलाशना सही नहीं है। भले ही पिछले साल दिसंबर में मस्जिदों को लेकर उठ रहे विवाद को शांत करने का उन्होंने यह प्रयास किया था। लेकिन काशी और मथुरा भी उसमें शामिल रहे हो, ऐसा कैसे सोचा जा सकता है? होसबले ने इस साक्षात्कार में गौ हत्या, लव जिहाद और धर्मांतरण जैसी चिंताओं को स्वीकार किया। उन्होंने अस्पृश्यता यानी छुआछूत को खत्म करने, युवाओं में संस्कृति के संरक्षण और देशी भाषाओं की सुरक्षा जैसे समकालीन मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। भाषा नीति पर होसबाले ने त्रिभाषी दृष्टिकोण का समर्थन किया और इसे 95 प्रतिशत भाषाई विवादों का समाधान बताया। उन्होंने भारतीय भाषाओं के संरक्षण और उनमें शिक्षित लोगों के लिए आर्थिक अवसर सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया। होसबोले ने कहा कि लोगों को यह समझना चाहिए कि वैश्विक भूराजनीति में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। यदि भारत में हिंदू समाज मजबूत और संगठित नहीं है, तो केवल ह्यअखंड भारतह्न के बारे में बोलने से परिणाम नहीं मिलेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अतीत की खोज में लगे रहने से समाज अन्य महत्वपूर्ण सामाजिक परिवर्तनों पर अपना ध्यान केंद्रित नहीं कर पाएगा, जैसे अस्पृश्यता को समाप्त करना, युवाओं में मूल्यों का संचार करना तथा संस्कृति और भाषाओं को संरक्षित करना।

## दैनिक पंचांग

3 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.27 बजे से |
| चंद्र | वृष में | वृष | 08.07 बजे से |
| मंगल | कर्क में | मिथुन | 10.05 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 12.19 बजे से |
| गुरु | वृष में | सिंह | 14.35 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 16.47 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 18.57 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 21.12 बजे से |
| केतु | कन्या में | धनु | 23.28 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | मकर | 01.33 बजे से |
| | | कुंभ | 03.20 बजे से |
| | | मीन | 04.53 बजे से |

गुरुवार 2025 वर्ष का 93 वा दिन
दिशाशूल दक्षिण ऋतु बसंत।
विक्रम संवत् 2081 शक संवत् 1946
मास चैत्र पक्ष शुक्ल
तिथि षष्ठी 21.42 बजे को समाप्त।
नक्षत्र रोहिणी 07.02 बजे को समाप्त।
योग सौभाग्य 00.01 बजे रात को समाप्त। करण कौलव 10.41 बजे तदन्तर तैतिल 21.42 बजे को समाप्त। चन्द्रायु 04.6 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 05° 19'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1872303
जूलियन दिन 2460768.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2551
हिजरी सन् 1446
महीना शव्वाल तारीख 04
विशेष यमुना छठ, स्कंद षष्ठी, रोहिणी व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से | 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से | 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से | 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से | 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से | 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से | 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ शुभतम श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### पर्यटन स्थलों के विकास को लेकर वीडी राम मिले केंद्रीय मंत्री से

**पलामू :** पर्यटन स्थलों के विकास को लेकर वीडी राम मिले केंद्रीय मंत्री से पलामू के सांसद वीडी राम ने बुधवार को पलामू जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने को लेकर केंद्रीय मंत्री से मुलाकात की। इस क्रम में उन्होंने गढ़वा के बंशीधर नगर मंदिर और पलामू के चैनपुर बभंडी में राधाकृष्ण मंदिर की महत्ता को देखते हुए पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रसाद योजना के तहत श्री कृष्ण सर्किट से जोड़ने का अनुरोध किया। सांसद ने पलामू प्रमंडल के बेतला (पलामू व्याघ्र क्षेत्र) के अंतर्गत पड़ने वाले पलामू किला, कमलदह झील, केचकी, इको स्ट्रीट और मलय डैम के पर्यटन विकास और पलामू किला को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने की भी मांग की। वीडी राम ने बताया कि गढ़वा जिला झारखंड राज्य के उत्तर पश्चिम में स्थित है और बिहार का रोहतास, उत्तर प्रदेश का सोनभद्र और छत्तीसगढ़ का सरगुजा जिलों की सीमाएं इससे लगती हैं। इसलिए इसे कभी गेटवे ऑफ छोटानागपुर कहा जाता था। झारखंड की राजधानी रांची से गढ़वा जिले की दूरी 205 किलोमीटर है। गढ़वा से लगभग 40 किलोमीटर की दूरी पर नगर उंटारी अनुमंडल स्थित है, जहां नगर उंटारी गढ़ के मुख्य द्वार के पास पर शताब्दियों प्राचीन श्री बंशीधर मंदिर स्थित है। इस मंदिर में राधा और कृष्ण की साढ़े चार फीट उंची और 32 मन (1280 किलो) वजनी स्वर्ण निर्मित एक अत्यंत मोहक प्रतिमा विराजमान है। यह अद्भुत प्रतिमा भूमि में गड़े शेषनाग के फन पर निर्मित चौबीस पंखुड़ियों वाले विशाल कमल पर विराजमान हैं।

### पेड़ से टकराई स्कूटी, एक की मौत

**खूंटी :** खूंटी–चाईबासा मुख्य मार्ग पर पश्चिमी सिंहभूम जिले के बंदगांव थाना के चातर गांव के पास बुधवार को हुई सड़क दुर्घटना में घायल सिंगराय ओड़ेया की इलाज के दौरान सदर अस्पताल में मौत हो गई, जबकि दूसरे घायल व्यक्ति जेगा चंपी को बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार मुरहू थाना के लुदमकेल गांव निवासी सिंगराय मुंडा अपने दोस्त जेगा चंपी के साथ मंगलवार की रात को छऊ नाच देखने गरई गांव गया था। रात भर नाच देखने के बाद दोनों बुधवार की सुबह स्कूटी से अपने गांव लुदमकेल लौट रहे थे। बंदगांव थाना के चातर गांव के पास स्कूटी एक पेड़ से टकरा गई। इससे सिंगराय ओड़ेया और जेगा गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान सिंगराय की मौत हो गई।

### स्कूल में चोरों ने मारी सेंध, हजारों की चोरी

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले में स्कूल को भी चोर अपना निशाना बना रहे हैं। मामले में स्कूल की प्रधानाध्यापिका अरुणा कुमारी ने बुधवार को रामगढ़ थाना में शिकायत दर्ज कराई है। थाने में दिये गये आवेदन में कहा गया है कि रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत जारा टोला में स्थित प्राथमिकी उत्क्रमित मध्य विद्यालय ईद और सरहुल पर्व को लेकर 31 मार्च और दो अप्रैल तक बंद है। इसकी सूचना स्कूल के एक छात्रा ने बुधवार को 12 बजे दी। सूचना पाकर जब स्कूल पहुंची तो देखा कि किचन का शेड का ताला टूटा हुआ है और उसमें रखे तीन बोरा चावल, एक पंखा, स्टील की थाली 40 पीस, स्पोर्ट्स का सामान और स्कूल बैग एक बंडल गायब है। इसके बाद मैं रसोईया को बुलवाई और पूछताछ की लेकिन चोरी का कुछ भी पता नहीं चल पाया। उन्होंने पुलिस से इस मामले में जांच कर उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

# पुलिस वाहन व मोटरसाइकिल की टक्कर में एक की मौत, प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर हंगामा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के पुलिस लाइन के समिप मंगलवार की सुबह पुलिस की वाहन व मोटरसाइकिल के बीच हुई टक्कर की घटना में तीन लोग घायल हो गए थे। तीनों घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया था जहां डॉक्टर चंदन चौधरी ने तीनों घायल का इलाज प्रारंभ कर दिया था। मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटना में दो को बेहतर इलाज के लिए चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया था। घायल हुए सकरी गली निवासी 21 वर्षीय मोहम्मद राजा के शरीर में चोट लगी थी, 25 वर्षीय मोहम्मद बिलाल के शरीर व पैर में गंभीर चोट आई थी एवं 12 वर्षीय राज के पैर व शरीर में भी चोट लगी। घायल राजा ने बताया था कि राज का तबीयत खराब था इसलिए हम



दोनों राज का इलाज करने के लिए मोटरसाइकिल से साहिबगंज सदर अस्पताल जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस लाइन के समिप पुलिस वाहन ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया जिसके कारण हम तीनों मोटरसाइकिल के साथ सड़क पर गिरकर घायल हो गए थे। परिजनों ने मंगलवार की रात 12 वर्षीय मोहम्मद राजा को भागलपुर अस्पताल में भर्ती कराया जबकि 25 वर्षीय मोहम्मद बेलाल को बंगाल बर्दवान रेफर कर दिया था। परिजनों ने मोहम्मद बेलाल को अस्पताल ले जाने के दौरान मौत हो गई। मृतक मोहम्मद बेलाल मुंबई में केक शॉप में मजदूरी का काम करता था। परिजनों ने शव पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया। जहां अस्पताल में परिजनों के साथ व पुलिस के साथ जमकर हंगामा हुआ इधर परिजनों को कहना है कि पुलिस के वाहन व मोटरसाइकिल में टक्कर हुई है लेकिन पुलिस के द्वारा अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है, जिसको लेकर अस्पताल परिसर पोस्टमार्टम हाउस में जमकर हंगामा हुआ। हंगामा की जानकारी मिलते ही जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि कुमार सिंह अस्पताल पहुंचकर परिजनों को समझा बुझा कर पोस्टमार्टम को कराया। जहां दिए गए आवेदन में जिक्र किया गया है कि गश्ती के क्रम में मंगलवार के सुबह करीब 07:45 बजे दूरभाष पर सूचना प्राप्त हुआ कि मंडल कारा साहिबगंज गेट के पास दो मोटरसाइकिल दुर्घटना हो गई है उक्त स्थान पर समय करीब 08:00 बजे पहुंचे तो देखा कि दो मोटरसाइकिल संख्या जेएच 18 एच 2755 एवं दूसरा मोटरसाइकिल संख्या जेएच 17बी 4711 पर तीन व्यक्ति मोहम्मद राज, राजा अंसारी, मोहम्मद नौशाद, मोहम्मद बिलाल,नईम आलम सभी सकरीगली थाना तालझारी जिला साहिबगंज थाना मोटरसाइकिल संख्या जेएच 17बी 4711 पर सुरेश टुडू बाघझरका थाना ठाकुरगंगटी जिला गोड्डा बर्दवान मंडल कारा साहिबगंज में सैप जवान के रूप में कार्यरत के बीच आपस में टक्कर हुई है। जिसमें सुरेश टुडू के बाएं से दाएं दाहिने अचानक मंडल कारा गेट के ओर मुड़े तभी तीन लोड मोटरसाइकिल सुभाष चौक से स्टेडियम की ओर आ रही थी जो काफी तेज एवं लापरवाही से जाते हुए टक्कर मारी जिससे तीन सवार व्यक्ति काफी घायल हुए है। इधर थाना प्रभारी शशि कुमार सिंह ने परिजनों को बताया कि फरद बयान के बाद दोषी पर कार्यवाही होगी परिजनों को आश्वासन होने के बाद शव का पोस्टमार्टम डॉ मुकेश कुमार ने किया इधर परिजनों को रो-रो कर बुरा हाल है।

## वन विभाग की कार्रवाई, 10 पीस सखुआ बोटा समेत ट्रैक्टर जब्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** वन विभाग ने अवैध लकड़ी कटाई के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए आमजोड़ी सागवान बागान के पास एक बड़ा अभियान चलाया। इस दौरान वन विभाग की टीम ने 10 पीस सखुआ बोटा और एक स्वराज ट्रैक्टर जब्त किया। गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग को जानकारी मिली थी कि आमजोड़ी सागवान बागान क्षेत्र में अवैध रूप से लकड़ी काटी जा रही है। इस सूचना के मद्देनजर विभाग ने तत्काल रात्रि गश्ती बढ़ा दी। गश्ती के दौरान संदिग्ध गतिविधियां नजर आने पर वन विभाग की टीम ने मौके पर दबिश दी और 10 पीस सखुआ बोटा के साथ एक स्वराज ट्रैक्टर बरामद किया। वन विभाग के अधिकारियों के



अनुसार, इस मामले की विस्तृत जांच जारी है और अवैध कटाई में शामिल दोषियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। विभाग ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि जो भी इस गैरकानूनी गतिविधि में शामिल पाया जाएगा, उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में वनपाल राणा रणजीत के नेतृत्व में वनरक्षी सनी रजक, अंकित झा समेत अन्य वनकर्मी मौजूद थे।

## मुस्लिम विरोधी है वक्फ संशोधन बिल : एसडीपीआई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झारखण्ड/पाकुड़ :** बुधवार को लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल को जैसे ही सदन के पटल पर रखा वैसे ही पूरे देश में एसडीपीआई ने इसके विरुद्ध प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसी कड़ी में पाकुड़ के चांचकी में भी एसडीपीआई द्वारा प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में शामिल एसडीपीआई के प्रदेश अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य मो. हंजेला शेख ने इस बिल को असंवैधानिक करार देते हुए कहा कि यह वक्फ संशोधन बिल मुस्लिम विरोधी है तथा संशोधन के जरिए केंद्र की भाजपा सरकार वक्फ की संपत्ति को कब्जे में लेकर अपने मित्रों को सौंपने के फिराक में है। वक्फ जो कि पूरी तरह से मुस्लिमों से जुड़ी चीज है, इसमें अन्य समुदाय के लोगों को कैसा जोड़ा जा सकता है। इस



बिल के माध्यम से बीजेपी हुकूमत वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम समुदाय के लोगों को जोड़कर संवैधानिक मूल्यों को रौंदने का काम कर रही है। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष हबीबुर रहमान ने कहा कि इस बिल के खिलाफ पूरे देश में एसडीपीआई ने सबसे ज्यादा विरोध प्रदर्शन किया है यही वजह है कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष एम के फैजी को बदले की राजनीति करते हुए केंद्र सरकार ने ईडी द्वारा गिरफ्तार करवा दिया। प्रदर्शन के दौरान वक्फ संशोधन बिल को वापस लो, वापस लो, मोदी तेरी तानाशाही नहीं चलेगी नहीं चलेगी, हम वक्फ बिल को अस्वीकार करते है जैसे नारे लगाए गए। प्रदर्शन में मुख्य रूप से पार्टी के जिला अध्यक्ष अमीर हमजा, उपाध्यक्ष ओबैदुर रहमान, उपाध्यक्ष अहेदुल शेख और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य विभाग ने मलेरिया से प्रभावित प्रखंडों के स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** बुधवार को डॉ सत्ती बाबू डाबडा जिला वीबीडी सलाहकार साहिबगंज के द्वारा मलेरिया के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरहेट, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियो एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मंडरो का निरीक्षण किया। जिसमे उक्त स्वास्थ्य केंद्रों में मलेरिया के समुचित ईलाज एवं रोकथाम से सम्बंधित जानकारी लिया। साथ ही मलेरिया के रोकथाम एवं त्वरित ईलाज हेतु सूक्ष्म कार्ययोजना बना कर सभी पहाड़ी क्षेत्रों में प्रत्येक दिन स्वास्थ्य शिविर, मलेरिया मास सर्वे एवं घर घर फीवर सर्वे करने का निर्देश दिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियो में ईलाज चल रहे एक गर्भवती महिला जो मलेरिया धनात्मक है का हाल चाल जाने एवं स्वास्थ्य सम्बंधित जानकारी लिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मंडरो में आईआरएस प्रथम चक्र कीटनाशी छिड़काव का मॉनिटरिंग भी किया गया एवं छिड़काव से सम्बंधित आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए गुणवत्तापूर्ण छिड़काव करवाने को कहा गया। मौके पर डॉ रोहित कुमार गोंड चिकित्सा पदाधिकारी, डॉ बिनोद कुमार चिकित्सा पदाधिकारी, बिष्णु कुमार भगत बीपीएम, मनोहर पंडित एमटीएस, फ्रांसिस टुडू केटीएस, रंजन कुमार केटीएस, मिठू कुमार एलटी, प्रमोद तुरी एलटी, मनीष कुमार फार्मासिस्ट आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## पत्नी का हत्यारा गिरफ्तार, गया जेल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** पलामू जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र के लहरबंजारी के सिरहा टोले में पत्नी की टांगी से वार कर हत्या करने वाले पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपित पति को उंटारी रोड रेलवे स्टेशन के समीप से गिरफ्तार किया गया। वह बाहर भागने की तैयारी में था। उसके पास से उसके एक साल के बच्चे को भी बरामद किया गया है। उल्लेखनीय है कि सिरहा टोले में मंगलवार की रात नशे में धुत रंजीत कुमार यादव ने अपनी पत्नी रिंकी देवी (25) को धारदार टांगी से वार कर हत्या कर दी थी। घटना को अंजाम देने के बाद रंजीत फरार हो गया था। उसकी तलाश की जा रही थी। रिश्तेदारों और संभावित जगहों पर छापेमारी के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि रंजीत उंटारी रोड रेलवे स्टेशन गया हुआ है। वहां से वह बाहर भागने की तैयारी में है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दलबल के साथ उंटारी रोड रेलवे स्टेशन के समीप से रंजीत को पकड़ा। रंजीत के पास से उसका एक वर्ष का बच्चा बरामद किया गया। बुधवार को रंजीत को



न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि रंजीत ने पत्नी की हत्या जमीन बंटवारा विवाद में की थी। दरअसल, रंजीत पर उसकी पत्नी चाचा ससुर से जमीन बंटवारा के लिए दबाव डाल रही थी। रंजीत इसके लिए तैयार नहीं था। दोनों के बीच इसे लेकर घटना से कुछ दिन पहले विवाद हुआ था। मंगलवार की रात जब रंजीत शराब की नशे में घर पहुंचा तो पत्नी ने दोबारा जमीन बंटवारा की बात छेड़ दी, जिससे रंजीत आपे से बाहर हो गया और टांगी उठाकर पत्नी रिंकी पर वार कर दिया। खून से लथपथ पत्नी को मौके पर ही छोड़कर वह एक साल के बच्चे को लेकर फरार हो गया था। रंजीत की शादी दो वर्ष पहले छतरपुर के लठैया के निकट तरीपर गांव में हुई थी।

## सिंचाई की असुविधा के कारण बरहरवा प्रखंड के किसान मायूस

परवेज आलम

**बरहरवा :** साहिबगंज जिले के किसान काफी दिनों से बाढ़ और सूखे के मार से त्राहिमाम है पर जिले के कुछ प्रखंडों में आज भी सिंचाई का पर्याप्त सुविधा नहीं रहने से किसानों की जिंदगी ऋण तले दबकर शोषण रहा है। उन्हें में से एक है बरहरवा तथा दूसरा है उधवा प्रखंड, उधवा प्रखंड का उत्तरी भूभाग का बहुत बड़ा हिस्सा दियारा क्षेत्र है जहां के किसान गंगा नदी में प्रत्येक वर्ष आने वाली बाढ़ के कारण सिर्फ दो ही फसल उपजाकर अपने घर परिवार का पेट पालने को विवश है। कुछ ऐसा ही स्थिति बरहरवा प्रखंड का भी है। ऐसे तो बरहरवा प्रखंड के उत्तर दक्षिण तथा बीचो-बीच से पतना बरहरवा के पहाड़ियों से निकलने वाली कई छोटी बड़ी नदियां प्रवाहित हो रही है, जो यहां के



बसौदें के लिए किसी जीवनदायिनी से कम नहीं है क्षेत्र भ्रमण करने पर पता चलता है कि अधिकांश आबादी इन छोटी बड़ी नदियों के किनारे ही बसा हुआ है एवं उनका दैनिक जीवन इन्हीं नदियों पर आश्रित है क्षेत्र में भूगर्भीय जल का काफी अभाव है। इनमें से अधिकांश छोटी बड़ी नदियां गर्मी के मौसम में सूख जाता है जिस कारण से यहां के किसान चाहकर भी मनपसंद फसलों की बुवाई नहीं कर पाता है, एवं गर्मी के मौसम में यहां के लोगों का जिंदगी काफी दुश्वार हो जाता है,यही वजह है कि प्रत्येक वर्ष यहां के किसान रिन तले दबाकर सिसकने को मजबूर हो रहा है। ऐसा नहीं है कि यहां जलसंरक्षण की कोई सुविधा नहीं है। कुछ किसानों का मानना है कि यदि गुमानी करनी नदी तथा बरहरवा प्रखंड के बिशनपुर पंचायत से होकर प्रवाहित होने वाली केंयुआ नाला तथा पुरंदर एवं कुदाल कटी नाला जो गोपालपुर, भीमपाड़ा, गोरा चांदपुर, रानीग्राम ग्रामशेर, चापुजन, तथा कालू पंचायत के बेलडांगा गांव से शिवराजसिंह, शुक्र वासिनी, तथा मिर्जापुर होकर जो सीधे गंगा नदी में जाकर समाहित हो जाता है इन छोटे बड़े नालों का जीर्णोद्धार कर क्षेत्र में हरियाली लाया जा सकता है। क्षेत्र में सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ कर प्रखंड क्षेत्र में कृषि कार्य को बढ़ावा देने के मुद्दे पर आज भी यहां के जनप्रतिनिधियों ने कोई ठोस उपाय नहीं किया है जिसका खामियाजा यहां के किसानों को भुगतना पड़ रहा है। अपना मंतव्य व्यक्त करते हुए ग्रामसिर के पूर्व जिला परिषद सदस्य अशोक दास बताते हैं कि जब प्रथम बार जिला परिषद का गठन हुआ था तो बरहरवा प्रखंड के कुदाल कटी नाला का जिला परिषद मद से कई फेज का जीर्णोद्धार का कार्य किया गया था पर कालांतर में यह योजना अधर में लटक गई जिस कारण से आज भी कुदाल कटी नाला का जीर्णोद्धार का कार्य उसी हालत में लटका हुआ है। क्षेत्र के किसान, सलीम, शेख नसीम, शेख अब्दुल, रकीब विजय मंडल, रामप्रवेश मंडल, सुभाष मंडल, राधा नगर के उदय मंडल, आदि ने बताया कि यदि बरहरवा के सभी छोटे-बड़े नदी नालों के साथ-साथ कुदाल कटी नाला, तथा, पुलंदर एवं गाजिया नाला का जीर्णोद्धार कर दिया जाए तो बरहरवा तथा उधवा प्रखंड क्षेत्र के बहुत बड़े हिस्से में हरित क्रांति आ सकती है। इस संबंध में पूछे जाने पर पाकुड़ विधायक निशात आलम ने बताया कि बहुत जल्द इन सभी छोटे बड़े नदी नालों की जीर्णोद्धार को लेकर संबंधित विभाग के साथ बैठक की जाएगी ताकि किसानों को आसानी से सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सके एवं क्षेत्र में नई हरित क्रांति लाया जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### 'लोग जोड़े गड्ढा कोड़े' महा अभियान के तहत बागवानी दिवस का हुआ आयोजन



**झारखण्ड/पाकुड़ :** जिले में बुधवार को सभी प्रखंडों में बागवानी दिवस मनाये जाने का निर्देश उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा दिया गया है। जिसके निमित सभी प्रखंडों में 'लोग जोड़े गड्ढा कोड़े' महा अभियान के तहत बागवानी दिवस का आयोजन किया गया। ज्ञात हो, कि बिरसा हरित ग्राम योजना में बागवानी सखी का अहम रोल है। सभी बागवानी योजना को बागवानी सखी से टैग किया जाना है। जिसका उद्देश्य बागवानी सखी के माध्यम से लाभुकों को सहयोग प्रदान कर बेहतर कार्य कराना है। इसके लिए सभी बागवानी सखी को योजना निरीक्षण पंजी उपलब्ध कराया जाएगा। जिसमें योजना निरीक्षण करते समय पंचायत स्तरीय कर्मी के साथ साथ प्रखंड एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी अपना मंतव्य दर्ज करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना में जिस प्रकार इमारती पौधा का आपूर्ति गुतु गलांग, लिट्टीपाड़ा से लिए जाते हैं उसी प्रकार योजना में दवा, छाया, पानी, सूचनापट्ट सुनिश्चित कराने हेतु जेएसएलपीएस के सखी मंडल अथवा गुतु गलांग को कार्यादेश जारी कर किया जा सकता है। इससे सखी मंडल को रोजगार के अवसर मिलेंगे तथा उनके पास रानी दीदी के रूप में प्रशिक्षित मिस्त्री का बड़ा समूह है। बुधवार को जिला स्तरीय पदाधिकारी भी बागवानी दिवस पर योजनास्थल पहुंचकर योजना का निरीक्षण करेंगे।

### आयुष जांच शिविर में 83 लोगों का किया गया स्वास्थ्य जांच



**झारखण्ड/पाकुड़ :** जिले के अमड़ापाड़ा प्रखंड के संथालीटोला एवं तालझारी एवं महेशपुर प्रखंड के लखीपुर में आयुष विभाग की ओर से बुधवार को आयुष कैंप लगाकर कुल 83 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवा दिया गया। डॉ० अमरेश कुमार, डॉ० मिथिलेश सिंह एवं डॉ० राजेश यादव ने बताया की इस कैंप में आज रतचाप, मधुमेह, जॉइंट पेन, गठिया, बच्चों से संबंधित आदि रोगों का जांच निःशुल्क किया गया। साथ ही सभी को मुफ्त दवा भी दी गई। वहीं शिविर में आने वाले मरीजों को शुगर, ब्लड प्रेशर कि भी जांच की गई।

### रामनवमी जुलूस भ्रमण वाले सभी मार्ग कल तक अतिक्रमण से स्वयं करें मुक्त

**अमड़ापाड़ा :** जिले के अमड़ापाड़ा स्थानीय बाजार के ग्रामीणों को थाना प्रभारी अमड़ापाड़ा अनूप रौशन भेंगरा द्वारा सूचित किया जाता है कि आगामी रामनवमी पर्व जुलूस भ्रमण वाले सभी मार्ग के ग्रामीणों से अपील किया जा रहा है कि अगर किन्ही के द्वारा अगर मार्ग पर ईंट, गिट्टि, बालू या अन्य समान से अतिक्रमण किया गया है जिससे रामनवमी जुलूस में दिक्कत होने की संभावना हो। तो कृप्या अपने समान को मार्ग से अविलंब आज दिनांक 3/4/25 (गुरुवार) तक हटा लें।


### बिंदुधाम मंदिर में हुआ अग्नि प्रज्वलन के साथ पांच दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ



**साहिबगंज/बरहरवा :** बिंदुधाम में पांच दिवस शतचण्डी महायज्ञ सह रामनवमी मेला महोत्सव बुधवार को शुभारंभ हुआ। उद्घाटन मुख्य अतिथि झामुमो के जिला संयोजक मंडली सदस्य संजय गोस्वामी ने फीता काटकर व नारियल फोड़ कर किया। इसके बाद उन्होंने मंदिर के मुख्य द्वार के पास बने नए स्थाई कार्यालय का भी फीता काटकर व नारियल फोड़ कर उद्घाटन किया। वही मंदिर परिसर स्थित यज्ञशाला में बनारस के प्रमुख आचार्य संतेश्वर मिश्रा, ब्राह्मण परमानंद तिवारी, आचार्य सत्येंद्र पांडे, आचार्य विमल पांडे, नवीन दुबे, संतोष ओझा, सहित अन्य ब्राह्मणों ने चंदन की लकड़ी के घर्षण से अग्नि प्रवाहित कराकर शतचंडी महायज्ञ प्रारंभ की। इस क्रम में काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी थी। अतिथियों का स्वागत मंदिर परिसर में बिंदुधाम प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शक्तिनाथ अमन, दिनेश कर्मकार, भरत कुमार चंदवंशी, व नीलकंठ शाह सहित अन्य के द्वारा अतिथियों का स्वागत बुके व अंगवस्त्र देकर किया गया। इसके पूर्व अतिथियों ने मंदिर में मां विंध्यवासिनी के चरणों में माथा टेका व यज्ञशाला का परिक्रमा किया। इस कर्म में मुख्य अतिथि संजय गोस्वामी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मंदिर के विकास के लिए सभी कार्य किए जाएंगे। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो इसका भी ध्यान रखा जाएगा। वहीं एसडीओ सदानंद महतो ने मंदिर कमेटी व मेला कमेटी के सदस्यों को कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से पूजा व मेला का संचालन करें। मेला में किसी भी प्रकार का व्यवधान न हो इसके लिए प्रशासन मुस्तैद हैं। मौके पर बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल, राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी, बरहरवा इंस्पेक्टर सुधीर कुमार पोद्दार, पतना बीडीओ कुमार दिवेश द्विवेदी, बरहरवा बीडीओ सन्नी कुमार दास और अन्य मौजूद थे।

### नवरात्र में एक ही दिन दो तिथि की हुई मां कुष्मांडा व मां स्कंदमाता की पूजा

**साहिबगंज:** चैती नवरात्रा के चौथे दिन शहर के पूजा पंडाल तथा निजी आवास में बुधवार को मां दुर्गा के चौथे स्वरूप कुष्मांडा माता और पांचवें स्वरूप स्कंदमाता का पूजा पंडितों ने वैदिक



मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से किया गया। मां दुर्गा के पंचम स्वरूप स्कंदमाता की पूजा नवरात्रि की पंचमी तिथि पर की जाती है। स्कंदमाता की भक्ति भाव से पूजा अर्चना करने व व्रत करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। भगवान कार्तिकेय की माता होने के कारण मां दुर्गा के इस स्वरूप को स्कंदमाता का नाम मिला। पंडित जी ने बताया कि सुबह 7:39 तक मां के चौथे स्वरूप कुष्मांडा माता की पूजा अर्चना की गई। उसके बाद सुबह 7:39 के बाद पंचमी तिथि प्रवेश हो जाने से मां के पांचवें स्वरूप स्कंदमाता की पूजा अर्चना की गई।

# बैंकों ने बदले नियम, अब एटीएम से पैसा निकालने पर लगेगा अतिरिक्त शुल्क

**नई दिल्ली।**

एसबीआई, पीएनबी, आईसीआईसीआई और एचडीएफसी बैंक के ग्राहकों को अब इन बैंकों के एटीएम से पैसे निकालने पर ग्राहकों को अतिरिक्त शुल्क देना पड़ेगा। इन बैंकों ने अपनी एटीएम सर्विसेज पर चार्ज को बढ़ा दिया है, जिससे ग्राहकों को हर माह तय सीमा से ज्यादा ट्रांजैक्शन करने पर अतिरिक्त शुल्क चुकाना होगा। बैंकों के ज्यादातर डेबिट कार्ड ग्राहकों को मुफ्त दिए जाते हैं, लेकिन कुछ मामलों में जॉइनिंग फीस, वार्षिक शुल्क और रिप्लेसमेंट चार्ज वसूला किया जाता है।

एसबीआई कुछ डेबिट कार्ड्स पर 300 तक जॉइनिंग फीस और 125 से 350 तक सालाना शुल्क लेता है। अगर कार्ड खो जाता है या बदलवाना हो, तो 300 का चार्ज देना होता है। वहीं पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) कुछ डेबिट कार्ड के लिए 250 जॉइनिंग चार्ज, 500 वार्षिक शुल्क और 150 रिप्लेसमेंट फीस लेता है। वहीं एचडीएफसी बैंक के मुताबिक 250 से 750 तक की जॉइनिंग और सालाना फीस वसूलता है, जबकि नया कार्ड लेने पर 200 रुपए चार्ज किया जाएगा। आईसीआईसीआई अलग-अलग डेबिट कार्ड के लिए 1999 तक की जॉइनिंग फीस और 99 से 1499 सालाना शुल्क लेगा। इसके अलावा, अगर आप डेबिट कार्ड का पिन भूल जाते हैं और नया पिन बनवाना चाहते हैं, तो सभी बैंक इसके लिए 50 चार्ज करते हैं। हर बैंक के बचत खातों के लिए अलग-अलग न्यूनतम बैलेंस मेंटेन करने का नियम है। अगर ग्राहक तय सीमा से कम बैलेंस रखते हैं, तो उन पर जुर्माना लगाया जाता है।

एसबीआई रेगुलर सेविंग अकाउंट में न्यूनतम बैलेंस नहीं रखने पर कोई शुल्क नहीं लेता

लेकिन पीएनबी न्यूनतम त्रैमासिक बैलेंस में कमी होने पर 400 से 600 तक का जुर्माना लगाता है। एचडीएफएस औसत मासिक बैलेंस मेंटेन नहीं करने पर 150 से 600 तक का चार्ज लेता है। आईसीआईसीआई खाते में तय सीमा से कम राशि होने पर मासिक औसत का 6 फीसदी या अधिकतम 500 चार्ज किया जाता है। बैंक ग्राहकों को हर महीने एक निश्चित संख्या में फ्री एटीएम ट्रांजैक्शंस की सुविधा दी जाती है, लेकिन तय सीमा के बाद एटीएम से पैसा निकालने पर अतिरिक्त ट्रांजैक्शंस चार्ज लगता है।

# विदेशी भारतीय से मिल रहे रेमिटेंस से भारत का सीएडी घाटा रहेगा सुरक्षित

**नई दिल्ली।**

मजबूत सेवा निर्यात और विदेशों में काम कर रहे भारतीयों से आने वाले रेमिटेंस के साथ वित्त वर्ष 2025-26 में भारत के चालू खाता घाटे (सीएडी) को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी, भले ही देश का मर्चेंडाइज व्यापार घाटा कुछ दबाव में आ गया हो। बुधवार को एक ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि 2025-2026 में चालू खाता घाटा जीडीपी के 1.3 फीसदी पर रहने के साथ मामूली रूप से अधिक रहेगा, जबकि 2024-2025 में यह जीडीपी का 1 फीसदी रहने का अनुमान है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में भारत का सीएडी 11.5 बिलियन डॉलर जीडीपी का 1.1 फीसदी रहा, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में यह 10.4 बिलियन डॉलर यानी जीडीपी का 1.1 फीसदी था। क्रमिक रूप से, घाटा वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में 16.7 बिलियन डॉलर यानी जीडीपी के 1.8 फीसदी से कम रहा। तीसरी तिमाही के दौरान व्यापारिक व्यापार घाटा खराब रहा, लेकिन विदेशों में काम कर रहे भारतीयों से सेवाओं के अधिशेष और रेमिटेंस में सुधार से बैलेंस बना हुआ है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि व्यापारिक व्यापार घाटे में वृद्धि मुख्य रूप से तेल व्यापार संतुलन के बिगड़ने के कारण हुई, क्योंकि निर्यात में गिरावट आई और आयात में वृद्धि हुई। तीसरी तिमाही में विदेशी पूंजी में नेट आउटफ्लो देखा गया, जबकि पिछले साल की समान अवधि में नेट इनफ्लो हुआ था। रिपोर्ट में बताया गया है कि तीसरी तिमाही में रुपए में 1.6 फीसदी की गिरावट आई और यह पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही के 83.2 से 84.5 प्रति डॉलर पर आ गया।

वित्तीय खातों में सभी सब-कंपोनेंट्स में आउटफ्लो देखा गया, जिसमें शुद्ध विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक सेगमेंट से अधिकतम 11.4 बिलियन डॉलर की राशि शामिल है। दूसरे निवेशों में वित्त वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही के बाद पहली बार आउटफ्लो देखा गया। चालू खाता घाटे में होने के बावजूद वित्तीय खाते से शुद्ध निकासी का मतलब भारत के विदेशी मुद्रा भंडार पर असर था, जो तीसरी तिमाही के दौरान 37.7 बिलियन डॉलर कम हो गया।


# बैंकों ने बदले नियम, अब एटीएम से पैसा निकालने पर लगेगा अतिरिक्त शुल्क

**नई दिल्ली।**

एसबीआई, पीएनबी, आईसीआईसीआई और एचडीएफसी बैंक के ग्राहकों को अब इन बैंकों के एटीएम से पैसे निकालने पर ग्राहकों को अतिरिक्त शुल्क देना पड़ेगा। इन बैंकों ने अपनी एटीएम सर्विसेज पर चार्ज को बढ़ा दिया है, जिससे ग्राहकों को हर माह तय सीमा से ज्यादा ट्रांजैक्शन करने पर अतिरिक्त शुल्क चुकाना होगा। बैंकों के ज्यादातर डेबिट कार्ड ग्राहकों को मुफ्त दिए जाते हैं, लेकिन कुछ मामलों में जॉइनिंग फीस, वार्षिक शुल्क और रिप्लेसमेंट चार्ज वसूला किया जाता है।

एसबीआई कुछ डेबिट कार्ड्स पर 300 तक जॉइनिंग फीस और 125 से 350 तक सालाना शुल्क लेता है। अगर कार्ड खो जाता है या बदलवाना हो, तो 300 का चार्ज देना होता है। वहीं पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) कुछ डेबिट कार्ड के लिए 250 जॉइनिंग चार्ज, 500 वार्षिक शुल्क और 150 रिप्लेसमेंट फीस लेता है। वहीं एचडीएफसी बैंक के मुताबिक 250 से 750 तक की जॉइनिंग और सालाना फीस वसूलता है, जबकि नया कार्ड लेने पर 200 रुपए चार्ज किया जाएगा। आईसीआईसीआई अलग-अलग डेबिट कार्ड के लिए 1999 तक की जॉइनिंग फीस और 99 से 1499 सालाना शुल्क लेगा। इसके अलावा, अगर आप डेबिट कार्ड का पिन भूल जाते हैं और नया पिन बनवाना चाहते हैं, तो सभी बैंक इसके लिए 50 चार्ज करते हैं। हर बैंक के बचत खातों के लिए अलग-अलग न्यूनतम बैलेंस मेंटेन करने का नियम है। अगर ग्राहक तय सीमा से कम बैलेंस रखते हैं, तो उन पर जुर्माना लगाया जाता है।

एसबीआई रेगुलर सेविंग अकाउंट में न्यूनतम बैलेंस नहीं रखने पर कोई शुल्क नहीं लेता

लेकिन पीएनबी न्यूनतम त्रैमासिक बैलेंस में कमी होने पर 400 से 600 तक का जुर्माना लगाता है। एचडीएफएस औसत मासिक बैलेंस मेंटेन नहीं करने पर 150 से 600 तक का चार्ज लेता है। आईसीआईसीआई खाते में तय सीमा से कम राशि होने पर मासिक औसत का 6 फीसदी या अधिकतम 500 चार्ज किया जाता है।बैंक ग्राहकों को हर महीने एक निश्चित संख्या में फ्री एटीएम ट्रांजैक्शंस की सुविधा दी जाती है, लेकिन तय सीमा के बाद एटीएम से पैसा निकालने पर अतिरिक्त ट्रांजैक्शंस चार्ज लगता है।


# नई कार फैक्ट्री लगाने की योजना नहीं, बीवायडी ने किया खबरों का खंडन

**नई दिल्ली।**

चीन की इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी बीवायडी ने मीडिया रिपोर्ट्स का खंडन किया है, जिनमें दावा किया गया था कि कंपनी भारत के हैदराबाद शहर में अपनी नई कार फैक्ट्री लगाने की योजना बना रही है। बीवायडी ने स्पष्ट किया कि कंपनी इस समय भारत में किसी नई फैक्ट्री की स्थापना के बारे में विचार नहीं कर रही है। मीडिया में आई खबरों में कहा था कि बीवायडी भारत में अपने उत्पादन को बढ़ाने के लिए हैदराबाद में एक नए कार निर्माण संयंत्र पर विचार कर रही है, लेकिन बीवायडी ने इसे गलत बताया है। कंपनी ने कहा कि वह भारत में पहले से ही अपनी उपस्थिति को मजबूत कर रही है, लेकिन वर्तमान में कोई नई उत्पादन सुविधा स्थापित करने की योजना नही है। बीवायडी के भारत में निवेश को लेकर भविष्य में कोई नई घोषणाएं की जा सकती हैं, लेकिन फिलहाल ऐसी कोई योजना नहीं है। भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग के बीच बीवायडी पहले ही भारतीय बाजार में अपनी इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री कर रही है और कंपनी के लिए भारत एक अहम बाजार बनता जा रहा है।

# दुनिया में अरबपतियों की संख्या में इजाफा, भारत में 205 अरबपति

## मुकेश पहले, दूसरे नंबर पर अडानी और सावित्री जिंदल

**मुंबई ।**

फोर्ब्स ने 2025 के लिए दुनिया के अरबपतियों की सूची जारी कर दी है। इस साल अरबपतियों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। अब दुनिया में कुल 3,028 अरबपति हैं। बीते साल के मुकाबले इस साल 247 अरबपति ज्यादा हैं। इन सभी अरबपतियों के पास कुल मिलाकर 16.1 ट्रिलियन डॉलर की संपत्ति है। यह रकम पिछले साल के मुकाबले 2 ट्रिलियन डॉलर ज्यादा है। अरबपतियों की सूची में अमेरिका सबसे आगे है। अमेरिका में 902 अरबपति हैं। चीन 516 अरबपतियों के साथ दूसरे और भारत 205 अरबपतियों के साथ तीसरे स्थान पर है। मुकेश अंबानी भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस हैं, जबकि दुनिया में उनका 18वां स्थान है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन की कुल नेटवर्थ 92.5 बिलियन डॉलर है। अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी 56.3 बिलियन डालर की संपत्ति के साथ सूची में 28वें स्थान पर हैं। वह एशिया में चौथे नंबर पर हैं। अडानी से आगे चीन के झांग यिमिंग (65.5 बिलियन डालर) 23वें और झोंग शानशान (57.7 बिलियन डॉलर) 26वें नंबर पर हैं।

भारत में अरबपतियों की संख्या थोड़ी बढ़ी है। पिछले साल 200 अरबपति थे, जो अब बढ़कर 205 हो गए हैं। इन सभी के पास कुल 941 बिलियन डालर की संपत्ति है। पिछले साल यह आंकड़ा 954 बिलियन डालर था। देश के दो सबसे अमीर लोगों की संपत्ति में 20 बिलियन डालर से ज्यादा की गिरावट आई है। इसकी वजह से कुल नेटवर्थ में कमी आई है। भारत के टॉप 10 रईसों की सूची में मुकेश अंबानी (92.5 बिलियन डालर), गौतम अडानी (56.3 बिलियन डालर), सावित्री जिंदल एंड फैमिली (35.5 बिलियन डालर), शिव नाडर (34.5 बिलियन डालर), दिलीप सांघवी (24.9 बिलियन डालर), साइरस पूनावाला (23.1 बिलियन डालर), कुमार मंगलम बिड़ला (20.9 बिलियन डालर), लक्ष्मी मित्तल (19.2 बिलियन डालर), राधाकिशन दमानी (15.4 बिलियन डालर ) और कुशल पाल सिंह (14.5 बिलियन डालर) शामिल है।

वहीं दुनिया के अमीरों की सूची में एलन मस्क सबसे ऊपर बने हुए हैं। उन्होंने एक साल में अपनी संपत्ति करीब दोगुनी कर ली है। मार्क जुकरबर्ग दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। जेफ बेजोस तीसरे नंबर पर हैं। सूची में एलन मस्क (342 बिलियन डालर), मार्क जुकरबर्ग (216 बिलियन डालर), जेफ बेजोस (215 बिलियन डालर), लैरी एलिसन (192 बिलियन डालर), बर्नार्ड अरनॉल्ट और परिवार (178 बिलियन डालर), वॉरेन बफे (154 बिलियन डालर), लैरी पेज (144 बिलियन डालर), सर्गेई ब्रिन (138 बिलियन डालर), अमानसियो ओर्टेगा (124 बिलियन डालर), स्टीव बाल्मर (118 बिलियन डालर) शामिल हैं। इस लिस्ट में 10 में से 8 अमेरिकी हैं। फ्रांस के बर्नार्ड अरनॉल्ट और स्पेन के अमानसियो ओर्टेगा ही इसमें जगह बना पाए हैं।

# मौका जाने ना पाए, हुंडई अपनी इलेक्ट्रिक कार में दे रही बंपर छूट

**चेन्नई।** हुंडई अपनी इलेक्ट्रिक कार आयोनिक 5 के 2024 मॉडल पर 4 लाख रुपये का डिस्काउंट मिल रहा है। यह छूट कंपनी द्वारा स्टॉक खाली करने के लिए दे रही है। जनवरी 2023 में कार की कीमत 44.95 लाख रुपये थी, जो अब बढ़कर 46.05 लाख रुपये हो गई है। लेकिन इस डिस्काउंट के बाद ग्राहक इस ईवी कार को 42.05 लाख रुपये में खरीद सकते हैं। हुंडई आयोनिक 5 के डिजाइन और फीचर्स इस अन्य इलेक्ट्रिक कारों से काफी अलग बनाते हैं। इसकी लंबाई 4634एमएम, चौड़ाई 1890एमएम और ऊंचाई 1625एमएम है। कार का व्हीलबेस 3000एमएम है, जिससे इसका इंटीरियर ज्यादा स्पेसियस और आरामदायक बनता है। इसका इंटीरियर ईको-फ्रेंडली मटेरियल से बना है, जिसमें डैशबोर्ड और डोर ट्रिम्स पर सॉफ्ट टच फिनिश है। सीट अपहोल्स्ट्री और स्टीयरिंग व्हील पर पिक्सल डिजाइन मिलता है, जबकि क्रैश पैड, स्विच और डोर पैनल पर बायो पेंट का इस्तेमाल है, जो 100 प्रतिशत रिसाइकिल किया जा सकता है। कार में 12.3-इंच स्क्रीन का पेयर मिलता है, जिसमें इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और टचस्क्रीन दोनों शामिल हैं। इसमें 6 एयरबैग्स, इलेक्ट्रिक पार्किंग ब्रेक, चार डिस्क ब्रेक, मल्टी कोलाइजन-अवॉइडेंस ब्रेक और पावर चाइल्ड लॉक जैसे सेफ्टी फीचर्स दिए गए हैं। साथ ही, लेवल 2 एडीएएस टेक्नोलॉजी भी है, जो 21 सेफ्टी फीचर्स को सपोर्ट करता है। इलेक्ट्रिक कार में 72.6किलोवाट प्रतिघंटा की बैटरी दी गई है, जो एआरएआई-सर्टिफाइड 631 किमी की रेंज ऑफर करती है। यह केवल रियर व्हील ड्राइव में उपलब्ध है और इसकी इलेक्ट्रिक मोटर 217 एचपी का पावर और 350एनएम का टॉर्क जनरेट करती है। यह 800 वॉट की सुपरफास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करती है, जिससे यह केवल 18 मिनट में 10 से 80 प्रतिशत तक चार्ज हो सकती है।

# भारत के मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर को मिला बूस्ट, पीएमआई इंडेक्स आठ माह में शीर्ष पर

**नई दिल्ली।**

भारत के मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर की वृद्धि दर मार्च में बढ़कर आठ महीने के शीर्ष पर है। बेहतर डिमांड के बीच फैक्ट्री ऑर्डर और प्रोडक्शन में तेज बढ़ोतरी से मैन्यूफैक्चरिंग को बूस्ट मिला है। बुधवार को जारी एक सर्वे में यह जानकारी दी गई। एचएसबीसी इंडिया मैन्यूफैक्चरिंग पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) मार्च में 58.1 रहा, जो फरवरी में 58.1 था। फरवरी में नए ऑर्डर और प्रोडक्शन में धीमी ग्रोथ के बीच भारत के मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर की ग्रोथ 14 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गई थी। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा संकुचन को दिखाता है। सर्वे के मुताबिक, भारत में मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर की वृद्धि ने फरवरी में खोई हुई जमीन हासिल की है। सर्वे में कहा गया, मार्च में कुल बिक्री में जुलाई 2024 के बाद से सबसे ज्यादा ग्रोथ दिखाई दी, जिसका श्रेय कंपनियों ने सकारात्मक ग्राहक रुचि, अनुकूल मांग की स्थिति और सफल मार्केटिंग मुहिम को दिया। इसमें कहा गया, कंपनियों ने वित्त वर्ष 2024-25 के अंत में प्रोडक्शन बढ़ा दिया। विस्तार की दर तेज हुई और अपने ऐतिहासिक औसत से ज्यादा रही जिससे आठ महीनों में सबसे मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। मार्च में नए निर्यात ऑर्डर में जोरदार ग्रोथ जारी रही, लेकिन ग्रोथ की रफ्तार तीन महीने के निचले स्तर पर आ गई। कंपनियों ने ग्लोबल सेल्स के मामले में एशिया, यूरोप और पश्चिम एशिया में हुई ग्रोथ का हवाला दिया। बढ़ती मांग से कंपनियों को ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपने भंडार का उपयोग करना पड़ा, इसकारण जनवरी 2022 के बाद से तैयार माल के भंडार में सबसे तेज गिरावट आई।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के बाद भी खरीदारी हावी रहने से आया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के जवाबी टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद भी एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में खरीदारी से बाजार को सहारा मिला।

दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स आज अंत में 592.93 अंक करीब 0.78 फीसदी की बढ़त के साथ 76,617.44 पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी अंत में 166.65 अंक तकरीबन 0.72 फीसदी ऊपर आकर 23,332.35 पर बंद हुआ।

आज सभी इंडेक्स में तेजी रही। इसमें निफ्टी रियल्टी इंडेक्स ने 3.61 फीसदी की बढ़त के साथ सबसे अधिक बढ़त दर्ज की। इसमें कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, बैंक और वित्तीय सेवाओं के शेयरों में 2.51 फीसदी तक की बढ़त रही।

आज सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 21 के शेयर बढ़त पर बंद हुए। जोमाटो में सबसे ज्यादा तेजी आई और यह लगभग 5 फीसदी उछलकर बंद हुआ। टाइटन, इंडसइंड बैंक, मारुति सुजुकी इंडिया और टेक महिंद्रा के शेयर भी लाभ में रहे।

दूसरी ओर नेस्ले इंडिया का शेयर सबसे अधिक गिरकर बंद हुआ। उपभोक्ता क्षेत्र की एफएमसीसजी कंपनी के शेयरों में बोफा सिक्योरिटीज के रेटिंग कम करने की वजह से इसमें गिरावट आई। इसके अलावा अल्ट्रा सीमेंट, बजाज फाइनेंस, पावर ग्रिड, बजाज फिनसर्व, एलएंडटी, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी के शेयरों में गिरावट रही।

वहीं जानकारों के अनुसार इंडेक्स में हैवी वेटेज रखने वाले एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के अलावा इन्फोसिस जैसी आईटी स्टॉक्स में तेजी से भी बाजार ऊपर आया। अमेरिकी टैरिफ के बारे में मिले-जुले संकेतों के बाद भी घरेलू बाजार में लगातार बढ़त देखी गई। यह इस कारण था कि टैरिफ का घरेलू अर्थव्यवस्था पर कम प्रभाव पड़ेगा। मेन्यूफेक्चरिंग पीएमआई भी अपने उच्च स्तर पर पहुंच गयी। इससे कंपनियों की आय में सुधार के संकेत मिले हैं। वहीं गल दिवस बाजार गिरावट पर बंद हुआ था।

इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुला। आज सुबह 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 100 से ज्यादा अंक ऊपर आकर




76,146.28 अंक पर खुला। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 26.40 अंक की बढ़त के साथ ही 23,192.60 अंक पर खुला जबकि गत दिवस मंगलवार को बाजार भारी गिरावट पर बंद हुआ था। विदेशी निवेशकों ने गत दिवस 5,901.63 करोड़ रुपये के भारतीय शेयर बेचे, जबकि डीआईआई ने 4,322.58 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

दूसरी ओर दुनिया भर के बाजारों की बात करें तो जापान का निक्केई 0.28 फीसदी नीचे आया जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.58 फीसदी गिरा। ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 0.2 फीसदी उछला है। अमेरिका में एसएंडपी में 0.38 फीसदी की बढ़त रही जबकि नैस्डैक कंपोजिट में 0.87 फीसदी की रही।

# ब्रोकरेज ने एफएमसीजी सेक्टर के स्टॉक आईटीसी को खरीदने की दी सलाह




**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वार के बीच घेरलू शेयर बाजारों में बुधवार को जोरदार उछाल आया। एचसीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसे शेयरों की तेजी ने बाजार को ऊपर खींचा। हालांकि टैरिफ को लेकर अनिश्चितताओं ने बढ़त को सीमित कर दिया। शेयर बाजार के जानकारों का मानना है कि मजबूत फंडामेंटल और उचित वैल्यूएशन वाले स्टॉक्स में निवेश करना फिलहाल बेहतर ऑप्शन है। इस बीच ब्रोकरेज फर्म नुवामा ने एफएमसीजी सेक्टर के स्टॉक आईटीसी लिमिटेड को खरीदने की सलाह दी है। नुवामा ने आईटीसी लिमिटेड पर अपनी 'बाय' रेटिंग को बरकरार रखा है। ब्रोकरेज ने स्टॉक पर 571 रुपए का टारगेट प्राइस तय किया है। इस तरह से स्टॉक आगे चलकर 40 फीसदी का अपसाइड दिखा सकता है। आईटीसी लिमिटेड के शेयर मंगलवार को 406.65 रुपए के भाव पर बंद हुआ था। स्टॉक के प्रदर्शन पर नजर डाले तो यह अपने अपने हाई से 19 फीसदी नीचे है। स्टॉक पिछले छह महीने में 16.31 फीसदी गिरने के बाद बीते एक महीने में 3.50 फीसदी चढ़ा है। वहीं, छह महीने में स्टॉक में 16.31फीसदी की गिरावट आई जबकि एक साल में यह केवल 1.41 फीसदी ही चढ़ा है। स्टॉक का 52 वीक हाई 500 रुपए और 52 वीक लो 381.24 रुपए है। बीएसई सेंसेक्स में लिस्टेड कंपनी का मार्केट कैप 5,11,452 करोड़ रुपए है।

# औंधेमुंह गिरा आईपीओ सेक्टर, शेयर अपने इश्यू प्राइस से नीचे फिसल गए

**मुंबई।**

भारतीय शेयर बाजार में बीते सितंबर से जारी गिरावट के चलते नई लिस्टेड कंपनियों के शेयरों पर दबाव काफी बढ़ चुका है। बीते वित्त वर्ष में आए 78 आईपीओ में से 34 कंपनियों के शेयर अपने इश्यू प्राइस से नीचे फिसल गए हैं। इसमें से 10 कंपनियों के शेयर लिस्टिंग के समय ही डिस्काउंट पर थे और अब भी नुकसान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 24 कंपनियों के शेयर जो ऊंचे स्तर पर खुले थे, लेकिन अब अपनी बढ़त गंवा चुके हैं।


गोदावरी बायोरिफाइनरीज, कैरारो इंडिया और वेस्टर्न कैरियर्स इंडिया के शेयर 50 प्रतिशत से अधिक गिरे हैं। वहीं, सरस्वती साड़ी डिपो, टॉलिन्स टायर्स, श्री तिरुपति बालाजी एग्रो ट्रेडिंग, एक्मे फिनट्रेड, इकोस इंडिया मोबिलिटी, सुरक्षा डायग्नोस्टिक और बाजार स्टाइल रिटेल के शेयर 40-50 प्रतिशत तक लुढ़क चुके हैं।

इसके अलावा, ममता मशीनरी, बजाज हाउसिंग फाइनेंस, यूनिकॉमर्स ई-सॉल्यूशंस, यूनिमेक एयरोस्पेस और डी डेवलपमेंट इंजीनियर्स जैसी कंपनियों ने मजबूत लिस्टिंग के बावजूद अपनी सारी बढ़त खो दी है। हालांकि, केआरएन हीट एक्सचेंजर, भारती हेक्साकॉम, क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक और ओरिएंट टेक्नोलॉजीज ने निवेशकों को लिस्टिंग गेन के अलावा भी अच्छा रिटर्न दिया है।




आईपीओ में गिरावट के बावजूद निवेशकों की दिलचस्पी बनी हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 में हर आईपीओ को औसतन 64 गुना सब्सक्रिप्शन मिला, जो वित्त वर्ष 2021-22 के 16 गुना की तुलना में काफी अधिक है। इस बीच, सेंसेक्स अपने सितंबर के 85,978.25 के उच्चतम स्तर से 10 प्रतिशत नीचे आ चुका है। बीते छह महीनों में बीएसई सूचकांक में 7.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

# रुपया बढ़त पर बंद



नई दिल्ली । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को रुपया चार पैसे की बढ़त के साथ ही 85.46 पर बंद हुआ। वहीं आज सुबह रुपयागिरावट के साथ ही 85.65 पर खुला, फिर नीचे गिरकर 85.73 पर आ गया, जो पिछले बंद से 23 पैसे कम है। शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 23 पैसे गिरकर 85.73 पर आ गया। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और रेसीप्रोकल टैरिफ को लेकर बढ़ती चिंताओं के कारण यह गिरावट आई। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की लगाये रेसीप्रोकल टैरिफ चिंताओं के कारण वित्त वर्ष 2025-26 के पहले कारोबारी सत्र में रुपये में गिरावट आई है। वहीं शुक्रवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 24 पैसे बढ़कर 85.50 पर बंद हुआ था। इंटरबैंक फॉरेन करेंसी एक्सचेंज मार्केट में रुपया डॉलर के मुकाबले 85.65 पर खुला, फिर नीचे गिरकर 85.73 पर आ गया। बुधवार नये वित्त वर्ष 2025-26 का पहला कारोबारी सत्र है रहा क्योंकि 1 अप्रैल को बैंकों के वार्षिक खाता बंद होने के कारण मंगलवार को करेंसी और बॉन्ड मार्केट बंद थे।

# लालू ने कहा था-वक्फ बोर्ड पर कड़ा कानून बनाना चाहिए

## मांझी ने शेयर किया वीडियो, रविशंकर बोले- ऐने सड़क मत बनाई वोट ना मिली, हम ये नहीं करते

**पटना।** वक्फ संशोधन बिल आज लोकसभा में पेश किया गया। इसमें जेपीसी द्वारा किए गए 20 संशोधनों पर चर्चा जारी है। संसद में पटना साहिब से बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद ने वक्फ बिल के समर्थन में तमाम दलीलें दीं। ऐने सड़क मत बनाई वोट ना मिली... हम ये नहीं करते हैं। रविशंकर प्रसाद ने कहा- 'वक्फ की 8 लाख संपत्ति हैं। दुनिया की सबसे बड़ी संपत्ति हैं। मुतवल्ली उन्हें मैनेज करता है। उसकी जिम्मेदारी होती है की नहीं। पटना का सांसद हूं। एक सरकारी जमीन का तालाब है, जहां छठ पर अर्घ्य दिया जाता है। हाईकोर्ट ने कहा कि यह सरकारी जमीन है। 1920 का एक कब्रिस्तान खड़ा है और कहते हैं कि वक्फ की जमीन है। आगे कहेंगे कि पूरा हिंदुस्तान वक्फ है। कहेंगे कि हमारे सम्राट हुए थे। यह देश ऐसे नहीं चलेगा। वक्फ का दावा करने वाले कौन थे। मैनेजर साहब की बिल्डर से साठगांठ हो गई और इमारत खड़ी हो जाती है। बदलाव जरूरी है। जब वक्फ की संपत्ति की लूट हो तो हमें शांत रहना चाहिए। हाईकोर्ट के पास सीधा अधिकार नहीं था। वक्फ में हाईकोर्ट जाना मना था। आज आप कोर्ट में भी जा सकते हैं। ट्रिब्यूनल ठीकठाक चलना चाहिए। सेटिंग ना हो। आज क्रिश्चियन समाज क्यों दुखी है, वो चाहते हैं कि वक्फ में बदलाव हो। चर्च अतिक्रमण से परेशान हैं। जिस तरह से यूपी में क्रिश्चियन परेशान हैं, अखिलेश जी आपको भी सोचना पड़ेगा। आप बिल का विरोध करते हैं तो जवाब दीजिए। क्या चाहते हैं कि वक्फ की प्रॉपर्टी लूटी जाए। इस बिल में बड़े-बड़े सांसद, एक्सपर्ट, महिलाओं और सिविल सोसाइटी शामिल हैं तो सवाल कैसे। मुतवल्ली पर कंट्रोल नहीं होना चाहिए। क्यों नहीं होना चाहिए।आपके वीटो के दिन लद गए। हारते जा रहे हैं, लेकिन भाषा वही है। शौचालय, सड़कें बनवाई तो क्या ये कहा कि ये मुस्लिम का है? वोट दो चाहे ना दो, हम काम करेंगे। कुछ तो सीखिए, देश हित में जो है वो बदलेंगे।मांझी ने शेयर किया वक्फ बिल के समर्थन में



लालू का वीडियो इसके पहले केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने लालू का संसद में बोलते एक वीडियो शेयर किया है। ये वीडियो 7 मई 2010 का है। इसमें लालू वक्फ की जमीनों को लेकर कड़ा कानून बनाने की बात कहते दिख रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के बाद केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और जीतनराम मांझी की पार्टियों ने भी इस मुद्दे पर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को अपना समर्थन दे दिया है। हालांकि, नीतीश की जदयू को चुनाव में मुसलमानों के मतों की नाराजगी का डर है। वहीं राजद बिल के विरोध में है। पार्टी का कहना है कि वो इस बिल का संसद में विरोध करेगी। बीजेपी सांसद संजय जायसवाल - यह एक अच्छा विधेयक है। यह विधेयक देश और मुसलमानों के हित में है। इससे गरीब मुसलमानों को मदद मिलेगी... अगर यह असंवैधानिक विधेयक है तो विपक्ष को इस कानून को खत्म करने की मांग करनी चाहिए। मुझे नहीं लगता कि हम जैसे लोग इस पर आपत्ति करेंगे। सांसद कपिल सिब्बल- बिहार में चुनाव हैं, अगर जेडीयू ने विधेयक के पक्ष में वोट दिया तो वे चुनाव हार जाएंगे। हो सकता है कि वे वॉकआउट कर दें ताकि बीजेपी को इसे पास करने का मौका मिल जाए। चिराग पासवान भी ऐसा ही कर सकते हैं। जेडीयू सांसद संजय झा - जेपीसी में हमारे पार्टी के सुपौल से सांसद दिलेश्वर कामत भी शामिल थे। हमने बिल को लेकर अपनी बात रखी है। यह (विधेयक) पूर्वव्यापी नहीं होना चाहिए। विधेयक आने दीजिए, यदि इसमें हमारी चिंताओं को शामिल किया जाता है, तो हम निश्चित रूप से विधेयक का समर्थन करेंगे। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह- यह विधेयक संवैधानिक है, मुसलमानों के हित में है, गरीबों के हित में है... जो लोग इसका विरोध कर रहे हैं वे मुस्लिम विरोधी हैं।आरजेडी सांसद मनोज कुमार झा- हर संवैधानिक आधार का उल्लंघन किया जा रहा है। हमने (विपक्ष ने) किसान आंदोलन के दौरान भी कहा था कि जल्दबाजी नहीं होनी चाहिए। नतीजा (तीनों कृषि कानून) वापस लेने पड़े। वही स्थिति यहां भी ना हो जाए चिराग पासवान- हमारी पार्टी वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन कर रही है। जो संशोधन किए गए हैं, वे सकारात्मक हैं और पारदर्शिता लाने की सोच के साथ किए गए हैं। हमने सुझाव भी दिए और हमारे ज्यादातर सुझाव स्वीकार भी किए गए हैं और हम इसका समर्थन कर रहे हैं प्रशांत किशोर- अगर वक्फ कानून संसद से पास हुआ तो इसके लिए नीतीश कुमार और जदयू दोषी होंगे। 2015 में नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाने में मुसलमानों का बड़ा योगदान था। आज नीतीश कुमार उनके साथ वादा खिलाफी कर रहे हैं। चिराग ने सभी सांसदों से सदन में मौजूद रहने को कहा चिराग की लोक जनशक्ति पार्टी (रामबिलास) ने व्हिप जारी कर अपने सभी सांसदों को अगले दो दिनों तक सदन में उपस्थित रहने को कहा है। वहीं, मांझी ने कहा कि जैसे धारा 370 को हटाने के समय सवाल उठे थे, लेकिन अब लोग इसे समझ चुके हैं। तीन तलाक को भी मुस्लिम विरोधी बताया गया था, लेकिन आज मुस्लिम महिलाएं सशक्त हुई हैं। ठीक वैसे ही वक्फ बिल लाया जा रहा है। इधर, JDU के मुस्लिम नेता पार्टी के स्टैंड के खिलाफ है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी और JDU MLC गुलाम गौस वक्फ संशोधन बिल का विरोध किया है। गुलाम गौस का मानना है कि वक्फ संशोधन बिल सही नहीं है। इसे किसान बिल की तरह ही वापस लेना चाहिए। गुलाम गौस ने सोमवार को ईद के दिन राबड़ी आवास पहुंचकर आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव से मुलाकात की थी। मुलाकात के बाद कहा था, 'लालू यादव से अच्छे संबंध रहे हैं।

## आपसी विवाद के बाद दंपती ने खाया जहर;पत्नी की मौत

**बांका।** के पंजवारा थाना क्षेत्र के चचरा गांव में आपसी विवाद के बाद एक दंपती ने जहर खा लिया। जिसके बाद दोनों की तबीयत बिगड़ गई। वहीं अस्पताल ले जाने के दौरान पत्नी की मौत हो गई, जबकि पति की हालत गंभीर देखते हुए उसे भागलपुर के मायागंज अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। मृतका की पहचान चचरा गांव निवासी संतोष मंडल(21) की पत्नी कृति कुमारी(19) के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर पहुंचे मृतका के परिजनों ने बताया कि एक साल पहले ही दोनों की शादी



हुई थी। जहां मंगलवार की देर रात पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ। जिसके बाद उसने जहर खा लिया वहीं पत्नी को जहर खाते देख संतोष ने भी उसे खा लिया। वहीं बताया कि उसकी बेटी को दहेज के लिए उसके दामाद और सास-ससुर प्रताड़ित करते थे। जिसे लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होती थी।

## 12वीं में कम नंबर आने पर छात्रा ने किया सुसाइड

**जहानाबाद।** में मंगलवार की रात डिप्रेशन में आकर छात्रा ने सुसाइड कर लिया। लड़की इंटरमीडिएट के रिजल्ट से नाराज थी। उसकी जुड़वा बहन को 500 में 390 अंक आए थे। वहीं उसे 300 नंबर आए थे। इस कारण उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना टेहटा थाना क्षेत्र के मदारी चक्र गांव की है। मृतक की पहचान सीता कुमारी(18) है। कम नंबर आने से परेशान थी छात्रा घटना को लेकर पिता अनुज कुमार ने बताया कि 25 मार्च को इंटरमीडिएट का रिजल्ट जारी हुआ था। रिजल्ट आने से पहले मेरी दोनों बेटी खुश थी। हमलोग साथ बैठकर रिजल्ट का



इंतजार कर रहे थे। जब रिजल्ट जारी हुआ तो सीता नाराज हो गई। उसने हमसे कहा कि मैंने बहुत मेहनत की थी। लेकिन फिर भी मुझे कम नंबर आए।दोनों बहन एक साथ बैठकर पढ़ाई करती थी। दोनों के बीच बहुत प्यार था। लेकिन रिजल्ट के बाद सीता अपनी बहन से नाराज और अलग-अलग रहने लगी। वो डिप्रेशन में चली गई। हमलोग मिलकर उसे समझाए कि इतना परेशान मत हो, सब ठीक हो जाएगा। लेकिन वो नहीं समझी। वो घर में किसी से बात नहीं करने लगी थी। मंगलवार की रात 10 बजे के करीब हमलोग साथ बैठकर खाना खाए, इसके बाद वो सोने का कहकर अपने रूम में चली गई। बुधवार सुबह जब हमलोग उठे तो उसका गेट बंद दिखा। करीब 7 बजे हमने उसके रूम के कुंदी को खटखटाया। लेकिन वो नहीं खोली। आधे घंटे तक जब दरवाजा नहीं खुला तो हमलोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। करीब 8 बजे तक पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने दरवाजा तोड़ा तो देखा कि मेरी बेटी पंखे से लटककर सुसाइड कर ली है। इसके बाद शव को नीचे उतारा गया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

## कांग्रेस का NSUI और की पलायन रोको यात्रा





**किशनगंज।** बुधवार को NSUI और कांग्रेस ने पलायन रोको नौकरी दो यात्रा निकाली। बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास यात्रा में शामिल हुए। राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार के आने की बात थी, लेकिन वे अभी तक वहां नहीं पहुंचे। यात्रा का शुरूआत मारवाड़ी कॉलेज किशनगंज से किया गया है। जहां जिले के सभी हिस्सों से कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता और अधिकारी यात्रा में शामिल हुए है। मारवाड़ी कॉलेज के बाद यह यात्रा कांग्रेस ऑफिस पहुंचा है जहां चाय विश्राम रखा गया है। इसके बाद अशोक सम्राट भवन में लंच ब्रेक रखा गया है। फिर वही से यात्रा की शुरूआत खगड़ा मेला गेट से किया जाएगा। यात्रा की समाप्ति संध्या करीब 5 बजे किया जाना है। इस यात्रा की समाप्ति एनएच हाईवे 3 नंबर गुमटी में होगी। जिसके बाद शहर के गांधी चौक में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया जाएगा।यात्रा में सैकड़ो की तादाद में युवाओं की भीड़ देखने के साथ साथ वयस्कों की भी भीड़ देखी गई है। यात्रा में शामिल सभी कार्यकर्ता सरकार के खिलाफ नारा लगाते हुए नौकरी दो और पलायन रोको का नारा लगाते हुए आगे बढ़ रहे है। सभी के हाथ में कांग्रेस का झंडा देखा गया है। वही रैली का नेतृत्व जिला अध्यक्ष ईमाम अली चिंटू कर रहे है। जहां कांग्रेस विधायक इजहारुल हुसैन सहित अन्य नेतागण भी शामिल है।

## किशनगंज में रेलवे ट्रैक से मिला विक्षिप्त महिला का शव

**किशनगंज।** पोठिया थाना क्षेत्र के कुशियारी पंचायत के निमला गांव में रेलवे ट्रैक पर एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। मृतका की पहचान नौक्कता निवासी मंजूरा (22 ) के रूप में हुई है। बता दें कि इस्लामपुर से सिलीगुड़ी जाने वाली रेल लाइन के पिलर नंबर 46/7 के पास सुबह स्थानीय लोगों ने शव को देखा। घटना की जानकारी के बाद मौके पर भारी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने पोठिया थाने को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



पुलिस जांच में सामने आया कि मृतका मानसिक रूप से विक्षिप्त थी। प्रारंभिक जांच में ट्रेन की टक्कर से मौत होने की बात सामने आई है।थानाध्यक्ष अंजय अमन ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इधर घटना की सूचना परिजनों को मिलते ही घरवालों के साथ साथ इलाके में कोहराम मच गया है।

## मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

**बगहा।** पुलिस ने रामनगर के धान्गड़ टोली में छापेमारी कर अवैध शराब के कारोबार का भंडाफोड़ किया है। वरीय अधिकारियों के निर्देश पर थानाध्यक्ष ललन कुमार के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में हजारों लीटर अर्द्धनिर्मित कच्ची शराब को नष्ट किया गया और शराब बनाने वाली सामग्री बरामद की गई। छठ पूजा और रामनवमी को लेकर जिले में शराबबंदी को सख्ती से लागू करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया। पुलिस ने जब धान्गड़ टोली में छापेमारी की, तो मौके पर अवैध शराब की बड़ी खेप मौजूद थी।



हालांकि, पुलिस को देखते ही शराब कारोबारी भागने में सफल रहे। पुलिस ने मौके से देसी चुलाई शराब भी बरामद की और उसे नष्ट कर दिया। इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की और उम्मीद जताई कि आगे भी इस तरह के सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## राणा सांगा पर विवादित बयान से भड़की करनी सेना

**गोपालगंज।** वैकुंठपुर प्रखंड के राजापट्टी सिंह चौक पर राष्ट्रीय राजपूत करनी सेना ने राणा सांगा पर विवादित बयान को लेकर सपा सांसद का विरोध किया। जहां करणी सेना के सैकड़ों की संख्या में पहुंचे कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया। बता दें कि समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सदस्य रामजी लाल सुमन ने राणा सांगा को 'गद्दार' कहा था। इस बयान के विरोध में करनी सेना के कार्यकताओं ने सांसद का पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारियों ने सांसद से तत्काल माफी मांगने की



मांग की। करनी सेना के सदस्यों ने कहा कि मुगलों की सेना को कई बार पराजित करने वाले राणा सांगा के खिलाफ अभद्र टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सांसद के बयान को आपत्तिजनक और निंदनीय बताया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर सांसद ने माफी नहीं मांगी तो और उग्र आंदोलन किया जाएगा। कार्यकताओं ने कहा कि सांसद की टिप्पणी से हिंदू समाज में रोष है। उनका कहना है कि वीर शिरोमणि राणा सांगा का अपमान सपा सांसद की संकीर्ण मानसिकता को दर्शाता है।

# कन्हैया कुमार की यात्रा में शामिल होंगे राहुल गांधी

## 7 अप्रैल को बेगूसराय जाएंगे, 'पलायन रोको, नौकरी दो' यात्रा में हिस्सा लेंगे

**पटना।** राहुल गांधी 7 अप्रैल को बिहार आने वाले हैं। 'कन्हैया कुमार की पलायन रोको नौकरी दो' यात्रा में वह शामिल होंगे। 7 अप्रैल को बेगूसराय जिले मे कन्हैया की यात्रा होगी। राहुल गांधी पहले हॉफ मे बेगूसराय और दूसरे हाफ में पटना के कार्यक्रम मे शामिल होंगे। बेगूसराय में राहुल गांधी के स्वागत के लिए बड़े लेवल पर तैयारी चल रही है। कांग्रेस सूत्रों की मानें तो राहुल गांधी के चौपर को बेगूसराय में उतरने के लिए परमिशन के लिए एप्लिकेशन जा चुका है। परमिशन



मिलने के बाद कांग्रेस इसकी आधिकारिक घोषणा कर सकती है। राहुल गांधी पटना के श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में पार्टी की ओर से आयोजित 'संविधान सुरक्षा सम्मेलन' में शामिल होंगे। राहुल गांधी का इस साल ये तीसरा दौरा है। इससे पहले 18 जनवरी और 5 फरवरी को पटना आएं थे। चुनावी साल में राहुल के दौरे का काफी अहम माना जा रहा है। वहीं, 4 अप्रैल को राहुल गांधी बिहार के



40 कांग्रेस जिलाध्यक्षों के साथ दिल्ली में बैठक करेंगे। संविधान सम्मेलन इन मुद्दों पर फोकस 1. स्वाधीनता संग्राम में बापू के नमक सत्याग्रह आंदोलन का ऐतिहासिक महत्व। 2. आजादी की लड़ाई में बुद्धु नोनिया की शहादत। 3. अमर शहीद प्रजापति रामचंद्र विद्यार्थी की शहादत। 4. स्वतंत्रता और समता सेनानी बाबू जगजीवन राम का ऐतिहासिक योगदान। 40 जिलाध्यक्षों की हुई है घोषणा बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्षों की घोषणा मंगलवार को ही की गई है। प्रदेशभर में संगठन को मजबूत करने के लिए बिहार के 40 कांग्रेस जिलाध्यक्षों की घोषणा की गई है। कांग्रेस अध्यक्ष ने इस सूची को मंजूरी दी है। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (AICC) के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इन नियुक्तियों को तत्काल प्रभाव से लागू करने का निर्देश दिया है। नए अध्यक्षों को जिले स्तर पर पार्टी की मजबूती के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

## संक्षिप्त डायरी

### बगहा में मगरमच्छों वाली नहर के पास बच्चा लापता

**बगहा।** के रामनगर के भावल पंचायत स्थित पिपरा गांव में एक अफवाह से पूरे गांव में मातम छा गया। जब एक मासूम बच्चा घर नहीं लौटा और नहर के किनारे उसकी चप्पल पड़ी मिली, तो यह खबर तेजी से फैल गई कि मगरमच्छ ने उसे अपना शिकार बना लिया है। गांव में कोहराम मच गया, लोग रोने-बिलखने लगे और पूरा माहौल गमगीन हो गया। लेकिन घंटों बाद जब बच्चा सही-सलामत घर लौटा, तो असलियत कुछ और ही निकली। वह खेलते-खेलते दूसरे गांव चला गया था और समय का अंदाजा न लगने के कारण देर से घर पहुंचा। घटना शाम के वक्त की है जब गांव का एक बच्चा खेलने निकला, लेकिन देर तक घर नहीं लौटा। पहले तो परिजनों ने सोचा कि वह दोस्तों के साथ कहीं खेल रहा होगा, लेकिन जब समय बीतता गया तो चिंता बढ़ने लगी। परिजन और गांव के लोग उसे ढूंढने निकले और कुछ ही देर बाद नहर किनारे उसकी चप्पल पड़ी मिली। यह वही जगह थी जहां अक्सर मगरमच्छ देखे जाते हैं। गांव के लोगों ने कई बार इन मगरमच्छों को बकरियों और कुत्तों का शिकार करते देखा था। ऐसे में जैसे ही बच्चे की चप्पल नहर किनारे मिली, लोगों को संदेह हुआ कि कहीं मगरमच्छ ने उसे निगल तो नहीं लिया। बस फिर क्या था, गांव में अफरा-तफरी मच गई। बच्चे के घर में कोहराम मच गया, लोग रोने-बिलखने लगे। सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ नहर किनारे जमा हो गई। किसी ने फौरन पुलिस को खबर दी, और पुलिस भी तुरंत मौके पर पहुंच गई। जब पुलिस और ग्रामीण मगरमच्छ के संभावित हमले की पड़ताल कर रहे थे, तभी अचानक खबर आई कि बच्चा सुरक्षित घर लौट आया है। पता चला कि वह खेलते-खेलते दूसरे गांव चला गया था और उसे समय का अंदाजा ही नहीं रहा। जब वह घर लौटा, तब तक पूरा गांव मातम में डूब चुका था। बच्चे की सकुशल वापसी से लोगों ने राहत की सांस ली, दरअसल, पिपरा गांव के पास बहने वाली नहर में आधा दर्जन से अधिक मगरमच्छ मौजूद हैं। यही कारण है कि लोग डर गए।



### बाइक सवार दो युवकों पर चाकू से हमला, गंभीर

**गोपालगंज।** के नगर थाना क्षेत्र में स्थित सुंदर पट्टी गांव के पास पूर्व विवाद को लेकर बाइक सवार आरोपियों ने दो युवकों पर हमला कर दिया। इस घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनकी पहचान सुंदर पट्टी गांव निवासी रोहित सिंह और सन्नी कुमार के रूप में हुई है। बताया गया कि बदमाशों ने उनपर चाकू से और बाइक की चाबी से हमला कर घायल कर दिया। घायलों ने बताया कि दोनों दोस्त बाइक पर कहीं जा रहा था। गांव से कुछ दूर जाने पर बाइक सवार आरोपियों ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने पहले विवाद शुरू किया और फिर रोहित पर चाकू से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए सन्नी को भी चाबी से घायल कर दिया। हमला करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायलों ने डायल 112 को सूचना दी। पुलिसकर्मी बीके सिंह के नेतृत्व में टीम तुरंत मौके पर पहुंची। गंभीर रूप से घायल युवक को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। स्थानीय थाने को घटना की जानकारी दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



### छपरा में पेड़ से लटकी मिली युवती की लाश

**छपरा।** के मांझी थाना क्षेत्र के जैतीया गांव में बुधवार सुबह एक युवती का शव पेड़ से लटका मिला। मृतका की पहचान हरिंदर माझी की बेटी गुनगुन कुमारी के रूप में हुई है। बताया गया कि गुनगुन मंगलवार की दोपहर से ही लापता थी। वहीं घटना की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। युवती का शव उसके दुपट्टे से लटका हुआ था, जिससे आत्महत्या और हत्या की आशंका जताई जा रही है। परिजनों ने बताया कि गुनगुन मंगलवार दोपहर से लापता थी, जिसके बाद उसे खोजबीन की जा रही है। काफी तलाश के बावजूद कोई सुराग नहीं मिला, लेकिन बुधवार सुबह गांव के बगीचे में आम के पेड़ से लटका हुआ शव बरामद किया गया। मांझी थानाध्यक्ष ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस सभी संभावित कारणों की जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का खुलासा होगा।



### तेज रफ्तार कार ने मासूम को कुचला, मौत

**नालंदा।** में घर के पास खेल रहे मासूम को तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। इस हादसे में बच्चें की इलाज के दौरान मौत हो गई। मामला चण्डी थाना क्षेत्र अंतर्गत विशुनपुर गांव का है। मृतक की पहचान विशुनपुर गांव निवासी संजय कुमार के (03) वर्षीय पुत्र रंजन कुमार के रूप में की गई है। घटना मंगलवार की शाम हुई थी। मृतक के परिजन ने बताया कि रंजन कुमार मंगलवार की शाम घर के पास ही खेल रहा था। तभी मुड़ल विगहा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार मारुति कार ने घर के पास खेल रहे बच्चें को टक्कर मार दिया और उसे कुचल दिया। हालांकि कार सवार मौके पर गाड़ी छोड़ फरार हो गया। वहीं, इस हादसे के बाद आनन-फानन में घायल रंजन कुमार को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां देर रात उसकी मौत हो गई। मौत की पुष्टि के उपरांत परिजनों में कोहराम मच गया। शव को लेकर परिजन बुधवार को चण्डी थाना पहुंचे। इस मामले में चण्डी थाना अध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि परिजनों की ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है। गाड़ी को जब्त कर थाना लाया गया है। वाहन नंबर के आधार पर पुलिस चालक की पहचान में जुट गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पूरे मामले की पुलिस पड़ताल की जा रही है।





# ये है दुनिया का सबसे डरावना और वीरान आइलैंड, कभी इस बीमारी से पीड़ितों को बिना इलाज के रखा जाता था यहां

कोढ़ रोग को हमारे समाज में हमेशा से ही हीन भावना से देखा जाता है। इस बीमारी को भगवान का शाप या दंड माना जाता रहा है। समाज में लोग कोल्ड रोगियों से हमेशा दूरी बना कर रहे हैं। सदियों से इस बीमारी से पीड़ित लोगों को समाज से अलग रखा गया है। भारत ही नहीं दुनिया के विदेशों में कुष्ठ रोगियों के लिए कई आश्रम चलते हैं। लेकिन यूरोप के ग्रीस और यूनान जैसे देशों ने अपने यहां के कुष्ठ रोगियों को आम लोगों से दूर रखने के लिए एक आईलैंड ही अलग कर दिया था।

इस आइलैंड का नाम स्पिनालॉन्गा आइलैंड है। ये यूनान के सबसे बड़े क्रीट द्वीप के पास स्थित है। ये भूमध्य सागर में मिराबेलो की खाड़ी के मुहाने पर मौजूद है। लेकिन आज इस आईलैंड पर कोई नहीं रहता और यह वीरान पड़ा है। यहां पर बेहद कम लोग ही जाते हैं। इस जगह की सबसे पहले वेनिस के राजा ने यहां पर सैनिक अड्डा बनाया था। इसके बाद तुर्की के ऑटोमान साम्राज्य ने इस पर कब्जा कर लिया। हालांकि, साल 1904 में क्रीट के लोगों ने तुर्कों को यहां से खदेड़ दिया। इसके बाद यह आइलैंड को कोढ़ के मरीजों का अड्डा बना दिया गया। साल 1975 में दुनिया को इस कोढ़ आश्रम के बारे में पता चला। इसके बाद यूनानी सरकार की बहुत आलोचना हुई।

जिसके बाद यहां के सभी लोगों को इलाज के लिए ले जाया गया और इस कुष्ठ रोगी आश्रम को बंद कर दिया गया। इसके बाद से स्पिनालॉनगा आइलैंड वीरान पड़ा है। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि इस आईलैंड पर कोढ़ के मरीजों के इलाज का भी कोई इंतजाम नहीं था। इस द्वीप पर एक ही डॉक्टर आता था, वो भी तब जब किसी मरीज को कोई और बीमारी हो जाती थी। इंद्र को बनाने से पहले ही कुष्ठ रोग का इलाज खोज लिया गया था लेकिन यहां रहने वाले मरीजों का इलाज नहीं होता था।

# चार धाम यात्रा के लिए आईआरसीटीसी ने पेश किया शानदार टूर पैकेज, यात्रियों को मिलेंगी ये सुविधाएं

गर्मियों की छुट्टी में लो कहीं ना कहीं घूमने का प्लान बनाते हैं। ऐसे में कई लोगों को परिवार के साथ चार धाम की यात्रा करने की इच्छा होती है। ऐसे लोगों के लिए भारतीय रेलवे चारों धामों की यात्रा के लिए एक खास ऑफर लेकर आई है। बता दें कि यात्रियों के लिए पावन धाम की यात्रा के ऐसे पैकेज भारतीय रेलवे की तरफ से समय-समय पर उपलब्ध करवाए जाते हैं। आई जानते हैं आईआरसीटीसी के चार धाम टूर पैकेज के बारे में -

### इतने दिनों का होगा टूर पैकेज

भारतीय रेलवे की ओर से यात्रियों को चार धाम की यात्रा के लिए एक स्पेशल टूर पैकेज दिया जा रहा है। आपको बता दें कि यह टूर पैकेज आजादी का अमृत महोत्सव और देखो अपना देश के तहत पेश किया गया है। इस पैकेज का नाम Char Dham Yatra E& Nagpur है। आईआरसीटीसी की ओर से जारी किया गया यह खास टूर पैकेज कुल 11 दिनों और 12 रातों का है। इच्छुक यात्री आईआरसीटीसी की वेबसाइट irctctourism.com पर जाकर ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं।

### इस दिन से शुरू होगी यात्रा और इन जगहों के होंगे दर्शन

रेलवे द्वारा यह चार धाम यात्रा 14 मई 2022 को नागपुर से शुरू होगी। यहां से यात्रियों को हवाई यात्रा के जरिए दिल्ली लाया जाएगा। दिल्ली से हरिद्वार के लिए ट्रेन रवाना होगी। इस टूर पैकेज के तहत यात्रियों को बद्रीनाथ, केदारनाथ, यमुनोत्री, गंगोत्री, गुप्तकाशी, बरकोट, जानकी चट्टी, सोनप्रयाग, उत्तरकाशी, आदि धार्मिक स्थलों के दर्शन कराए जाएंगे।

### यात्रियों को मिलेंगी ये सुविधाएं

यात्रा के दौरान यात्रियों को रेलवे की ओर बस और गाड़ी की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा प्रतिदिन नाश्ता और डिनर भी मिलेगा और ठहरने के लिए होटल की व्यवस्था भी करवाई जाएगी।

### यात्रियों को देना होगा इतना शुल्क

अकेले यात्रा करने वाले यात्रियों को 77,600 रुपए देने होंगे। दो लोगों को इस रूप पैकेज के लिए 61,400 चुकाने होंगे। वहीं तीन लोगों को इस पैकेज के लिए 58,900 जमा करने होंगे। बता दें कि बच्चों का अलग से शुल्क पड़ेगा।



# मेघालय राज्य की खूबसूरती देखेंगे तो बस देखते ही रह जायेंगे

1972 में असम से अलग होकर भारत के इक्कीसवें राज्य के रूप में नक्शे पर उभरा, अद्भुत नैसर्गिक सुषमा का आलय-मेघालय यानि बादलों का घर। आकाश में बादलों के झुंड, धरती पर चंचल झरने, शांत झीलें और उनमें अपना प्रतिबिम्ब निहारती हरियाली, इन सबके बीच आपकी उपस्थिति आपको अवसर देगी कि आप अपने भाग्य पर गर्व कर सकें। यह राज्य गारो, खासी तथा जयन्तिया जैसी प्राचीन पहाड़ी जनजातियों का मूल निवास स्थान है। इन्हीं लोगों को भारत का प्राचीनतम निवासी माना जाता है।

ब्रिटिश राज के दौरान स्कॉटलैंड ऑफ ईस्ट कहा जाने वाला शहर शिलांग मेघालय की राजधानी है। खासी पहाड़ियों में, समुद्रतल से लगभग 1500 मी. की ऊंचाई पर बसे इस शहर का नाम एक जनजातीय देवता शुलांग के नाम पर पड़ा है। प्यार से मिनी लंदन पुकारे जाने वाले शहर के चप्पे-चप्पे पर अंग्रेजी प्रभाव के निशान खोजे जा सकते हैं।

शिलांग जैसे छोटे शहर में दर्शनीय स्थानों की सूची छोटी नहीं है। शहर के बीचों-बीच स्थित है वार्डलेक। 1893-94 में बनी यह झील पर्यटकों का ही नहीं स्थानीय लोगों का भी प्रिय स्थान है। खूबसूरत बगीचों की हरियाली और झील के बीच में बना लकड़ी का पुल इसकी विशेषता है। इस लकड़ी के पुल पर से आप झील की मछलियों को देख सकते हैं और चाहें तो उन्हें आटे की गोलियां भी खिलाएं। नि:संदेह बच्चों को यह काम बहुत अच्छा लगेगा। झील के पानी में उतरना चाहें तो नौकाविहार कर सकते हैं। खाने-पीने का अच्छा प्रबंध होना इस स्थान को सुविधाजनक भी बना देता है।

यदि आपकी दिलचस्पी पेड़-पोधों में है तो झील के पास स्थित बाटेनिकल गार्डन अवश्य जाएं। वनस्पति विज्ञान के छात्रों के लिए यह स्थान बहुत उपयोग साबित होगा। इसके पास ही स्थित डेलिमार वांगखा का तितलियों का सग्रंह भी देखें। दुनिया भर का तितलियों से संबधित जिज्ञासा यहां शांत की जा सकती है।

किताबों में रूचि हो और ज्ञान में वृद्धि चाहें तो विशेष रूप से प्राचीन जीवन शैली से जुड़ी जानकारियों चाहें तो स्टेट सैन्ट्रल लाइब्रेरी जाना उचित होगा। साथ ही आपको अपनी ओर खीचेंगे डांन बास्को तथा आंल सैन्ट चर्च। डांन बास्को चर्च की विशाल इमारत और अनूठा प्रार्थना कक्ष ही इसकी खासियत हैं।

1889 में बना भारत का तीसरा सबसे पुराना गोल्फ कोर्स भी शिलांग में ही है। चीड़ और देवदार के ऊंचे वृक्षों से घिरे इस स्थान की मखमली धास का मजा लेने के लिए आपका गोल्फ में रूचि रखना जरूरी नहीं। अक्सर सूर्यादय और सूर्यास्त के सुन्दर दृश्यों को नजरों में भरनो के लिए भी पर्यटक यहां आते हैं।

खासी जनजाति के मातृ-सत्तात्मक समाज की छाप देखें यहां के बड़ा बाजार में। इस बाजार को पूर्वोत्तर भारत का सबसे बड़ा बाजार माना जाता है। यहां खरीददारी करें हस्तशिल्प की और बांस के बने सामान की। यहां के जीवन को और करीब से जानना हो तो पास ही स्थित पुलिस बाजार भी जाना चाहिए।

शिलांग से लगभग 2 किलोमीटर दूर है एलिफेन्टा फॉल (झरना)। हाथी के आकार के इस प्राकृतिक झरने की सौन्दर्य वृद्धि की है लकड़ी के छोटे-छोटे पुलों ने। इस झरने के नाम के कारण के बारे में लोगों में मतैक्य नहीं है। कुछ लोगों के अनुसार इस जगह के नाम का कारण, कभी यहां हाथियों का पानी पीने आना था जबकि दूसरों के अनुसार, इसका हाथी जैसा आकार। कुछ लोग इसके नामकरण की कथा सुनाते हैं कि किसी अंग्रेज अधिकारी का हाथी रास्ता भटक कर यहां पहुंच गया और यहीं उसकी मृत्यु हो गई तो यह नाम पड़ा। इसी खींच-तान के बीच एक अन्य कथा यह भी है कि यहां हाथी पानी पीने आते थे। किसी कारण वश यहां एक हाथी की मृत्यू के पश्चात हाथियों ने यहां आना बंद कर दिया। स्थानीय लोग इस मृत हाथी को देखने यहां पहुंचे, यही घटना इस स्थान के नामकरण का कारण है। इसी से यह स्थान लोकप्रिय भी हुआ।

शिलांग और उसके आसपास के क्षेत्र में कई और झरने भी है जैसे मारग्रेट फांल, बिशप फांल, स्वीट फांल आदि।

समुद्र की सतह से लगभग 1960 मी. ऊंचाई पर, शिलांग से करीब 10 किमी. दूर है शिलांग पीक। ऐसा विश्वास है कि जनजातीय देवता शुलांग यहीं निवास करते हैं। यहां के खुले वातावरण और ऊंचाई को ध्यान में रखकर कुछ गर्म कपड़े ले जाना गलत नहीं होगा।

उमियाम झील, गुवाहाटी से शिलांग के बीच का सबसे सुन्दर पड़ाव है। यह स्थान शिलांग से लगभग 17 किमी. दूर है। बड़ा पानी के नाम से प्रसिद्ध यह झील एक बांध के निर्माण के फलस्वरूप अस्तित्व में आई थी। इस झील के पास बने नेहरू उद्यान को भी देखें। यह झील पानी के खेलों के लिए प्रसिद्ध है।

1897 के भयानक भूकंप से धरती पर तराशे गए दर्रे के लिए विख्यात है माफलोग। यहां प्रकृति की सुन्दरता ने भूकंप की भयावहता को ढक दिया है। शिलांग से लगभग 64 किमी दूर है जरकेम। यहां गधंक के झरने हैं। ऐसा विश्वास है कि झरनों के पानी से अनेक बीमारियों का निदान संभव है।

मेघालय की अन्य दो पहाड़ियां हैं गारो और जयन्तिया। गारो पहाड़ियों को जाना जाता है वनस्पतिक और वन्य जीवन की विविधता के लिए। यहां राष्ट्रीय वन्य जीवन उद्यान तथा नाफक झील भी देखें। यहां सिजु गुफाओं में चूने पत्थर की बनी आकृतियों को देखा जा सकता है।

हिलौरे लेती मिन्तदू नदी से घिरी जयन्तिया पहाड़ी शिलांग से लगभग 64 किमी. दूर हैं। जोवाई, जयन्तिया जनजाति का मुख्यालय भी यहीं है। यहां सिन्दाल गांव में अनेक गुफाओं की सैर की जा सकती है की। जयन्तियां राजा तथा विदेशी आक्रमणकारियों के बीच युद्ध के दौरान कभी इनका प्रयोग छिपने के स्थान के रूप में होता था।

लगभग 1300 मी की ऊंचाई पर, शिलांग से 56 किमी. दूर स्थित है चेरापूंजी। एक लंबे समय, इस क्षेत्र को विश्व में सबसे अधिक वर्षा वाले क्षेत्र के रूप में जाना जाता रहा है। यहां रोमांच लें विश्व के चौथे सबसे ऊंचे झरने नहिकालीफाई को देखने का। इसी प्रकार मांसमाई और लम लाबाध की रहस्यमयी गुफाओं की सैर भी यादगार साबित होगी।

वर्तमान में सर्वाधिक वर्षा तथा लगभग निरन्तर बने रहने वाले इन्द्रधनुषों की भूमि मांसेनरम, चेरापूंजी के पास ही है। वर्षा ऋतु में लगभग अगम्य बन जाने वाला यह स्थान अपने चूने पत्थर के बने विशाल शिवलिंग के लिए खासा लोकप्रिय है। यहां भयावह ऊंचाई लिए बेहत खूबसूरत झरने भी आपको भाएंगे।

जून-जुलाई का समय मेघालय में उत्सवों का समय है। 4 दिनों तक चलने वाला किसानों का उत्सव है वेटडीनक्लामू। इसमें पारम्परिक नृत्य संगीत के साथ-साथ बैलों की लड़ाई का मजा लें। स्थानीय देवता यू शिलांग और पूर्वजों के सम्मान में आयोजित होने वाले नौंग क्रेम नृत्य उत्सव में शामिल होना नहीं भूलें।

अधिक वर्षा वाले दिनों को छोड़ हर मौसम में यहां आया जा सकता है। यहां का जाड़ा कुछ अधिक ठंडा और गर्मियां सुहावनी होती हैं। निश्चय ही यह छोटा-सा राज्य गर्मी से बड़ी राहत दिला सकता है।





# ये हैं अजमेर में घूमने की खूबसूरत जगहें, इन्हें नहीं देखा तो अधूरी है आपकी यात्रा

राजस्थान में अरावली पर्वतमाला से घिरा हुआ अजमेर शहर एक बहुत लोकप्रिय पर्यटक स्थल है। यह शहर सूफी संत मोइद्दिन चिश्ती की दरगाह के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। अजमेर शहर को पहले 'अजयमेरु' के नाम से जाना जाता था। यह शहर अपनी विशिष्ट वास्तुकला और संस्कृति के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। अजमेर में कई प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हैं जो देश-विदेश में बहुत प्रसिद्ध हैं। इस शहर में आपको पारंपरिक राजस्थानी रंग-ढंग देखने को मिलते हैं। आज के इस लेख में हम आपको अजमेर शहर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों के बारे में बताने जा रहे हैं -

### अजमेर शरीफ़

अजमेर में ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह यहाँ के सबसे प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है। इस दरगाह में हर धर्म-जाति के लोग मत्था टेकने के लिए आते हैं। कहा जाता है कि मुगल बादशाह अकबर आगरा से 437 किमी। पैदल चलकर ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर बेटा होने की दुआ माँगने आए थे। आज के समय में देश-विदेश से लोग दरगाह पर आकर मन्नत मांगते हैं और मन्नत पुअर होने के बाद चादर चढ़ाते हैं।

### आना सागर झील

अजमेर में आप आना सागर झील देख सकते हैं। यह एक बेहद खूबसूरत कृत्रिम झील है जो यहाँ आने वाले पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है। इस झील का निर्माण पृथ्वीराज चौहान के पिता आणाजी चौहान ने करवाया था। आणाजी से नाम पर ही इस झील का नाम आना सागर पड़ा। इस झील के आसपास की जगह भी बेहद खूबसूरत है। यहाँ का दौलत बाग देखने में बहुत खूबसूरत है, जिसका निर्माण जहांगीर ने करवाया था। इस झील में आप नौका विहार का आनंद ले सकते हैं।

### पुष्कर सरोवर

अजमेर स्थित पुष्कर झील देशभर में बहुत मशहूर है। यह सरोवर हिन्दू धर्म के लोगों के लिए आस्था का एक बड़ा केंद्र है। भारत के पांच पवित्र सरोवरों में पुष्कर झील भी शामिल है। कुछ विशेष अवसरों पर यहां श्रद्धालु पवित्र स्नान के लिए आते हैं। अजमेर आए पर्यटक पुष्कर सरोवर घूमने जरूर आते हैं। यहां आप ऊंट सवारी का आनंद ले सकते है।

### अढ़ाई दिन का झोपड़ा


अजमेर में स्थित अढ़ाई दिन का झोपड़ा एक ऐतिहासिक मस्जिद है। इस मस्जिद का निर्माण 1192 में मोहम्मद ग़ोरी के निर्देश पर कुतुब-उद-दीन ऐबक द्वारा करवाया गया था। इस मस्जिद में ढ़ाई दिन का उत्सव चलता है जिसकी वजह से इस मस्जिद को यह नाम दिया गया है। इस मस्जिद के निर्माण में खूबसूरत वास्तुकला का इस्तेमाल देखने को मिलता है। दूर-दूर से लोग इस मस्जिद में मत्था टेकने आते हैं।

### तारागढ़ किला

तारागढ़ किला, अजमेर के प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों में से एक है। इस किले का निर्माण सन 1354 में किया गया था और यह राजस्थान के सबसे प्रसिद्ध प्राचीन संरचनाओं में से एक है। यह किला पर्यटकों के लिए राजस्थानी वास्तुकला का एक शानदार और उत्कृष्ट उदाहरण पेश करता है।

### सोनी जी की नसियां

अजमेर में स्थित सोनी जी की नसियां एक प्रसिद्ध जैन मंदिर हैं। इसे लाल मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। यह मंदिर जैन धर्म के पहले तीर्थंकर को समर्पित हैं। सोनी जी की नसियां मंदिर का मुख्य आकर्षण इसका मुख्य कक्ष है, जिसे स्वर्ण नगरी या सोने के शहर के नाम से भी जाना जाता हैं। इस मंदिर में जाएं धर्म से जुड़ी सोने की लकड़ी की कई आकृतियां बनी हुई हैं। यह मंदिर पर्यटकों के बीच बहुत लोकप्रिय है और दूर-दूर से लोग इस मंदिर को देखने आते हैं।



# सनराइजर्स के खिलाफ मुकाबले में जीत की राह पर लौटने उतरेगी केकेआर

**कोलकाता (एजेंसी)।** आईपीएल में गुरुवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। केकेआर का लक्ष्य अपने घरेलू मैदान पर होने वाले इस मैच में जीत के साथ ही लय हासिल करना करेगा। इस सत्र में नये कप्तान अजिंक्य रहाणे के साथ उतरी केकेआर का प्रदर्शन अब तक अच्छा नहीं रहा है और उसे तीन में से दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। रहाणे ने सत्र के पहले मैच में मिली हार के बाद कहा था कि अभी घबराने की कोई जरूरत नहीं है पर तीन मैचों में दो मैच हारने के बाद अब टीम दबाव में नजर आ रही है। इस मैच में माना जा रहा है कि स्पिनरों के अनुकूल पिच रहेगी जिसपर केकेआर के सुनील नरेन, मोईन अली और वरुण चक्रवर्ती प्रभावी हो सकते हैं। वरुण ने चैम्पियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया था पर आईपीएल में अभी तक वह प्रभावित नहीं कर पाये हैं। ऐसे में उनका लक्ष्य इस मैच में बेहतर प्रदर्शन रहेगा। केकेआर के टीम संयोजन को लेकर भी काफी सवाल उठ रहे हैं। उनकी गेंदबाजी और बल्लेबाजी में समन्वय नहीं दिखता। अनुभवी बल्लेबाज रन बनाने में विफल रहे हैं।

टीम में शामिल नये गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन अब तक प्रभावित नहीं कर सके हैं जबकि एनरिच नॉर्किया चोट के कारण बाहर हैं। बड़ी कीमत परखरीदे गए वेंकटेश अय्यर भी दो मैचों में 9 रन ही बना सके हैं। रिटेन किये गए खिलाड़ियों में रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, हर्षित राणा और रमनदीप सिंह फॉर्म में नहीं हैं। टीम को अगर इस मैच में जीत दर्ज करनी है तो इन सभी खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

वहीं दूसरी ओर सनराइजर्स की भी राह आसान नहीं है। पहले मैच में छह विकेट पर 286 रन बनाने वाली सनराइजर्स पिछले दो मैचों में बल्लेबाजी के असफल होने से 200 रन भी नहीं बना पाई है। बेहद आक्रामक बल्लेबाजी की रणनीति नुकसान देह रही है। उसे पिछले दो मैचों में लखनऊ सुपर जाइंट्स और दिल्ली कैपिटल्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में इस मैच में जीत के लिए कप्तान पैट कमिंस कोई कमी नहीं रखना चाहेंगे। टीम को हालांकि जीत के लिए पूरी ताकत लगानी होगी। चुकाता करने के लिए अपने प्रदर्शन में काफी सुधार करना होगा। उसके पास अनुभवी गेंदबाज मोहम्मद शमी हैं जो मुकाबले में अंतर पैदा कर सकते हैं। इसके अलावा बल्लेबाज अनिकेत वर्मा भी इस मैच में अच्छा प्रदर्शन करने उतरेंगे। पिछले मैच में अनिकेत ने आक्रामक बल्लेबाजी कर सभी को प्रभावित किया था।



### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**सनराइजर्स हैदराबाद :** पैट कमिंस (कप्तान), ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, नितीश कुमार रेड्डी, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), अनिकेत वर्मा, अभिनव मनोहर, जीशान अंसारी, हर्षल पटेल, मोहम्मद शमी, वियान मुल्डर।

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), सुनील नरेन, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), वेंकटेश अय्यर, अंगकृष रघुवंशी, रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, मनीष पांडे।

# लखनऊ सुपरजायंट्स के आक्रामक रुख को लेकर गावस्कर ने कही ये बात



**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम का आईपीएल के 18 वें सत्र में अब तक का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है और उसे तीन में से दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में एक बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में लखनऊ सुपरजायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत 2 रन बनाकर ही आउट हो गये। इस दौर अब गावस्कर से कमेंट्री के दौरान पूछा गया कि अच्छे गेंदबाज नहीं होने के कारण ही टीम इतनी तेजी से खेल रही है। तो गावस्कर ने कहा,- आपने मुझसे यह सवाल कुछ समय पहले पूछा होता तो अच्छा होता मैंने ऋषभ के साथ काफी समय बिताया है और मैं निश्चित रूप से उनसे पूछता कि क्या यही कारण है कि आप लोग इस तरह से खेल रहे हैं तो शायद वह इसे बेकार सा सवाल मानते।

इस पूर्व कप्तान ने कहा, जब आप सुपरजायंट्स के निकोलस पूरन और मिचेल मार्श जैसे खिलाड़ियों की बात करते हैं तो वे पहले से ही आक्रामक खिलाड़ी हैं। मुझे लगता है कि वे इसी तरह से खेलते हैं और यह देखना बहुत रोमांचक है। वहीं ऋषभ निचले क्रम में आते हैं, इसलिए, उनके पास अच्छी बल्लेबाजी है। साथ ही कहा कि अगर उनके पास पर्याप्त तेज गेंदबाज नहीं हैं, तो आपको तय है कि अधिक रन बनाने होंगे जिससे आपके गेंदबाजों को सहारा मिल सके। टीम के लिए अब तक यह आईपीएल अधिक अच्छा नहीं रहा है। उसे अब तक 3 मैच में से केवल एक में ही जीत मिली है। वहीं दो मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा है।

# अब चेन्नई में होने वाले छह मैचों में ही नजर आयेंगे धोनी : फ्लेमिंग



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इस बार चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है और उसे एक ही मैच में जीत मिली है। टीम के मुख्य बल्लेबाज महेन्द्र सिंह धोनी भी लय में नहीं दिखते और निचले क्रम पर बल्लेबाजी के लिए उतरते हैं। इसी को लेकर अब टीम के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने अहम खुलासा किया है। फ्लेमिंग ने कहा है कि फ्लेमिंग की फिटनेस अब पहले की तरह नहीं है और उनपर अधिक बोझ नहीं डाला जा सकता। इसलिए वह सत्र में केवल 6 मैच ही खेल सकेंगे। ये मैच चेन्नई में ही खेले जाएंगे। वहीं अन्य स्थानों पर होने वाले मैचों के लिए उन्हें शामिल नहीं किया जाएगा।

फ्लेमिंग ने यह भी कहा कि धोनी के घुटने में समस्या है, जिससे वह पूरे 10 ओवर तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते। इसलिए उन्हें दूसरे बल्लेबाजों का सहयोग करने के लिए भेजा जाएगा। ऐसे में उन्हें 9वें या 10वें ओवर में बल्लेबाजी के लिए नहीं भेजा जा सकता। फ्लेमिंग ने हालांकि धोनी की नेतृत्व क्षमता और विकेटकीपिंग की जमकर प्रशंसा की है। कोच के इस बयान से साफ है कि धोनी की भूमिका अब सीमिल हो गयी है। धोनी इस सत्र में चेन्नई में होने वाले 6 मैचों में ही खेल पाएंगे, क्योंकि बचे हुए मैच दूसरी जगहों पर खेले जाएंगे। इससे साफ है कि धोनी अब बड़ी भूमिका में नहीं दिखेंगे।

# यशस्वी जायसवाल का चौंकाने वाला फैसला, मुंबई क्रिकेट का साथ छोड़ा, अब इस टीम के लिए खेलेंगे

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने निजी कारणों का हवाला देते हुए अपनी घरेलू टीम मुंबई को छोड़ने का फैसला किया है जिसने उन्हें क्रिकेटर बनाया है। जायसवाल ने मंगलवार को मुंबई क्रिकेट संघ को पत्र लिखकर मुंबई छोड़कर गोवा में जाने की इच्छा जताई और संचालन संस्था ने उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है।

जायसवाल के इस चौंकाने वाले कदम से 23 वर्षीय बाएं हाथ के खिलाड़ी 2025-26 सीजन से गोवा के लिए खेलेंगे। एमसीए के एक अधिकारी ने बताया, 'हां, यह आश्चर्यजनक है। उन्होंने ऐसा कदम उठाने के लिए कुछ सोचा होगा। उन्होंने हमसे खुद को मुक्त करने का अनुरोध किया है और हमने उनका अनुरोध स्वीकार कर लिया है।'




जायसवाल ने आखिरी बार मुंबई के लिए 23-25 जनवरी तक जम्मू और कश्मीर के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए लीग राउंड मैच में खेला था। जायसवाल ने रणजी ट्रॉफी 2024-25 सीजन में अपनी एकमात्र उपस्थिति दर्ज की थी, जिसमें उन्होंने 4 और 26 रन बनाए थे और मुंबई टूर्नामेंट के इतिहास में दूसरी बार जम्मू और कश्मीर से 5 विकेट से हार गई थी।

जुलाई 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से जायसवाल भारत के पहले पसंद के सलामी बल्लेबाज रहे हैं और तब से उन्होंने 19 मैच खेले हैं जिसमें सबसे बड़े मंच पर शानदार प्रदर्शन करके खुद को मजबूत किया है। टेस्ट में उनका औसत 52 से अधिक है जिसमें चार शतक और 10 अर्द्धशतक शामिल हैं।

# बीसीसीआई ने सुपर जायंट्स के गेंदबाज राठी पर लगाया जर्माना

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18 वें सत्र में आक्रामक अंदाज दिखाने वाले लखनऊ सुपर जायंट्स के गेंदबाज दिग्वेश सिंह राठी पर भारी जुर्माना लगाया है। राठी ने लखनऊ के एकाना स्टेडियम में पंजाब किंग्स के बल्लेबाज प्रियांश आर्य को आउट करने के बाद एनिमेटेड नोटबुक अंदाज में जश्न मनाया था। इसके लिए राठी पर मैच फीस का 25 फीसदी जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही एक नकारात्क अंक भी जोड़ा है। ये पूरा मामला पंजाब किंग्स की बल्लेबाजी के दौरान तीसरे ओवर का है। तब अतिम गेंद पर राठी ने प्रियांश को गेंदबाजी की थी। जिसपर इस बल्लेबाज ने बड़ा शॉट खेलने का प्रयास किया पर गेंद हवा में उछल गयी और वह शार्दुल के हाथों कैच हो गये। प्रियांश जब पवेलियन लौट रहे थे तो राठी उनके पासा आये और कंधा टकराते हुए हवा में ऐसे हाथ हिलाने लगे जैसे किसी काल्पनिक नोटबुक में कुछ लिख रहे हों। अंपायरों ने इसको लेकर राठी से नाराजगी जतायी। ग्नेश से बातचीत भी की थी। राठी ने अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 के अपराध को मानते हुए मैच रेफरी की बात को माना लिया। इस प्रकार उनपर लेवल 1 के उल्लंघन का मामला बना और आगे की सुनवाई की जरुरत नहीं ही। इस मैच में सुपर जायंट्स को पंजाब किंग्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा है।




# चक्रवर्ती टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसके, पांड्या ऑलराउंडरों में शीर्ष पर

दुबई। भारत के रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की पुरुष टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में एक स्थान गिरकर तीसरे स्थान पर खिसक गए जबकि हार्दिक पांड्या बुधवार को जारी ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। चक्रवर्ती 706 रेटिंग अंक के साथ न्यूजीलैंड के जेकब डफी (723) और वेस्टइंडीज के अकील हुसैन (707) से पीछे हैं। लेग स्पिनर रवि बिश्नोई (674) और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह (653) क्रमश : सातवें और 10वें स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल अन्य दो भारतीय गेंदबाज हैं। अक्षर पटेल 13वें स्थान पर हैं। भारत के बाएं हाथ के युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड शीर्ष पर हैं जबकि इंग्लैंड के फिल सॉल्ट तीसरे स्थान पर हैं। दो अन्य भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव क्रमश- चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। पांड्या 252 रेटिंग अंक के साथ ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। उनके बाद नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी और ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस का नंबर आता है।



# हार से निराश ऋषभ बोले, हमने 20 से 25 रन कम बनाये


लखनऊ। आईपीएल में बुधवार को पंजाब किंग्स से मिली हार के बाद लखनऊ सुपरजायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत निराश नजर आये। ऋषभ की कप्तानी में टीम को इस सत्र में अब तक तीन में से दो मैचों में हार मिली है। हार को लेकर ऋषभ ने कहा कि उनकी टीम की बल्लेबाजी अच्छी नहीं रही। साथ ही कहा कि 20 से 25 रन और बनाये होते तो हालात अलग रहते। कप्तान ने हालांकि कहा कि यह खेल में ये होता रहता है। हम घरेलू मैदान का सही लाभ नहीं उठा पाये जिससे ये मैच हमारे हाथ से निकल गया। ऋषभ ने कहा, 'जब आप शुरुआती विकेट गंवा देते हैं तो हालात हमेशा ही कठिन होते हैं। आप हर चीज पर नियंत्रण नहीं कर सकते पर हर खिलाड़ी इस मैच को आगे ले जाने के प्रयास कर रहा था।' उन्होंने कहा, 'हमारा मानना था कि विकेट धीमा है और गेंद थोड़ा रुककर आएगी। हमने उम्मीद के अनुसार अच्छा प्रदर्शन नहीं किय। हम इससे सीखेंगे और आगे बढ़ेंगे। कई बाते सकारात्मक भी रही हैं। यह टूर्नामेंट की शुरुआत है अब भी टीम को बहुत सी चीजों का पता लगाना है और उम्मीद है कि आगे का सफर हमारे लिए अच्छा होगा।' वहीं इस मैच की बात करें तो पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर सुपरजायंट्स को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। इस दौरान निकोलस पूरन के 44 और आयुष बडोनी के 41 रन की सहायता से मेजबान टीम ने सात विकेट पर 171 रन बनाये। इसके बाद 172 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स की टीम ने प्रभसिमरन सिंह की 34 गेंद में तीन छक्के और नौ चौके की सहायता से 69 रन बनाये। वहीं कप्तान श्रेयस अय्यर ने 52 रन बनाये।



# 'मैं कप्तान था, अब नहीं हूं, लेकिन..., मुंबई इंडियंस में अपनी भूमिका पर बोले रोहित शर्मा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल इतिहास में सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक रोहित शर्मा ने बताया कि मुंबई इंडियंस के सेटअप में पिछले कुछ सालों में उनकी भूमिका कैसे विकसित हुई है। उन्होंने कहा कि जब से उन्होंने शुरुआत की है, तब से बहुत कुछ बदल गया है, लेकिन फ्रैंचाइजी के लिए मैच और ट्रॉफी जीतने का उनका जुनून और इच्छा कभी नहीं बदली है।

रोहित 2020 के बाद से आईपीएल में अपनी सबसे खराब शुरुआत कर रहे हैं। वह मौजूदा आईपीएल 2025 के पहले दो तीन मैचों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में विफल रहे हैं, चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अभियान के पहले मैच में शून्य पर आउट हो गए। वह गुजरात टाइटन्स के खिलाफ खेल में फिर से विफल रहे और केवल 8 रन बनाए, जिसे एमआई ने शनिवार को 36 रनों से गंवा दिया। इसके बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच में 13 रन बनाए, जहां वह इम्पैक्ट सब के रूप में आए थे।



रोहित ने कहा, 'जब से मैंने शुरुआत की है, चीजें स्पष्ट रूप से बदल गई हैं। मैं मध्य क्रम में बल्लेबाजी करता था; अब मैं पारी की शुरुआत करता हूं। मैं कप्तान था; अब नहीं हूं। हमारे चैंपियनशिप जीतने वाले सीजन के मेरे कुछ साथी अब कोचिंग की भूमिका में हैं। इसलिए भूमिकाएँ बदल गई हैं, बहुत कुछ बदल गया है, लेकिन मानसिकता वही है। मैं इस टीम के लिए जो करना चाहता हूं, वह नहीं बदला है, और वह है वहां जाकर खेल और ट्रॉफी जीतना। मुंबई इंडियंस इसी के लिए जानी जाती है। पिछले कुछ वर्षों में, हमने ट्रॉफी जीती हैं और उन परिस्थितियों से खेल को बदला है, जिन पर किसी को विश्वास नहीं था। यही रुब्बु और मुंबई की खासियत है।'

रोहित अपने नाम पांच खिताब के साथ अब तक के सबसे सफल IPL कप्तान हैं। उन्होंने आगे इस सीजन में मुंबई इंडियंस में शामिल हुए नए खिलाड़ियों के बारे में बात की और कहा, 'ट्रेंट बोल्ट जैसे लोग, जो पहले भी यहां आ चुके हैं, बहुत अनुभव लेकर आए हैं और रुब्बु की संस्कृति को समझते हैं। फिर हमारे पास न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सेंटनर हैं, जो अनुभव और क्लास दोनों ही लाते हैं। विल जैक्स और रीस टॉपली जैसे खिलाड़ी विविधता लाते हैं, जबकि रयान रिकेल्टन एक रोमांचक युवा खिलाड़ी हैं।' उन्होंने कहा, 'इनमें से प्रत्येक खिलाड़ी टीम में कुछ अलग जोड़ता है, और जब आप उन्हें एक सामूहिक इकाई के रूप में साथ लाते हैं, तो इसका बड़ा प्रभाव पड़ता है। हमारे पास कई युवा भारतीय खिलाड़ी भी हैं जिनमें बहुत संभावनाएं हैं और मैं उनके साथ खेलने के लिए उत्सुक हूं। मेरा तत्काल लक्ष्य आईपीएल ट्रॉफी जीतना और मुंबई इंडियंस को गौरव वापस दिलाना है।'

# कपिल सहित ये क्रिकेटर कभी भी टेस्ट करियर में रन आउट नहीं हुए

मुम्बई। क्रिकेट जगत में अब तक 5 खिलाड़ी ऐसे हैं जो कभी रन आउट नहीं हुए। इस सूची में भारतीय टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव से लेकर पांच खिलाड़ी शामिल हैं। इस सूची में पाकिस्तान के मुदस्सर नजर, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान पॉल कॉलिंगवुड, ग्रीम हिक और पीटर बार्कर जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। कपिल देव - भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल अपने टेस्ट करियर में कभी रन आउट नहीं हुए। कपिल ने साल 1978 में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया और 1994 में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना आखिरी मैच खेला। साल 1978 से 1994 तक कपिल ने 131 टेस्ट मैच में 8 शतक और 27 अर्धशतक से 5,248 रन बनाए। इसके अलावा उन्होंने 434 विकेट भी टेस्ट मैचों में लिए। कपिल ने 225 एकदिवसीय मैच खेले जिसमें उन्होंने 3,783 रन बनाए। इसमें एक शतक और 14 अर्धशतक शामिल हैं। इस प्रारुप में उन्होंने 253 विकेट भी लिए। पॉल कॉलिंवगुड - इंग्लैंड के कप्तान पॉल कॉलिंवगुड ने इंग्लैंड की ओर से 68 टेस्ट मैचों में 4,259 रन बनाए है। वह अपने पूरे टेस्ट करियर में कभी भी रन आउट नहीं हुए। कॉलिंगवुड ने 197 एकदिवसीय मैचों में 5,092 रन बनाए। जिसमें 5 शतक और 26 अर्धशतक शामिल हैं। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने 36 टी20 मैच भी खेले जिसमें उन्होंने कुल 538 रन बनाए। टी20 में कॉलिंगवुड ने 3 अर्धशतक लगाये। मुदस्सर नजर - पाकिस्तान के मुदस्सर नजर भी कभी रन आउट नहीं हुए। मुदस्सर नजर ने 76 टेस्ट मैचों में 4114 रन बनाए, जिसमें 10 शतक शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने 122 एकदिवसीय मैचों में 2653 रन बनाए। वह पाक क्रिकेट टीम के कोच भी रहे। पीटर बार्कर - इंग्लैंड के पीटर बार्कर एक बेहतरीन बल्लेबाज रहे हैं। वह अपने पूरे टेस्ट करियर में कभी रन आउट नहीं हुए। पीटर ने 1951 में दक्षिण अफीका के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया और इंग्लैंड के लिए कुल 66 टेस्ट मैचों में 4537 रन बनाए। उन्होंने 13 शतक और 22 अर्धशतक लगाये। ग्रीम हिक - जिम्बाब्वे में जन्मे ग्रीम हिक ग्रीम ने 1991 से 2001 के बीच इंग्लैंड के लिए 65 टेस्ट और 120 एकदिवसीय खेले लेकिन कभी रन आउट नहीं हुए। टेस्ट में उन्होंने 3,383 रन बनाए जिसमें 6 शतक और 18 अर्धशतक शामिल हैं। इस दौरान वह कभी रन आउट नहीं हुए। हिक ने इंग्लैंड के लिए 120 एकदिवसीय भी खेले जिसमें उन्होंने कुल 3,846 रन बनाए।



# श्रेयर सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले कप्तानों की सूची में सातवें नंबर पर पहुंचे

मुम्बई। बल्लेबाज श्रेयस अय्यर आजकल अच्छे दौर से गुजर रहे हैं। एक ओर जहां उनका बल्ला जमकर चल रहा है। वहीं उनकी कप्तानी में पंजाब किंग्स टीम लगातार जीत दर्ज करती जा रही है। इस सत्र के लिए उन्हें मेगा नीलामी में पंजाब ने आईपीएल इतिहास की दूसरी सबसे मोटी बोली लगाकर खरीदा था जिससे उन्होंने सही साबित किया है। सत्र के आगे बढ़ने के साथ ही उनके नाम कई रिकॉर्ड बनते जा रहे हैं। वह इस बार लंबे छक्के लगाकर भी सबकी नजरों में आये हैं। आईपीएल इतिहास में कई कप्तान ऐसे हुए है जो लंबे छक्के लगाते हैं। इन्हीं में अब श्रेयस अय्यर का नाम भी जुड़ गया है। पहले दो मैचों में 2 अर्धशतकीय पारी खेलने वाले अय्यर ने अब तक 13 छक्के लगाये हैं। इस प्रकार कप्तान के तौर पर सबसे ज्यादा छक्के लगाने की सूची में श्रेयस अब 83 छक्कों के सात सातवें नंबर पर आ गये हैं। अय्यर ने आईपीएल में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में भी एडम गिलक्रिस्ट को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने अपने तीसरे मैच में 4 छक्के लगाकर अपने कुल आईपीएल छक्कों की संख्या 83 तक पहुंचा दी, जबकि गिलक्रिस्ट के नाम 79 छक्के दर्ज थे। आईपीएल में सबसे ज्यादा 218 छक्के कप्तान के तौर पर महेन्द्र सिंह धोनी के नाम हैं।

# रोल्स रॉयस अभी भी तीसरे गियर में है : कप्तान अय्यर की शानदार पारी के बाद बोले पोंटिंग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लखनऊ -पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कप्तान श्रेयस अय्यर की तुलना 'तीसरे गियर में रोल्स रॉयस' से की। उनकी यह प्रतिक्रिया अय्यर के लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ अपनी टीम की बड़ी जीत के लिए शानदार अर्धशतक बनाने के बाद आई। पोंटिंग ने अपनी टीम के साथ बातचीत में खिलाड़ियों को याद दिलाया कि आईपीएल 2025 अभियान के दौरान किसी भी चीज को हल्के में न लें।

अय्यर ने नाबाद 52 रन बनाए जो उनका दूसरा नाबाद अर्धशतक है जिससे पंजाब ने 172 रन के लक्ष्य को 16.2 ओवर में दो विकेट खोकर हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने 34 गेंदों में 69 रनों की धमाकेदार पारी खेलकर पंजाब को शानदार शुरुआत दिलाई जबकि नेहल वढेरा (25 गेंदों में नाबाद 43) ने भी आत्मविश्वास हासिल किया और अंत में आसान रन बनाए।

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा, 'कप्तान (अय्यर) ने फिर से आसानी से जीत दर्ज की। रोल्स-रॉयस दिन के अधिकांश समय तीसरे गियर में ही रहा। इससे ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं थी। बस जहाज को घर की ओर ले गया। आपको अभी तक औसत नहीं मिला है।' अय्यर को आईपीएल 2025 में अभी तक आउट नहीं किया गया है, उन्होंने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ पहले मैच में नाबाद 97 रन बनाए थे। वह वर्तमान में 149 रन के साथ सीजन में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

ऑस्ट्रेलियाई महान खिलाड़ी ने अपने खिलाड़ियों से अपने काम के प्रति दृढ़ता से प्रतिबद्ध रहने को कहा क्योंकि यह एक लंबा और थकाऊ टूर्नामेंट है। उन्होंने कहा, 'हम जो कुछ भी कर रहे हैं, उसे हल्के में न लें। हमारा रवैया बिल्कुल सही रहा है। हम अभी शुरुआत कर रहे हैं। इसलिए आइए एक परिवार के रूप में एक साथ कड़ी मेहनत करते रहें। और हम हर दिन बेहतर होते जाएंगे।'

पंजाब के घरेलू टीम के बल्लेबाजों को बांधे रखने में सफल होने का एक कारण गेंदबाजों द्वारा पहली गेंद से ही बनाए रखी गई मजबूत पकड़ थी और पोंटिंग ने कहा कि इससे बहुत बड़ा अंतर पैदा हुआ। उन्होंने कहा, 'आज पहले गेंदबाजी करते हुए अर्शदीप (सिंह) का पहला ओवर तीन रन के लिए गया, लॉकी (फर्ग्यूसन) ने एक ओवर में चार (रन) दिए। पावर प्ले में दो ओवर में 7 रन पर 1 विकेट। हम पावर प्ले में 35 रन पर 3 विकेट लेते हैं। पावर प्ले में चार ओवर में केवल 13 रन दिए गए। इसलिए पांचवें ओवर में मैक्सी (ग्लेन मैक्सवेल) आए और उसके बाद मार्को (जेनसन)। इसलिए मार्को ने छठा ओवर फेंका। उन्होंने वाकई कमाल दिखाया। उन्होंने डेविड मिलर का बड़ा विकेट लिया।'

पोंटिंग ने कहा, 'ग्रुप के इर्द-गिर्द जो कुछ भी हो रहा है, उसमें मेरे लिए सबसे अच्छी बात यह है कि जब खिलाड़ी आते हैं और अपना पहला मैच खेलते हैं या उन्हें पहला मौका मिलता है, तो लॉकी आज भी वैसा ही था।' मंगलवार को PBKS ने एक बदलाव किया और लॉकी को टीम में पदार्पण का मौका दिया। पोंटिंग ने कहा, 'पूरा गेंदबाजी समूह शानदार था और प्रभसिमरन, मुझे लगता है कि आपने इस सप्ताह अपने बारे में भी बहुत कुछ सीखा है। मुझे लगता है कि आपने सभी को साबित कर दिया है कि आप कितने बेहतरीन खिलाड़ी हैं।'



पोंटिंग ने वढेरा (25 गेंदों पर नाबाद 43 रन) की खूब तारीफ की और कहा कि उन्होंने अपने पास आए मौके का पूरा फायदा उठाया। उन्होंने कहा, 'हम खिलाड़ियों के प्रभाव डालने के बारे में बात करते हैं, है न? आपको टी20 मैच में मौका मिलता है और यह खेल और प्रतियोगिता पर प्रभाव डालने के बारे में होता है, जब आप कर सकते हैं। उसने (वढेरा) अपने बैग में केवल एक शर्ट रखी थी, क्योंकि उसे नहीं लगता था कि वह खेल में ज्यादा हिस्सा लेगा। वह आखिरी चार ओवर फील्डिंग करता है और फिर मैं उसके कंधे पर हाथ रखता हूं। जब मैंने देखा कि उन्होंने (एलएसजी) बाएं हाथ के ऑफ स्पिनर के रूप में अपना प्रभाव दिखाया है, तो मैंने कहा, दोस्त, तुम अंदर जा रहे हो। अवसर का पूरा लाभ उठाओ। अपने तरीके से खेलो।'

# अश्वनी को नई गेंद से गेंदबाजी करते देखना चाहता हूं : रिकेलटन

मुंबई। मुंबई इडियंस की ओर से खेल रहे दक्षिण अफ्रीकी विकेटकीपर बल्लेबाज रियान रिकेलटन ने अपने पहले ही मैच में शानदार गेंदबाजी करने वाले अश्वनी कुमार की जमकर प्रशंसा की है। रिकेलटन ने कहा कि इस गेंदबाज की गेंद जितना अंदाजा लगाया जाता है उससे तेज आती है। साथ ही कहा कि मैं उसे नई गेंद से गेंदबाजी करते देखना चाहता हूं जिससे वह अपने अन्य कौशल दिखा सके। अश्वनी ने अपने पहले ही मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ तीन ओवर में 24 रन पर चार विकेट लिए थे। उनकी शानदार गेंदबाजी से मुंबई ने इस मैच में जीत दर्ज की थी। रिकेल्टन ने कहा, 'उसकी गेंदबाजी लोग जितना समझते हैं, उससे कहीं ज्यादा तेज हैं। वह नई गेंद को स्विंग करने में सक्षम है। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा, 'आप जितना सोचते हैं, उससे कहीं ज्यादा तेज हैं और उसकी गेंद थोड़ी नीचे भी रहती है। वह निश्चित रूप से इस टीम में बेहतरीन खिलाड़ी हैं और यहां की पिच उसके अनुकूल है। रिकेलटन ने कहा, 'मैं उसे नईगेंद से गेंदबाजी करते देखना चाहता हूं ताकि वह अपने अन्य कौशल दिखा सके। वह मुंबई इंडियंस के लिए एक अच्छी खोज हैं और मैं वास्तव में यह देखने के लिए बेसब्र हूं कि वह कैसा प्रदर्शन करता है। वहीं केकेआर के रमनदीप सिंह ने भी अश्वनी को एक प्रतिभाशाली क्रिकेटर बताया है।

# 64 साल बाद गुजरात में कांग्रेस करेगी अधिवेशन, खोई ऊर्जा हासिल करने का प्रयास

**यह सत्र 2027 के गुजरात विधानसभा चुनावों के मद्देनजर एक शुरुआती कदम**




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 64 साल के लंबे अंतराल के बाद गुजरात में अपने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के अधिवेशन की मेजबानी करने जा रही है। यह ऐतिहासिक सत्र 8-9 अप्रैल को अहमदाबाद में होगा। इससे पहले गुजरात में आखिरी एआईसीसी सत्र 1961 में भावनगर में हुआ था। गुजरात में अपने अस्तित्व के संकट और राष्ट्रीय स्तर पर मिल रही चुनावी हार के बीच पार्टी इस सत्र के जरिए नई ऊर्जा प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा।

यह एआईसीसी सत्र कई ऐतिहासिक संयोगों के कारण खास है। यह साल महात्मा गांधी की एकमात्र कांग्रेस अध्यक्षीय कार्यकाल की शताब्दी और सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती का भी प्रतीक है। कांग्रेस 8 अप्रैल को शाहिबाग स्थित सरदार पटेल मेमोरियल में कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक करेगी, जबकि 9 अप्रैल को साबरमती नदी के किनारे मुख्य एआईसीसी सत्र आयोजित होगा। सरदार पटेल की विरासत पर फिर ध्यान केंद्रित करने की रणनीति? बीते एक दशक में बीजेपी ने सरदार पटेल की विरासत को बड़े स्तर पर अपनाया है और कांग्रेस को इससे दूर करने का प्रयास किया है। ऐसे में सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर कांग्रेस द्वारा गुजरात में यह आयोजन महज संयोग नहीं माना जा रहा है। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि पार्टी पटेल समुदाय के समर्थन को फिर से पाने की कोशिश कर रही है, जो माधवसिंह सोलंकी की क्षत्रिय, हरिजन, आदिवासी, मुस्लिम सोशल इंजीनियरिंग के बाद कांग्रेस से दूर होता गया था। हालांकि, कांग्रेस नेताओं ने इस आयोजन के राजनीतिक मायनों से इनकार किया है। गुजरात कांग्रेस के प्रवक्ता मनीष दोशी ने कहा कि आप सरदार पटेल को किसी एक समुदाय के नजरिए से नहीं देख सकते। वे पूरे राष्ट्र के नेता थे। गुजरात में कांग्रेस पिछले कई दशकों से लगातार कमजोर हो रही है। 2017 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने 77 सीटें जीतकर अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन 2022 में यह घटकर 17 सीटों पर आ गई। अब लोकसभा चुनाव नजदीक है और पार्टी इस सत्र के जरिए कार्यकर्ताओं में जोश भरने की कोशिश करेगी।

## भारत ने भी भेजी 400 टन राहत सामग्री म्यांमार, तलाशी अभियान में भी जुटी भारतीय टीम

नई दिल्ली,(ईएमएस)। म्यांमार में भूकंप के बाद भारत ने मदद के हाथ बढ़ाया था। भारत ने मंगलवार को फिर 400 टन राहत सामग्री म्यांमार भेजी है। इसके अलावा भारत ने राहत-बचाव और तलाशी अभियान के लिए टीम भी भेजी है। भारत सरकार ऑपरेशन ब्रह्मा के जरिए म्यांमार में भूकंप पीड़ितों की मदद कर रहा है। बता दें शुक्रवार को म्यांमार में 7.7 तीव्रता का भूकंप आया था जिसमें करीब 2 हजार से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। भारत मांडले एयरपोर्ट पर एक अस्पताल भी चला रहा है जहां घायलों का इलाज किया जा रहा है। वहीं 80 सदस्यों वाली एनडीआरएफ टीम इमारतों के मलबे से लोगों को निकालने का काम कर रही है। मंगलवार को विशाखापट्टनम पोर्ट से आईएनएस घड़ियाल को 442 मीट्रिक टन राहत सामग्री के साथ रवाना किया गया है। वहीं एसी-130 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट के जरिए 16 टन राहत सामग्री म्यांमार भेजी है। 30 टन राहत सामग्री पहले ही म्यांमार पहुंचाई जा चुकी है। इसमें खाने का सामान, टेंट और दवाइयां थीं। आईएनएस सतपुड़ा और आईएनएस सावित्री 50 टन सामग्री लेकर म्यांमार पहुंच चुका है। म्यांमार में तेज भूकंप के बाद भी कई झटके आए हैं। ऐसे में लोग डरे हुए हैं और वे अपने घर जाने को तैयार नहीं हैं। बड़ी संख्या में लोग खुले में या फिर टेंट में रहने को मजबूर हैं। अधिकारियों का कहना है कि पड़ोसी प्रथम की नीति के तहत भारत ने तुरंत ही राहत और बचाव के लिए इंतजाम शुरु कर दिए थे। भारत ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह सबसे पहले मदद का हाथ आगे बढ़ाता है।

## पहले दो समन में पेश नहीं हुए कामरा को थमाया तीसरा समन



मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर पैरोडी सॉन्ग मामले में कॉमेडियन कुणाल कामरा को पुलिस ने तीसरा समन भेजा है। उन्हें 5 अप्रैल को खार पुलिस स्टेशन में पूछताछ के लिए पेश होने को कहा है। इससे पहले पुलिस कामरा को 2 समन भेज चुकी है। इससे पहले 28 मार्च को हाईकोर्ट ने कामरा को 7 अप्रैल तक की अग्रिम जमानत दी थी। कामरा ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर की। इसका शीर्षक था- एक कलाकार को खत्म करने की स्टेप-बाय-स्टेप गाइड। कामरा ने लिखा-आज के दौर में कलाकारों के पास दो ही विकल्प हैं - या तो अपनी आत्मा बेचकर डॉलर की कठपुतली बन जाएं या फिर चुपचाप खत्म हो जाएं। इधर, मंगलवार को कुणाल कामरा मद्रास हाईकोर्ट में पेश हुए। उन्होंने दावा किया कि पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है। इसलिए उन्हें ट्रांजिट अग्रिम जमानत दी जाए। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस सुंदर मोहन ने कामरा को ट्रांजिट अग्रिम जमानत दे दी।

## लालू यादव की तबीयत बिगड़ी, एयर एंबुलेंस से ले जाया जाएगा दिल्ली

पटना (एजेंसी)। राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की तबीयत पिछले दो दिनों से बिगड़ी हुई है। बताया जा रहा है कि उनका ब्लड शुगर बढ़ गया है, जिससे उनके एक पुराने जख्म में तकलीफ बढ़ गई है। राबड़ी आवास में डॉक्टरों की टीम उनकी देख-रेख कर रही है। डॉक्टरों ने उन्हें दिल्ली ले जाने की सलाह दी है। आज बुधवार को एयर एंबुलेंस से उन्हें दिल्ली ले जाने की बात सूत्र बता रहे हैं। इससे पहले 26 मार्च को गर्दनीबाग में वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ प्रदर्शन में वे तेजस्वी यादव के साथ पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कहा था कि सरकार को देखना चाहिए, हम इसके विरोध में हैं। जनता सब समझ रही है। यहां बताते चलें कि लालू यादव के अनेक बड़े ऑपरेशन हो चुके हैं। इनमें 2014 में ओपन हार्ट सर्जरी हुई थी, जिसमें एऑर्टिक वॉल्व बदला गया था। 2022 में सिंगापुर में किडनी ट्रांसप्लांट हुआ, बेटी रोहिणी आचार्य ने किडनी डोनेट की थी। सितंबर 2024 में मुंबई के एशियन हार्ट अस्पताल में एंजियोप्लास्टी हुई थी, जिसमें एक स्टेंट लगाया गया था। 76 वर्षीय लालू यादव की तबीयत पहले भी कई बार खराब हो चुकी है, लेकिन इस बार शुगर लेवल बढ़ने के कारण डॉक्टर ज्यादा सतर्कता बरत रहे हैं।

## अनंत अंबानी ने पदयात्रा में 250 मुर्गियों की जान बचाई

जामनगर (एजेंसी)। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की पदयात्रा चल रही है। वह अपने जन्मदिन पर द्वारकाधीश जाकर भगवान द्वारकाधीश का आशीर्वाद लेंगे। मंगलवार को वह पाटिया गांव पहुंचे। पदयात्रा के दौरान रास्ते में 250 मुर्गा-मुर्गियों को बाजार में बिक्री के लिए ले जाया जा रहा था। उन्होंने रोककर दुगनी कीमत देकर 250 मुर्गा मुर्गियों को आजाद करवा दिया। अनंत अंबानी पक्षियों और पशुओं के प्रति काफी संवेदनशील हैं। जामनगर में उन्होंने वन तारा नाम से एनिमल रेस्क्यू सेंटर भी स्थापित कर रखा है। जिसे प्राणी मित्र के रूप में राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है।

## गो तस्करों और सीआईए टीम के बीच हुई मुठभेड़, 2 तस्कर घायल, जवान को लगी गोली

नूंह (एजेंसी)। हरियाणा के नूंह जिले में 14 दिनों में तीसरी मुठभेड़ हुई है। मंगलवार को तावडू सीआईए की टीम और गो तस्करों के बीच गांव सीलखो पहाड़ के पास मुठभेड़ हो गई। इस दौरान तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई। इस मुठभेड़ में दो गो तस्कर, सलीम (पुत्र जुम्मे खां, निवासी पचगांव) और साजिद (पुत्र इसाक, निवासी नागलपुर) घायल हो गए। दोनों को शहीद हसन खां मेवाती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तस्करों के कब्जे से दो अवैध बंदूकें, एक कारतूस, चार खाली कारतूस, एक मिस कारतूस, एक चाकू, एक कुल्हाड़ी, तीन गोवंश, एक मोटरसाइकिल और अन्य सामान बरामद किया है। नूंह पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस मुठभेड़ में जवाबी कार्रवाई के दौरान दो तस्कर घायल हुए हैं। यह जिले में 14 दिनों के भीतर गो तस्करों और पुलिस के बीच तीसरी मुठभेड़ है। इससे पहले 18 मार्च को तावडू सीमा के गांव गुरनावट में रेलवे ट्रैक के पास आडवाणी गैंग के तीन गो तस्कर पुलिस की मुठभेड़ में घायल हुए थे, जबकि तीन अन्य फरार हो गए थे। इसके बाद नूंह-सोहना सड़क पर नूंह सीआईए की टीम के साथ हुई मुठभेड़ में दो गो तस्कर भाग निकले थे। लगातार बढ़ रही इन घटनाओं ने क्षेत्र में गो तस्करी के खिलाफ पुलिस की सख्ती को उजागर किया है। जांच जारी है और पुलिस फरार संदिग्धों की तलाश में जुटी है।

## भारतीय नौसेना का बड़ा एक्शन, आईएनएस तरकश ने 2500 किलोग्राम मादक पदार्थ किए जब्त

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय नौसेना के पश्चिमी नौसेना कमान के अंतर्गत संचालित होने वाले फ्रिगेट आईएनएस तरकश ने हिंद महासागर में 2,500 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थों को रोका और जब्त किया। यह अभियान क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा प्रयासों के तहत चलाया गया। 31 मार्च को गश्त के दौरान आईएनएस तरकश को भारतीय नौसेना के पी8आई विमान से संदिग्ध जहाजों के बारे में खुफिया जानकारी मिली, जिनके बारे में माना जाता है कि वे मादक पदार्थों की तस्करी सहित अवैध गतिविधियों में लिप्त हैं। इसके बाद नौसेना ने फ्रिगेट का मार्ग बदल दिया और एक नाव को रोकने से पहले आस-पास के कई जहाजों की जांच की।

## महाराष्ट्र में किसान की अपील, किडनी, लीवर और आंखे ले लो, और कर्ज से मुक्ति दे दो



**वाशिम (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के वाशिम जिले में एक किसान ने महाराष्ट्र सरकार की नीति के विरोध में अनोखा प्रदर्शन किया है। अडोली गांव निवासी किसान सतीश ईडोले वाशिम के मुख्य मार्केट पहुंचे। जहां उनके गले में एक बैनर लटका हुआ दिखा। बैनर पर लिखा था किसानों के शरीर के अंग मोल ले लीजिए और कर्ज से मुक्ति दे दीजिए उसके नीचे शरीर के अंगों की कीमत डाल रखी थी। इसमें किडनी की कीमत 75 हजार, लीवर 90 हजार, आंखें 25 हजार रुपए लिखी गई थी।

किसान ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को जिला अधिकारी कार्यालय की ओर से लिखित पत्र भी भेजा है। पत्र में लिखा है कि चुनाव के पहले देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि उनकी सरकार आएगी, तब किसानों का कर्ज माफ करेगी। मेरे पास कर्ज चुकाने के लिए पैसे नहीं हैं और आत्महत्या के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं दिख रहा है। किसान ईडोले के पास 2 एकड़ खेत है। बताया जाता है कि किसान पर महाराष्ट्र बैंक का 1 लाख रुपये के आसपास का क्रॉप लोन बकाया है। किसान सतीश ने कहा कि चुनाव से पहले वादा किया था कि अगर उनकी सरकार आई, तब किसानों का कर्ज माफ होगा। लेकिन उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने हाल ही में कहा है कि कर्ज माफ नहीं होगा। किसान कर्ज का भुगतान करें। किसान ने सरकार से कहा कि उसकी किडनी की कीमत से भी उसका कर्ज अदा नहीं हुआ, तब उसकी पत्नी की किडनी 40 हजार, बड़े बेटे के किडनी की 20 हजार और छोटे बेटे की किडनी 10 हजार रुपए में ले लिया जाए और कर्ज से मुक्ति दे दिया जाएगा।

# अप्रैल के आते ही पूरे देश में गर्मी का पारा चढ़ने लगा

**राजस्थान में पारा पहुंचा 42 डिग्री के पार, दक्षिण में हल्की से मध्यम बारिश असर**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। अप्रैल के आते ही पूरे देश में गर्मी का पारा चढ़ने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ेगा। उत्तर भारत में जहां तेज धूप और लू चलने की संभावना है, वहीं दक्षिणी और पूर्वी हिस्सों में हल्की बारिश की उम्मीद है। राजधानी दिल्ली में पारा 40 डिग्री के करीब पहुंच गया है, जबकि राजस्थान के कुछ इलाकों में यह 42 डिग्री तक दर्ज हुआ है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में लू चलने की चेतावनी दी है।

वहीं दक्षिण भारत के तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के कुछ इलाकों में हल्की बारिश के आसार हैं। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के चलते यहां बादल छाए रह सकते हैं और कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इससे तापमान में कुछ गिरावट आएगी और लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी। पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत में हल्की बारिश की संभावना बंगाल, ओडिशा, असम, मेघालय और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों में बादल छाए रह सकते हैं और हल्की बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, इन इलाकों में अगले दो-तीन दिनों तक बारिश जारी रह सकती है, जिससे तापमान में मामूली गिरावट आ सकती है।

वहीं मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी गर्मी बढ़ने लगी है। भोपाल, इंदौर, रायपुर और ग्वालियर जैसे शहरों में तापमान 38-41 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ है। यहां भी अगले कुछ दिनों में लू चलने की संभावना है। पहाड़ी राज्यों हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में भी तापमान सामान्य से ऊपर जा रहा है। हालांकि, ऊंचाई वाले इलाकों में मौसम सुहावना बना हुआ है, लेकिन मैदानी हिस्सों में गर्मी ने अपनी पकड़ बना ली है।



## सोनिया गांधी को केंद्रीय मंत्री प्रधान का जबाव, एनईपी 2020 शिक्षा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक बदलाव

नई दिल्ली । केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के शिक्षा नीति को लेकर दिए बयान पर पलटवार किया है। दरअसल सोनिया गांधी ने हाल ही में मोदी सरकार पर शिक्षा क्षेत्र में केंद्रीकरण, कारोबारीकरण और सांप्रदायिकरण को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था। इसके जवाब में केंद्रीय मंत्री प्रधान ने कहा कि एनईपी 2020 शिक्षा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक बदलाव है, जो भारत को बौद्धिक उपनिवेशवाद से मुक्त करने की दिशा में बढ़ा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने एक अंग्रेजी अखबार में एक लेख के जरिए तर्क दिया कि पूर्ववर्ती सरकारों ने भारत की शिक्षा प्रणाली की काफी अनदेखी की, जिससे संस्थानों में भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन तेजी से बढ़ा। उन्होंने 2009 में हुए डीम्ड विश्वविद्यालय घोटाले का हवाला देकर कहा कि बिना उचित मूल्यांकन के कई निजी संस्थानों को विश्वविद्यालय का दर्जा दे दिया गया था, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता काफी प्रभावित हुई। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के दौरान सार्वजनिक विश्वविद्यालयों को धन की कमी का सामना करना पड़ा, और शिक्षा प्रणाली औपनिवेशिक मानसिकता में जकड़ी रही। केंद्रीय मंत्री प्रधान ने पाठ्यपुस्तकों में ऐतिहासिक तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद और वीर सावरकर जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को कम दिखाया गया, जबकि विदेशी आक्रमणों का महिमामंडन किया गया। उन्होंने कहा कि एनईपी 2020 इन पुरानी नीतियों से एक निर्णायक विराम है, और इसे व्यापक लोकतांत्रिक परामर्श के बाद लागू किया गया है। शिक्षा मंत्री ने महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर कहा कि 2014 के बाद से महिलाओं की उच्च शिक्षा में भागीदारी में जबरदस्त वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि महिला पीएचडी नामांकन में 135 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, और एसटीईएमएम क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी 43 प्रतिशत तक पहुंच गई है। इसके अलावा, सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाया जा रहा है।

## तमिलनाडु में नीट को लेकर 8 सालों में 20 परीक्षार्थियों ने की खुदकुशी

**राज्य की मुख्य पार्टियां भी हटाना चाहती हैं नीट, नहीं मिल रही सफलता**




**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु में पिछले आठ सालों में कम-से-कम 20 नीट के परीक्षार्थी खुदकुशी कर चुके हैं। राज्य की मुख्य पार्टियां भी नीट को हटाना चाहती हैं, लेकिन सफलता नहीं मिल रही है। तमिलनाडु में नीट की तैयारी कर रही एक छात्रा ने हाल ही में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक छात्रा ने साल 2021 में 12वीं की परीक्षा पास की थी। वह पिछले तीन सालों से नीट-यूजी की परीक्षा दे रही थी, लेकिन सफल नहीं हो सकी। इस साल 4 मई को होने वाली नीट की परीक्षा को लेकर वह तनाव में थी। इस घटना के बाद तमिलनाडु की विपक्षी पार्टी एआईएडीएमके के महासचिव के पलानीस्वामी ने सत्ताधारी पार्टी डीएमके को घेरा है। उन्होंने अपने एक्स पर लिखा- डीएमके ने यह कहकर कि अगर वह सत्ता में आई तो तमिलनाडु में नीट नहीं होगा, झूठ बोला है और छात्रों को धोखा दिया है। क्या नीट की वजह से लगातार होती मौतें डीएमके के लिए चिंता का विषय नहीं है? एक रिपोर्ट के मुताबिक तमिलनाडु में पिछले आठ सालों में 20 नीट प्रतियोगी खुदकुशी कर चुके हैं।

यह राज्य में एक बड़ा मुद्दा है। राज्य की दोनों बड़ी पार्टियां डीएमके और एआईएडीएमके नीट का विरोध करती हैं। दोनों पार्टियां राज्य विधानसभा में नीट के खिलाफ प्रस्ताव भी पारित कर हैं। एमबीबीएस और बीडीएस जैसे अंडर-ग्रैजुएट मेडिकल कोर्सों में दाखिले के लिए होने वाली नीट-यूजी प्रवेश परीक्षा में कक्षा 12वीं पास करने के बाद बैठा जा सकता है। इसके जरिए युवा विद्यार्थियों को देश के सरकारी और निजी चिकित्सा संस्थानों में दाखिला मिलता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पिछले दशक में मेडिकल सीटों के लिए होने वाली परीक्षा के प्रारूप में काफी बदलाव हुए। साल 2013 से पहले मेडिकल सीटों पर दाखिले के लिए कई परीक्षाएं होती थीं। कई राज्य और मेडिकल कॉलेज अपनी अलग परीक्षाएं करवाते थे। वहीं, केंद्रीय स्तर पर ऑल इंडिया प्री-मेडिकल टेस्ट लिया जाता था। साल 2013 में पहली बार नीट परीक्षा करवाई गई। इसके बाद के कुछ सालों में कई बदलाव और विवाद हुए जिसके बाद 2017 से हर साल नीट की परीक्षा करवाई जाने लगी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 2017 में एक दलित लड़की अनीता ने राज्य की बोर्ड परीक्षाओं में 1200 में से 1176 अंक हासिल किए लेकिन वह नीट में सफल नहीं हो सकी। उनका कहना था कि वह नीट को समझ नहीं पाई क्योंकि यह सीबीएसई बोर्ड के पाठ्यक्रम पर आधारित होता है और गरीब परिवार से आने के चलते वह कोचिंग नहीं ले सकती। अनीता सुप्रीम कोर्ट में नीट को चुनौती देने वाले एक मामले में याचिकाकर्ता भी थीं। जब सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि नीट के अलावा किसी और तरीके से मेडिकल सीट पर दाखिला नहीं दिया जाएगा, तो इस फैसले के नौ दिन बाद अनीता ने आत्महत्या कर ली थी।

आलोचकों का कहना है कि नीट के सीबीएसई के पाठ्यक्रम पर आधारित होने की वजह से इसमें तमिल बोर्ड के विद्यार्थियों को नुकसान उठाना पड़ता है। वे यह भी कहते हैं कि तमिलनाडु में बड़ी संख्या में विद्यार्थी तमिल भाषा में ही पढ़ाई करते हैं और वे नीट परीक्षा में अपनी पूरी क्षमता से प्रदर्शन नहीं करते हैं। इसके अलावा, यह तर्क भी दिया जाता है कि नीट की वजह से राज्य की शिक्षा प्रणाली पर नकारात्मक असर हो रहा है।

## सीएम योगी ने कहा- राजनीति मेरे लिए फुलटाइम जॉब नहीं... अखिलेश का तंज

**-बोले- योगी को राजनीति करनी ही नहीं चाहिए जो इसे पार्ट टाइम समझते हैं**



**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ का कहना है कि राजनीति उनके लिए फुलटाइम जॉब नहीं है। उन्होंने कहा कि पार्टी के नेतृत्व ने मुझे यूपी की जनता के लिए काम करने की जिम्मेदारी सौंपी है। मैं असल में एक योगी हूं, राजनीति मेरे लिए फुलटाइम जॉब नहीं है। योगी की इस बात पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक्स पर एक पोस्ट लिखकर तंज कसा है। अखिलेश यादव ने लिखा- दरअसल उनको राजनीति करनी ही नहीं चाहिए जो इसे पार्ट टाइम समझते हैं क्योंकि 'सच्ची राजनीति सेवा का क्षेत्र' होती है, जिसके लिए दिन के 24 घंटे और पूरा जीवन भी कम होता है। योगी इससे पहले भी कह चुके हैं कि वह पहले गोरक्षपीठ के महंत हैं और उसके बाद उन्हें सीएम की जिम्मेदारी मिली थी। उन्होंने अपनी सरकार के 8 साल पूरे होने के मौके पर यह बात कही थी।

वक्फ बिल को लेकर योगी ने कहा कि हर अच्छे काम का विरोध होता है। कोई एक काम भी वक्फ बोर्ड गिना सकता है क्या कि उसने समाज के कल्याण के लिए कोई काम किया है। ये सब व्यक्तिगत स्वार्थ के अड्डे बने हैं। सरकारी संपत्ति पर काबिज होने के ये जरिया बने हुए हैं। हर सुधार का विरोध होता है, लेकिन देश, काल और परिस्थिति के मुताबिक हमें बदलाव के लिए तैयार रहना चाहिए। इसका लाभ मुस्लिम समुदाय को होगा और कानून-व्यवस्था का जो संकट खड़ा है, उससे भी मुक्ति मिलेगी।

हिंदू मठ और मंदिर तो गोशाला, कैंटीन, अस्तपाल चलाते हैं, वक्फ क्या कर रहा आप हिंदू मठ-मंदिरों को देखते हैं तो वे अपने सीमित संसाधनों से ही वेलफेयर के काम करते हैं। सरकारों से कोई सहयोग नहीं मिलता। फिर भी वे गोशाला, स्कूल, कैंटीन, मेडिकल कॉलेज और अस्पताल जैसे तमाम संस्थान चलाते हैं। गरीब बच्चों को स्कॉलरशिप देते हैं। किसी वक्फ बोर्ड ने आज तक कोई ऐसा काम किया है क्या।

ये लोग जिस संपत्ति को भी कह देते हैं कि वह वक्फ की है, उसे उनका मान लिया जाता है। यह कहां का क्या न्याय है। किसी भी संपत्ति पर कब्जे की प्रवृत्ति बंद होनी चाहिए और वक्फ का ऑडिट होना चाहिए। पता चलना चाहिए कि उससे समाज के लिए क्या काम हुआ है। समाज की बात छोड़िए। यही बता दें कि आखिर मुसलमानों के लिए ही उन्होंने क्या किया है।

# 4 अप्रैल से मौसम में आएगा बदलाव, तेज हवाओं व बारिश की चेतावनी जारी

**-गुजरात के कच्छ और भावनगर में लू का येलो अलर्ट जारी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात में इस समय मौसम बड़ा असीब हो रता है। राज्य के कुछ हिस्सों में तापमान तेजी से बढ़ रहा है, जो परेशानियों का कारण बन रहा है, जबकि कुछ इलाकों में बेमौसम बारिश की संभावना ने मौसम को और भी जटिल बना दिया है। दक्षिण गुजरात के कई इलाकों में मौसम ने अचानक करवट ली है, और यहां बेमौसम बारिश का अलर्ट जारी कर दिया है।

साथ ही, कच्छ और भावनगर जैसे क्षेत्रों में लू चलने की चेतावनी जारी की गई है। यह मौसम का दोहरा रूप राज्य के नागरिकों को तैयार रहने के लिए कहता है, क्योंकि कुछ स्थानों पर तेज हवाओं और बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने बुधवार 2 अप्रैल के लिए कच्छ और भावनगर में लू के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा, साबरकांठा, महिसागर, दाहोद, वडोदरा, सूरत, तापी, और कई अन्य जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना जताई गई है। इस दौरान तेज हवाएं भी चल सकती हैं, जो मौसम को और चुनौतीपूर्ण बना सकती हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक 4 अप्रैल तक राज्य में तापमान सामान्य होने की संभावना है, लेकिन तब तक लोगों को अत्यधिक गर्मी और 17 जिलों में बेमौसम बारिश का सामना करना पड़ सकता है। गुजरात के मौसम के इस बदलाव के बीच, यह जरूरी है कि लोग अपने स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सतर्क रहें। वहीं, राजस्थान में 4 अप्रैल को मौसम में बड़ा बदलाव हो सकता है। राज्य के 15 जिलों में बारिश और आंधी की संभावना है। इन जिलों में तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हो सकती है। यह बदलाव राजस्थान में बढ़ती गर्मी से राहत दिला सकता है, लेकिन इसके साथ ही मौसम में अस्थिरता भी आ सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक 5 अप्रैल को फिर से मौसम में बदलाव होगा और तापमान में वृद्धि हो सकती है।

राजस्थान में 1 से 3 अप्रैल के बीच राज्य के दक्षिण-पूर्वी इलाकों में बादल छाए रहेंगे, जबकि उत्तर राजस्थान में हल्की से तेज हवाएं 20-30 किमी/घंटा की रफ्तार से चल सकती हैं। 2 अप्रैल को बारां, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, झालावाड़ और कोटा में बारिश की संभावना है, जबकि 3 अप्रैल को अजमेर, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, दौसा, जयपुर, झालावाड़, करौली, कोटा, सवाई माधोपुर और टोंक में बारिश के साथ गर्जन और वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है। इन क्षेत्रों में मौसम में अचानक बदलाव आ सकता है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**